स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, मंगलवार
15 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -233 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net
web portal : swatantrabharat.net

अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना





**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 36⁰ |
| न्यूनतम तापमान | - 23⁰ |
| सूर्योदय | - 05:42 |
| सूर्यास्त | - 06:30 |

आसमान साफ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ कानून के विरोध पर कोर्ट का सम्मान

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि विधानसभा स्पीकर अब्दुल रहीम राथर द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पर विधानसभा में बहस करने की अनुमित न दे एक अच्छा फैसला था। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उक्त मामला अदालत में विचाराधीन है और अभी इस पर अदालत का फैसला आना बाकी है। नेकां अध्यक्ष ने यह बात सोमवार को कही। फारूक ने कहा कि हम वक्फ बिल का विरोध करते हैं लेकिन चूंकि यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। लिहाजा हम न्यायालय का फैसला आने तक इस पर कोई बहस या बात नहीं करेंगे।

### बिहार के एक और पुल में दरार

**पटना।** पटना में गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार कारण इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना है। दरअसल नौ अप्रैल को लोकार्पण के चार दिन बाद ही दीदारगंज के पास जेपी गंगा पथ पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। अब सोशल मीडिया पर तेजी से इससे जुड़ी तस्वीर वायरल हो रही है। लोग गंगा पथ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि चुनावी साल में जल्दबाजी में कंगनघाट से दीदारगंज तक गंगा पथ का लोकार्पण किया गया। इसलिए तेजी में सरकार ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा।

### बीजापुर में मिले पांच आईईडी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए, जिनके बारे में संदेह है कि इन्हें नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए लगाया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी मनकेली गांव के पास कच्चे रास्ते पर मिले। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में वर्चस्व और बारूदी सुरंगों को हटाने के अभियान के दौरान आईईडी का पता लगाया।

**सीएम योगी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर की घोषणा**

# बाबा साहेब के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा। यह कार्यक्रम इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर गरीब-

### 14-15 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए पीएम मोदी की प्रेरणा से सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। वह सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त हो। पिछले 8 वर्ष में मुसहर, थारू, वनटांगिया, कोल, बुक्सा, चेरो, गोड़, सहरिया को पूरी तरह से सेचुरेट करने का कार्य किया गया। हर जरुरतमंद को सुविधाओं का लाभ दिलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर अंबेडकर महासभा की तरफ से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। उन्होंने स्मारिका का भी विमोचन किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी। डबल इंजन सरकार उन्हें वह सुविधा उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि यह योजना इसलिए बाबा साहेब के नाम पर जानी जाएगी, क्योंकि देश में शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से समुन्नत करने का दर्शन उन्होंने ही दिया था। यूपी देश का पहला राज्य होगा, जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबासाहेब को कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के सपने को साकार करने का प्रयास पहली बार अटल जी ने प्रारंभ किया, उसे नई गति दी पीएम मोदी ने। शैक्षणिक हो या आर्थिक, हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। पीएम मोदी ने इसे आगे बढ़ाया। दुनिया में भारत एक मात्र ऐसा देश है, जिसने कोरोना में भी हर नागरिक को उसका अधिकार दिलाया।

### 30 हजार से अधिक युवाओं को दिया गया ऋण

सीएम युवा उद्यमी अभियान की चर्चा करते हुए योगी ने बताया कि यह योजना युवाओं और खासतौर पर एससी-एसटी व अतिपिछड़ी जाति से जुड़े युवाओं के लिए लाई गई है। अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को बैंकों से ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। आने वाले समय में हम प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को इस सुविधा से जोड़ने वाले हैं।

# भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 65

### भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद कार्रवाई

साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय मुंबई की एक अदालत की ओर से उसके खिलाफ जारी किए गए दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। वारंट 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 की तारीख के थे। हालांकि, मेहुल चोकसी के खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों की वजह से आशंका जताई जा रही है कि पुलिस उसे ज्यादा देर तक जेल में नहीं रख पाएगी और उसे जमानत मिल सकती है।



मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में करीब 13 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पीएनबी में घोटाला सामने आने से कुछ हफ्ते पहले वह जनवरी 2018 में भारत से भाग गया था।

### 2018 में दर्ज हुआ था ऋण धोखाधड़ी का मामला

मेहुल चोकसी, नीरव मोदी, उनके परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों, बैंक अधिकारियों और अन्य पर सीबीआई और ईडी ने 2018 में मुंबई में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ब्रैडी हाउस शाखा में कथित ऋण धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। आरोप था कि चोकसी, उनकी कंपनी गीतांजलि जेम्स और अन्य ने कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके धोखाधड़ी की और एलओयू (अंडरटेकिंग लेटर) जारी करवाए। इस दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना एफएलसी (विदेशी ऋण पत्र) को बढ़ाया और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया।

## भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए काम करे समाज

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन मधुकर भागवत ने कहा है कि हम आपसी मतभेद में उलझ गए, जिसका फायदा विदेशी आक्रांताओं ने उठाया, भारत को लूटा

### भागवत बोले हिंदू समाज का घर है भारत

और पीटा भी। संघ का कार्य समाज का है। सरसंघचालक ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहता है उनकी जवाबदेही बनती है पूछा जाएगा कि उन्होंने भारत के लिए क्या किया। हिंदू समाज को इसके लिए तैयार करना है। भारत में हिंदू समाज के संगठन का कार्य संघ कर रहा है।



बाबा साहब को जीवन में बड़ी विषमताओं का सामना करना पड़ा। बचपन से विषमता का सामना किया। उन्होंने जीवन भर हिन्दू समाज को एकत्र करने के लिया प्रयास किया। सर संघचालक डॉ. मोहन मधुकर भागवत ने सोमवार को कारवालोनगर में नवनिर्मित प्रदेश के पहले संघ भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को कार्य करना होगा। भारत हिंदू समाज का घर है। संघ जीवन है। संघ का कार्य सबके जीवन में शुचिता और करुणा लाना है। भागवत ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को विषमता से बाहर लाने का काम किया। डॉ. आंबेडकर जब महाराष्ट्र में कराड़ में शाखा में जब शामिल हुए तो उन्होंने कहा था कि कुछ बातों में हमारे संघ के बीच मतभेद है, फिर भी मैं इसमें आत्मीयता देखता हूं।

## तब देखा ब्लैक आउट, अब निर्यात हो रही बिजली

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो 'ब्लैकआउट' (बिजली गुल होने) की स्थिति थी लेकिन

### पीएम मोदी का कांग्रेस पर वार

पिछले एक दशक में भारत का बिजली उत्पादन दोगुना हो गया है। पीएम मोदी ने यहां दीनबंधु छोटू राम ताप विद्युत संयंत्र में 800 मेगावाट की अत्याधुनिक ताप विद्युत इकाई की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' की



'डबल स्पीड' देख रहा है। मोदी ने कहा, कांग्रेस मॉडल पूरी तरह झूठ साबित हुआ है क्योंकि यह केवल सत्ता (जीतने) पर केंद्रित है। भाजपा मॉडल सत्य पर आधारित है। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासित राज्यों में लोगों को धोखा दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में लोग परेशान हैं क्योंकि सभी विकास कार्य ठप हैं, जबकि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के तहत बिजली से लेकर दूध तक सब कुछ महंगा हो रहा है।

इसके बाद हिसार में पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक का वायरस फैला रही है। वक्फ कानून पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की देन है जिसे मुसलमान का नुकसान हुआ था। वक्त कानून के नाम पर गरीबों से लूट की गई जो अब नए कानून के जरिए बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा है कि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही एससी और एसटी समुदाय पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## अरब सागर में पकड़ी गई 1800 करोड़ की ड्रग्स

**अहमदाबाद।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को एक बड़ा झटका देते हुए, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं जिनकी कीमत लगभग 1800 करोड़ रुपये है। यह अभियान काल्पनिक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास समुद्र में चलाया गया। उत्तर महाराष्ट्र-दक्षिण गुजरात समुद्री क्षेत्र में एक बहु-मिशन भूमिका में तैनात एक आईसीजी जहाज को संदिग्ध जहाज को रोकने के लिए डायवर्ट किया गया था। आईसीजी जहाज ने आईएमबीएल के पास लक्ष्य नाव को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। संदिग्ध नाव ने मादक पदार्थों की खेप को समुद्र में फेंकने का प्रयास किया और आईएमबीएल की ओर भाग गई। आईसीजी पोत ने तुरंत अपनी समुद्री नाव टीम को छोड़े गए प्रतिबंधित पदार्थ को बरामद करने के लिए भेजा और साथ ही भागते हुए जहाज का पीछा भी किया।

## नई तकनीक पर खर्च होगा 10000 करोड़ का स्टार्टअप फंड

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये की दूसरी फंड ऑफ फंड्स योजना (एफएफएस) से जुड़ा बड़ा एलान किया है। सरकार के अनुसार, इसका एक बड़ा हिस्सा नये युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन निर्माण जैसे क्षेत्रों के उभरते उद्यमियों को आवंटित किया जा जाएगा। बजट में सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। एक अधिकारी ने कहा, हम 10,000 करोड़ रुपये के इस फंड का बड़ा हिस्सा नए युग की

### एआई जैसे क्षेत्रों को मिलेगी मदद

### 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई थी स्टार्टअप इंडिया पहल

तकनीक, एआई और मशीन निर्माण के लिए समर्पित करने जा रहे हैं। वर्ष 2016 की यह योजना घरेलू उद्यमों में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की ओर से किया जाता है। इसके तहत भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत एआईएफ (वैकल्पिक निवेश कोष) को पूंजी प्रदान की जाती है, जो बदले में स्टार्टअप्स में निवेश करते हैं। नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के इरादे से सरकार ने 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 200 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हिंसा जारी है। इसके बाद अब हालात को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 200 को पार कर गई है, राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस सिलसिले में सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) जावेद शमीम ने पुष्टि की है कि इस मामले में गिरफ्तारियां 200 से अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में अशांत इलाकों में स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने आगे कहा, अशांत इलाकों में लगातार रूट मार्च किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। दुकानें और प्रतिष्ठान खुलने लगे हैं। जावेद शमीम ने आगे कहा कि दूसरे राज्यों के कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा स्थिति के बारे में अफवाह फैलाने की कोशिश की जा रही है और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।


# राम मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है। सतुआ संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के

### 16 अन्य मंदिरों पर भी होगी स्थापना

मुख्य शिखर पर कलश पूजन विधि शुरू करके कलश स्थापित किया गया। तीन वैदिक आचार्यों ने कलश पूजन कराया। राम मंदिर समेत जन्मभूमि परिसर में बन रहे अन्य 16 मंदिरों के शिखर पर भी अब कलश स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जैसे-जैसे मंदिर के शिखर तैयार होते जाएंगे, उन पर कलश भी स्थापित होता जाएगा।

राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि राम मंदिर के संपूर्ण परिसर में भवन निर्माण समिति की ओर से किए जा रहे काम छह महीने में समापन की तरफ बढ़ रहे हैं। तीन आवश्यक कार्य ऐसे हैं, जिनको शुरू किया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा किसी भी तरीके के नए निर्माण का काम नहीं किया जाएगा। प्रमुख



रूप से तत्काल सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण होना है, जो लगभग चार किलोमीटर लंबी है और इसे 18 महीने में तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण इंजीनियर इंडिया लिमिटेड की ओर से किया जाएगा।

राम मंदिर की सुरक्षा दीवार के लिए ऊंचाई और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। मिट्टी के सॉइल टेस्ट के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर में यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसको लेकर राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ भूमि पर शू रैक और 62 काउंटर बनाए जा रहे हैं। इसमें यात्री अपनी सुविधा से सामान रख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ पर साधना स्थल या यूं कहा जाए कि एक पार्क बनाया जा रहा है। इसका धार्मिक गतिविधि में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पार्क में रामभक्त अपने आराध्य का पूजन अर्चन राम जन्मभूमि परिसर में कर सकेंगे। इसके साथ ही इस पार्क को कुबेर टीला स्थित पार्क से मिलाया जाएगा ताकि दोनों स्थलों पर हरियाली बनी रहे।

### अब अमृतपाल को सीएम बनाने की तैयारी

**चंडीगढ़।** अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने अमृतपाल सिंह को अगला सीएम उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया है। पार्टी ने तलवंडी साबो में आयोजित बैसाखी कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की। फरीदकोट सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले डेढ़ साल तक अमृतपाल सिंह का प्रचार करने की अपील की है। पंजाब की खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह फिलहाल असम की जेल में बंद हैं। उन्हें राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने की चर्चाएं तेज हो रही हैं। पंजाब में अगले विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं।

### सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

### कांग्रेस की उपाध्यक्ष बनेंगी प्रियंका गांधी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। प्रियंका पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं। हालांकि भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है।


# अब बना चावल के दाने जितना छोटा पेसमेकर

**नई दिल्ली।** हृदय रोगों के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। हर साल हृदय से संबंधित बीमारियों के चलते लाखों लोगों की मौत हो जाती है। हाल के वर्षों में

### बिना सर्जरी के शरीर में होगा फिट

विशेषकर, कोविड महामारी के बाद हृदय से संबंधित जटिलताओं जैसे हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर के मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

आधुनिक चिकित्सा और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार ने हृदय से संबंधित गंभीर जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी तकनीक विकसित कर ली है जिससे रोगियों का उपचार पहले की तुलना में अब आसान हो सकता है, हालांकि इसके उपयोग के लिए जरूरी है कि बीमारी का समय पर निदान हो सके।



मेडिकल क्षेत्र में नवाचार के इसी क्रम में अब वैज्ञानिकों को और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक अतिसूक्ष्म पेसमेकर बनाया है जिससे दिल के मरीजों को विशेष लाभ मिल सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसका आकार चावल के दाने जितना छोटा है और अब तक जिस तरह से पेसमेकर लगाया जाता रहा है उससे इतर इसे आसानी से इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है। नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने एक ऐसा पेसमेकर विकसित किया है जो इतना छोटा है कि इसे सिरिंज की नोंक के अंदर फिट किया जा सकता है। इसके अलावा बिना किसी सर्जरी या चीर-फाड़ के आसानी से शरीर में इंजेक्ट भी किया जा सकता है। खास बात ये भी है कि यह सभी आकार के दिलों के लिए काम कर सकता है। जन्मजात हृदय दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा है।

### क्या है पेसमेकर का इस्तेमाल

पेसमेकर एक छोटा सा उपकरण होता है जिसे शरीर में इंप्लांट (प्रत्यारोपित) किया जाता है, ये हृदय को नियमित गति और लय में धड़कने में मदद करता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से ऐसे लोगों के इलाज के लिए किया जाता रहा है जिन्हें एरिथमिया (दिल की धड़कन में अनियमितता) की समस्या होती है। कुछ लोगों के दिल की धड़कन बहुत तेज या बहुत कम हो जाती है, इसे नियमित करने के लिए भी पेसमेकर का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

## आप जिलाध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबगंज उन्नावः बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर कई स्थानों पर लोगों ने श्रद्धांजलि देकर बाबा की जयंती मनाई। वहीं आम आदमी पार्टी उन्नाव जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने नवाबगंज के ग्राम पंचायत महनौरा के मजरा बुढ़नखेड़ा व रसूलपुर सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अपराधियों पर पुलिस की कड़ी नजर

### थानों में बुलाकर हो रहा सत्यापन, एसपी के निर्देशपर चल रहा आपरेशन दस्तक

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाए रखने के उद्देष्य से पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देष पर आपरेषन दस्तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में षातिर अपराधियों और हिस्ट्रीषीटरों की पहचान कर उनका सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस अपराधियों के वर्तमान पते, गतिविधियों और संपर्कों की जांच कररही है। थानों में बुलाए गए अपराधियों को चेतावनी दी जा रही है कि भविष्य में अपराध करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस उनसे रोजगार और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि यह अभियान अपराधियों पर नजर रखने की एक रणनीति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज में शांति और सुरक्षा के लिए कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। गंगाघाट,सफीपुर, पुरवा, बांगरमऊ और अजगैन थानों में यह अभियान चल रहा है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोज अपराधियों की सूची बनाएं और उनसे व्यक्तिगत बातचीत करें। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से अपराध में कमी आएगी और नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिलेगा।

## बाबा साहब की शोभायात्रा का स्वागत

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों से निकली शोभायात्रा का स्वागत गांधीनगर तिराहा निकट सेल्फी प्वाइंट पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के आयोजक उ.प्र.मा.शि.संघ (चंदेल गुट) के जिला मंत्री रामशंकर ने पांडाल लगाया। शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया साथ ही राहगीरों को भी मिष्ठान एवं जल वितरण किया। कार्यक्रम में हरिहरप्रसाद दीक्षित, सत्यनारायण सिंह, रमेंश चंद्र गुप्ता, चंद्र प्रकाश शुक्ल, दिनेश कुमार, विजय सोनकर, रमेश कुमार गौतम, रंजीत सिंह, अमरनाथ, हृदयराम वर्मा, रामआसरे, पारितोष कुमार, विनेश कुमार, रामसरन, स्पर्श सिंह, लक्ष्य, बाबूलाल, भगवती प्रसाद, अमृतलाल, किशन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिक्षक संघ का प्रान्तीय सम्मेलन 15 से बरेली में

उन्नावः उ.प्र.मा.षि.संघ (चंदेल गुट) का प्रांतीय सम्मेलन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक संजय गांधी कम्युनिटी हाल सिविल लाइन बरेली में आयोजित किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित एवं मंत्री रामषंकर ने सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में षिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा होगी तथा उसी पर प्रस्ताव पारित कर अगली रणनीति तैयार की जाएगी। रमेष चंद्र गुप्ता ने कहा कि षिक्षक अपने अधिकारों के साथ ही संगठनके प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक हों।

## बीघापुर में ट्रैक्टर ट्राली और डीसीएम की टक्कर

उन्नावः बीघापुर कोतवाली के पास रविवार को देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली और एक डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक रघुनाथ (कल्लू पासी का पुत्र) घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली गलत दिशा में चल रही थी। टक्कर में ढंके हुए डीसीएम को नुकसान पहुंचा। हालांकि ट्रैक्टर ट्राली को अधिक क्षति हुई है। बीघापुर कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को राजमार्ग से हटवाया। इसके बाद यातायात सामान्य कर दिया गया।

## सहन की सफाई को लेकर पड़ोसियों में विवाद

### पति-पत्नी पर लाठी डंडो से किया हमला, केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः बिहार थाना क्षेत्र में सहन की सफाई को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मेड़ीलाल खेड़ा के रहने वाले अमर बहादुर रविवार सुबह अपने सहन की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी गुड्डू और उनके परिवार के लोगों ने गाली गलौच शुरू कर दी। मामला बढ़ने पर गुड्डू और उनके साथियों ने अमर बहादुर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जब पत्नी अपने पति को बचाने आई तो उन पर भी हमला कर दिया गया। इस हमले में अमर बहादुर के सर में चोट आई और अन्य शारीरिक चोटें भी आईं। पीड़ित अमर बहादुर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चार करोड़ से संवरेगा शहर, हटेंगे कब्जे, चौड़े होंगे फुटपाथ

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः शहर को चार करोड़ रुपये से संवारा जाएगा। अवैध कब्जे हटाकर फुटपाथों को इंटरलाकिंग बिछाकर चौड़ा किया जाएगा। अस्थाई दुकानों के लिए वेंडिंग जोन बनेगा। काम होने के बाद जाम की समस्या काफी हद तक दूर होगी। जगह-जगह लाइटें भी लगाई जाएंगी। डीएम की पहल पर कमिश्नर ने कार्य योजना को मंजूरी दी है। शहर के वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइंस में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, नहर निरीक्षण भवन में अक्सर वीआईपी का आवागमन होता रहता है। इस क्षेत्र में सभी प्रमुख प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों के आवास और न्यायालय भी हैं। विकास कार्य न होने से यह वीआईपी क्षेत्र केवल कहने भर का है। इसके सुंदरीकरण के लिए जिला प्रशासन ने योजना बनाई है।

## बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि: प्रेमप्रकाश मीणा

**बाबा साहब ने भारतीय संविधान को नई दिशा दी: विधायक पंकज गुप्ता**

**राजकीय सम्मान के साथ मनाई गई डा.अंबेडकर की जयंती**



चित्र परिचय: विकास भवन में जयंती के अवसर पर सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा, विधायक पंकज गुप्ता व अन्य,तथा महिला कल्याण विभाग में जयंती मनाते कर्मचारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** उन्नावः डा.भीमराव राम जी अंबेडकर की 134वीं जयंती को पूरे जिले में राजकीय सम्मान के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट , विकास भवन, पुलिस लाइन, न्यायालय, महिला कल्याण विभाग के वन स्टाप सेंटर सहित सभी तहसीलों व विकास खंडों में भी गोष्ठियां आयोजित कर अंबेडकर जी के जीवनवृत्त व योगदान पर प्रकाश डाला गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा वन स्टाप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महिलाओं को बेबी केयर किट वितरित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ विधायक सदर पंकज गुप्ता द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की मौजूदगी में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा और नई गति देने एवं भारत में संविधान निर्माण में बाबा साहब का अतुलनीय योगदान है। बाबा साहब ने नारी शक्ति श्रमि, दलित आदि सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखकर काम किया है। हमारी वर्तमान सरकार एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने् को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। महापुरुषों की जयंती मनाने की सार्थकता तभी सिद्द होगी जब हमस ब उनके आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों से भरा हुआ है। उनका जीवन संघर्ष विषम परिस्थितियों में बीता इसके बावजूदं उन्होंने प्रयास नहीं छोड़ा और अनेक उपलब्धियां हासिल कर देश के कीर्तिमान को विश्व पटल पर अंकित किया। बाबा साहेब ने पूरी दुनिया को विभिन्न तरीकों से अपना योगदान दिया। हम सभी लोग भी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक कर तथा उनके सुझाए गए रास्तों पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि,रा.सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विकास कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विधेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आनंद कुमार नायक, डिप्टी कलेक्टर रामदेव निषाद, जिला प्रोवेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## जयंती पर पुलिस अधीक्षक ने दी श्रद्धांजलि

### बाबा साहब के जीवन पर की विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः भारत रत्न डा.भीमराव राम अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जयंती कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने बाबा साहब द्वारा बताए गए दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेष सिंह, क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह व नगर के समस्त पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

## सरैया क्रासिंग पर ओवरब्रिज का काम शुरू

### 15 अप्रैल से 14 अगस्त तक भारी वाहनों का आवागमन बंद

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरैया क्रासिंग पर फेरलेन रेल ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हो गया है। रेलवे विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड इस प्रोजेक्ट को मिलकर पूरा करेंगे। निर्माण कार्य के दौरान 15 अप्रैल से 14 अगस्त तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने जाम से बचने के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया है। उन्नाव से मंधना, बिठूर या गंगा बैराज जाने वाले हल्के वाहनों को सहजनी मोड़ स्थित क्रासिंग संख्या 39 से होकर यूपीसीडा गेट नंबर 2 के रास्ते से जाना होगा। वैकल्पिक मार्ग पर दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नए रूट का पालन करें। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्माण स्थल और वैकल्पिक मार्ग पर पुलिस तैनात की जाएगी। रात में प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज बनने से जाम की समस्या खत्म होगी। यात्रा का समय कम होगा और दुर्घटनाएं भी कम होंगी।

## 111 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बांगरमऊ उन्नावः** ऐतिहासिक बाबा बोधेष्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार को सुंदरेष्वरी सेवा समिति भड़सर नौषहरा के तत्वावधान में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया। जिसमें समिति के संरक्षक एवं स्थानीय संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य पं.शशिनाथ अवस्थी ने अपने सहयोगी आचार्य द्वारा 111 बटुकों का संस्कार संपन्न कराया। स्थानीय प्रमुख समाजसेवियों की मदद से आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में सभी बटुकों को भरूआ खिलाई गई। फिर सभी बटुकों का मुंडन कराया गया। अंत में बेदी पर बैठाकर बटुकों ने यज्ञ में आहूतियां देने के साथ ही भगवान शिव के समक्ष गायत्री मंत्र की दीक्षा प्राप्त की। यज्ञोपवीत संस्कार संपूर्ण होने पर सभी बटुकों एवं उनके परिजनों तथा आचार्यो के लिए विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों के अलावा लखनऊ, हरदोई, कानपुरव दिल्ली आदि सुदूर शहरों एवं जिलों के बटुकों ने भाग लिया। आयोजन संपन्न कराने में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष रामजी गुप्ता, सपा नेता डा.शशांक शेखर शुक्ला, सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी एडवोकेट, मुन्नूसिंह भंडारी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ल एडवोकेट, विनोद दीक्षित, राजू मिश्रा, ओमनारायण श्रीवास्तव, अशोक त्रिवेदी, आशीष सिंह, गोलू भैया, अमरेंद्र अवस्थी, सोनू अवस्थी, उपेंद्र अवस्थी तथा सुधीर कुमार मिश्र आदि ने सहयोग किया।

## जयंती पर याद किए गए डा.भीमराव अंबेडकर






**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः** भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। प्रेमगंज स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्वाह्न करीब 11 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई। सभासद सुनील गौतम, सुशील गौतम, डाक्टर हरिपाल गौतम व शिवराज गौतम आदि की अगुवाई में प्रेमगंज से प्रारंभ शोभायात्रा जय भीण के उद्घोष के साथ स्टेशन रोड होते हुए हरदोई उन्नाव मार्ग पर पहुंची। यहां से लखनऊ रोड चौराहा होते हुए नगरपालिका परिषद कार्यालय तक शोभायात्रा पहुंची।यहां से पुनः हरदोई उन्नाव से होकर बाईपास मार्ग स्थित बुद्ध विहार पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, सपा नेता डाक्टर मुन्ना अल्वी, सभासद राहुल शुक्ल, सभासद आशीष गुप्ता, अजय गौतम, गुड्डू गौतम व अंकित गौतम सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी संविधान निर्माता की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, प्रोफेसर शकील अहमद, मौलाना मासूम अली, मौलाना अब्दुल वारिस, हाफिज इस्लामुद्दीन, हाफिज लाल मोहम्मद, ताजुद्दीन अंसारी, मौलवी वलीदाद खान, फजलुर्रहमान, अनवर कुरैशी, सरकार खां सिक्की, इसरार खान सभासद, हफीज सभासद, आफाक खान, अयान खान व सद्दाम आदि ने लखनऊ रोड चौराहा पर शिविर लगाकर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया और जलपान कराया।

**हसनगंज और बारा सगवर में अंबेडकर जयंती मनी** उन्नावः थाना हसनगंज में डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोतवाली में कोतवाली प्रभारी संदीप कुमार शुक्ल ने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने भी श्रदांजलि अर्पित की। विकास खंड हसनगंज परिसर में पूर्व ब्लाक प्रमुख धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने अंबेडकर की मूर्ति पर माला अर्पित की। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मीरा यादव और खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित थे। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ब्लाक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वे विकास संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन और निगरानी करते हैं। साथ ही सरकारी योजनाओं के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी भी संभालते हैं। इसी तरह तरह ब्रा सगवर थाने में 14 अप्रैल को भ्रात रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र और उनकी टीम ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने बाबा साहब के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मिश्रा ने सभी पुलिसकर्मियों को डा.अंबेडकर के सिदांतों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर दोनों थानों के थानाध्यक्ष और सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## एक उम्मीद संस्था के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष ने बताई बाबा साहब की नीतियां



**माती कानपुर देहात** संस्था एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में संविधान प्रणेता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बेहद ही श्रद्धाभाव से मनाई गईए प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीता यादव द्वारा जिले के सिखमापुर सभापुर जुनैदपुर सहित अनेकों गांवों में अपनी टीम संग पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए गए इस दौरान उन्होंने अलग अलग स्थानों पर विशाल रैलियां भी निकालीए उन्होंने कहा कि बाबा साहब उन गरीबों शोषितों और दलितों सहित वंचितों को उनके अधिकार दिलाने में समर्पित रहे जिन्हें बड़ी हीन भावना से देखा जाता रहा है इसलिए अब केवल इतने से काम नहीं चलेगा कि 14 अप्रेल आता तो उन्हें याद कर लिया बल्कि जागरूकता के इस दौर में सभी को बाबा साहब की नीतियां समझानी होगी तभी इस दिवस की सार्थकता में वृद्धि होगी उन्होंने सभी को संविधान शिल्पी की जयंती पर शुभकामनाएं भी प्रदान की। सभी समुदायों और सभी धर्मो को बराबरी का सम्मान देने में समर्पित संस्था एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति का नाम सोमवार को पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा संस्था की तेज़ तर्रार प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव पूरा दिन अपनी टीम के साथ जिले के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा करती रहीए संविधान प्रणेता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए हुए एक से दूसरे गांव को पूरा दिन आवागमन बनाए रही विभिन्न स्थानों पर उन्होंने रैलियों का भी भव्य आयोजन कियाए बाबा साहब के जीवन वृत अष्टक संबंधित आवश्यक पठन पाठन सामग्री बच्चों में वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी को इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को उसके घर के आसपास ही आसन एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराकर संविधान प्रणेता को हम सच्ची श्रद्धांजलि देंगे उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जीवन पर्यंत दवे कुचले दीन दुखियों की आवाज को बुलंद करने का काम किया है आज यदि समानता की बात की जा रही है तो यह बाबा साहब की ही देन है उन्होंने कहा कि बाबा साहब किसी एक जाति धर्म या मजहब के नहीं थे वह तो सभी के लिए समानता के अधिकार की वकालत करते थे डॉक्टर सीता यादव द्वारा सभी को बाबा साहब की जयंती पर अपनी ओर से शुभकामनाएं भी प्रदान की गई कार्यक्रमों के दौरान मूसानगर बिबियापुर चांदपुर पुरंदर जरसेन गौर बरौर आदि स्थानों का दौरा किया इस दौरान उनके साथ जुबेर कुरैशी असद कुरेशी वाहिद खान महेंद्र पाल बनारसी बाबू पाल जगत सिंह यादव अंकित यादव मोहित यादव ऋषभ यादव सुमित यादव सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## जब तक अंतिम पंक्ति का व्यक्ति महसूस ना करें तब तक न्याय रहेगा अधूरा- जितेंद्र



**माती कानपुर देहात** न्याय तब तक अधूरा है जब तक अंतिम पंक्ति का व्यक्ति उसे महसूस न कर सके।इस लिए न्याय निर्णय होने से से ज्यादा न्याय निर्णय हुआ यह दिखाई पड़ना जरूरी है तभी बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की संविधान प्रदत्त विधिक अधिकारों का वास्तविक प्रवर्तन संभव होगा।यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने सरवनखेड़ा विकासखंड स्थित बिल्टी गांव में सिविल बार एसोसिएशन के तत्वावधान में बाबा साहब के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते डुए एक समृद्ध और समान समाज का निर्माण हो सकता है। जितेन्द्र चौहान ने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाते हुए जाति प्रथा को समाप्त करने के लिए हमें अपनी सोच और भावना में बदलाव लाना होगा न कि केवल व्यवस्था में।देश की वर्तमान राजनीति उनके आदर्शो के दुरुपयोग पर चर्चा करते हुए जितेन्द्र चौहान ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल उनकी विचारधारा और आदर्शों को दूषित मानसिकता से गलत ढंग और छलावे से उसका दुरूपयोग राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे। जो देश व सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है।महामंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ला ने कहाकि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के संदेशों का दुरुपयोग रोकने के लिए हमें उनके आदर्शों और विचारों को समझना होगा और उन्हें सही तरीके से अपनाना होगा। कहाकि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते डुए एक समृद्ध और समान समाज का निर्माण हो सकता है।एक विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह चंदेल ने अपने विचार रखते हुए कहाकि बाबा साहब ने महिलाओं के सामाजिकए आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए काम किया। उनका मानना था कि महिलाओं के बिना समाज का सुधार और विकास नहीं हो सकता।एक एनजीओ संचालक अधिवक्ता प्रांशु सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को बहुत महत्व दियाएऔर उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे समाज की सबसे गहरी बेड़ियों को तोड़ा जा सकता है।संस्था के कोषाध्यक्ष परितोष सिंह चंदेल ने संचालन करते हुए कहाकि डॉण् भीमराव अम्बेडकर एक महान नेता थे जिन्होंने भारतीय संविधान को आकार देने में महल्वपूर्ण भूमिका निभाई! उनकी जयंती परएहम उनके आदर्शों को याद करते हैं और समाज में समानता और न्याय की दिशा में काम करने का संकल्प लेते हैं। भानु प्रताप सिंह परिहार व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## रसूलाबाद में भारतरत्न बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**समाजवादीपार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने बाबा साहब को सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए आदर्श और देश का गौरव बताया**

**सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा बाबा साहब ने महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के जो कार्य किये वह प्रेरणादायक**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर की जयंती रसूलाबाद क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई ।सभी राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा जहां बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए वही तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी ने भी बाबा साहब को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने भारत रत्न बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पलहुओं और भारतीय संविधान की विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बाबा साहब सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए आदर्श व देश के गौरव है आज हमारा देश व प्रदेश उनकी जयंती को धूमधाम से मना रहा है । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव बाबा साहब के संविधान पर आस्था व विश्वास रखती है साथ ही समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व विश्वास रखता है । समाजवादी पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किये वे आज भी प्रेरणा दायक है।बाबा साहब का जीवन हमे एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखता है । नगर पंचायत के चेयरमैन देवशरण कमल ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणास्रोत है और उनके बताए रास्ते पर ही हम एक समतामूलक समाज की स्थापना कर सकते है । समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री व रसूलाबाद विधान सभा से समाजवादी पार्टी से टिकट की प्रबल दावेदार नीलम कठेरिया ने क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों में बाबा साहब के जयंती समारोह में शामिल होकर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने जिस तरह सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और भारत के संविधान की नींव रखी वह हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है और आज हमें उनके सिद्धान्तों पर विश्वास करने की जरूरत है और खासकर युवाओं को उनके विचारों से जुड़ना चाहिए । बाबा साहब देश की जनता के लिए एक फरिश्ता है ।वरिष्ठ नेता सपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बीरू कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब के बताये रास्तों पर चलने से समाज में खुशहाली आएगी ।उन्होंने समाज मे समानता और बन्धुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया ।उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बाबा साहब के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाल कर उनके बताए रास्ते पर चलने का आवाहन किया । बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जानसन ने भी क्षेत्र में कई जगह बाबा साहब के सम्मान में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल होकर राष्ट्र नायक बाबा भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की । कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोरमा संखबार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की जयंती मनाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की । इस मौके पर सपा महिला सभा की प्रदेश महामंत्री नीता सचान विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर राजपूत महासचिव धीरज यादव अतहर खान भुट्टो अभय गुप्ता उर्फ चन्दन गुप्ता ललित कोरी सुरेश कुमार राम प्रकाश पाल यदुनाथ संखबार अवधेश यादव आशीष यादव रानू यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने भी बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की ।









## तालाब भरने के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**कानपुर।** महाराजपुर में एक पुराने तालाब में मिट्टी भरने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए जेसीबी चालक और मजदूर मौके से भाग गए। नरवल तहसील के कस्बा सरसौल स्थित इस प्राचीन तालाब को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इसे भूमिधर में परिवर्तित कर दिया गया। रविवार रात से तालाब में मिट्टी भरने का काम तेजी से चल रहा था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह तालाब बारिश के पानी और घरेलू जल निकासी का प्रमुख स्रोत है। तालाब में मिट्टी भरने से क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने लगभग तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। महाराजपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि यह मामला राजस्व विभाग से संबंधित है। ग्रामीणों से लिखित शिकायत मिलने पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को करना होगा कार्य- मोहन भागवत

- प्रदशे के पहले नवनिर्मित संघ भवन का विधि-विधान के साथ किया लोकार्पण
- डॉ अंबेडकर व संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार ने हिन्दू समाज के लिए किया काम

**कानपुर।** सोमवार को कारवालोनगर में नवनिर्मित प्रदेश के पहले संघ भवन का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन मधुकर भागवत ने विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने भीमराव अंबेडकर की प्रार्थना पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके साथ भवन में बनाई गई भारत माता प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे। भागवत पांच दिन शहर में ही प्रवास करेंगे।

अपनी इस यात्रा के दौरान वह क्षेत्र और कानपुर प्रांत से जुड़े प्रचारकों के साथ बैठक कर अक्तूबर में होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार करेंगे। इसे पूरे देश में अभियान के तौर पर लागू किया जाएगा। अपने संबोधन में मोहन भागवन ने कहा कि कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को कार्य करना होगा। भारत हिंदू समाज का घर है। संघ जीवन है। संघ का कार्य सबके जीवन में सुचिता और करुणा लाना है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास आपसी मतभेदों से भरा रहा है, जिसका लाभ विदेशी आक्रांताओं ने उठाया। हम विभाजन और वैमनस्य में उलझे रहे और इसी कारण भारत को न केवल लूटा गया, बल्कि अपमानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज जब कोई स्वयं को हिंदू कहता है, तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वो भारत के पुनर्निर्माण में अपना योगदान दे। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिन्दू समाज को संगठित करना आज की आवश्यकता है और यही कार्य संघ वर्षों से करता आ रहा है। भागवत ने संघ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ अपने स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम पर आधारित संस्था है। वह समाज से केवल समाज के कार्यों के लिए सहयोग लेता है, अपने संचालन के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि संघ विलासिता में विश्वास नहीं करता, बल्कि सादगी और श्रम ही उसकी पहचान है। संघ कार्यालयों के निर्माण में भी वही अनुशासन और मानक अपनाए जाते हैं जो नगर निगम जैसी संस्थाओं में होते हैं।



### बाबा साहब ने हिंदू समाज को विषमता से बाहर लाने का किया काम

आरएसएस चीफ ने कहा कि भीमराव अंबेडकर का भाव था कि हिन्दू समाज को विषमता से बाहर लाने के लिए पूरा जीवन व्यतीत कर दिया जाए। उनका सपना था कि असमानता और एक दूसरे के प्रति विषमता को दूर करने का प्रयास किया जाए। बाबा साहब को जीवन में बड़ी विषमताओं का सामना करना पड़ा। बचपन से विषमता का सामना किया। उन्होंने जीवन भर हिन्दू समाज को एकत्र करने के लिए प्रयास किया। मोहन भागवत ने कहा कि ये सौभाग्य है कि आज बाबा साहब के जन्मदिवस पर केशव भवन का उद्घाटन हो रहा है। डॉ अंबेडकर जब महाराष्ट्र में कराड़ की शाखा में शामिल हुए तो उन्होंने कहा था कि कुछ बातों में हमारे संघ के बीच मतभेद है, फिर भी संघ को अपनत्व के भाव से देखता हूं। मोहन भागवत ने कहा कि डॉ अंबेडकर व संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार दोनों ने हिन्दू समाज के लिए काम किया। दोनों का विचार इस देश को आगे बढ़ाने का था।




### मूर्तिकार, मिस्त्री व मजदूर को किया सम्मानित

सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत माता की मूर्ति बनाने वाले कलाकार राजीव सिंह का सम्मान किया। साथ ही भवन का निर्माण करने वाले मिस्त्री व मजदूर विजय कुमार, पुष्पा, रंजीत कुमार, तारा का भी सम्मान किया।

### आज व कल सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

आरएसएस प्रमुख 15 तथा 16 अप्रैल को संघ के छह आयाम में से एक सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद 15 को ही कोयला नगर और 16 को निराला नगर की शाखा में शामिल होने जाएंगे। 17 को संघ की प्रांत कार्यकारिणी के साथ संघ शताब्दी वर्ष में संघ पंच परिवर्तन को लेकर चर्चा की जाएगी।

### 17 को होगी बड़ी बैठक

पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसताए पारिवारिक मूल्य और स्वबोध पर चिंतन होगा। इस पर प्रमुख रूप से चिंतन 17 अप्रैल को प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में होगा। संघ प्रमुख प्रांत में हो रहे कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

# धुमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती



**-कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने बाबा साहब की चित्र पर श्रद्धा सुमन किया अर्पित**

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर भारत के संविधान के निर्माता है। हम सभी को उनकी विचारधारा, उनकी सीख को आत्मसात करना चाहिए। सभी लोग समाज व देश को आगे बढाने का कार्य करें। डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, एडीएम न्यायिक चंद्रशेखर, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबा साहब की जयंती पर विविध्योत्सव राष्ट्रीय युवा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सोमवार को विविध्योत्सव राष्ट्रीय युवा महोत्सव का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया गया। तात्या टोपे सीनेट हॉल में हो रहा ये समारोह 17 अप्रैल तक चलेगा। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, डॉ वंदना पाठक, विशिष्ट अतिथि इंडियन दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष पैंथर धनी राव बौद्ध और एससी/एसटी आयोग के पूर्व सदस्य किशन लाल सुदर्शन ने दीप प्रज्वलन कर किया। आयुष ने डॉण् भीमराव अंबेडकर के जीवन और योगदान पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद शिवम ने भारत रत्न को समर्पित एक मार्मिक कविता पाठ किया। छात्र परिषद के अध्यक्ष रोहित सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए डॉ अंबेडकर की विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला और विविध्योत्सव के लिए आयोजित होने वाले रोमांचक कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ वंदना पाठक ने विविध्योत्सव की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और युवा जुड़ाव और प्रतिभा को बढ़ावा देने में इसके महत्व पर जोर दिया। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने डॉ भीमराव अंबेडकर के अथक संघर्ष और आधुनिक भारत को आकार देने वाले सामाजिक आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया।

पैंथर धनी राव बौद्ध ने छात्रों को अपने माता-पिता का सम्मान करने के लिए एक गहरा संदेश साझा किया, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत विकास का मार्ग बताया और दान के माध्यम से सामाजिक कल्याण में अपनी पहलों पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर अपने प्रायोजकों को भी सम्मानित कर सराहा। स्टार्टअप ब्रह्मांड एआई. रोबस्ट्रिक्स और माइंडलॉजिक्स द्वारा नेशनल आईएएस अकादमी को स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट किए गए। अन्य प्रतिष्ठित प्रायोजकों में गोल्डी ग्रुप, द बर्गर कंपनी, टीओलॉजी और एलनहाउस इंस्टीट्यूशन का भी सम्मान किया गया।




## बाबा साहब की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे



कानपुर। सपा कार्यालय में सोमवार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती पर वृहद पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू ने किया। नगर अध्यक्ष ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि 274 सदस्यों ने 2 साल 11 महीने 18 दिन में 167 बैठके कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दुनिया के सबसे बड़े संविधान की संरचना की जो हस्त लिपि में पहले लिखा गया, आज संविधान की वजह से समाज के आखिरी पावदान पर खड़े व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं हो पा रहा है और संविधान की बदौलत अनुसूचित पिछड़ों के हितों की रक्षा रक्षा उनके अधिकारों की सुरक्षा का जो निति निर्देशक किये। उसे समाज में आज एक मिसाल कायम की गई है, जिसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में पीडीए अभियान चलाकर संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अभियान चलाकर युवा पीढ़ी तथा आम जनता का दिल जीता है, जो 2027 में चमत्कार होगा। उन्होंने कहा कि आज सपा पीडीए मिशन ने प्रत्येक विधानसभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन पर सबको भाव भीनी बधाई के साथ समानता सद्भाव को मजबूत करने का संदेश दिया है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश मिश्रा, नंदलाल जयसवाल, राजीव शर्मा, आनंद शुक्ला, परमवीर सिंह गंभीर, सुलेखा यादव, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, के के मिश्रा, रमेश यादव, शिवकुमार बाल्मिक समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### मुनाफा कमाने के चक्कर में फैक्ट्री संचालक से 36 लाख की ठगी

**कानपुर।** साइबर ठगों ने व्हाट्स एप ग्रुप और वेबसाइट के जरिए कारोबारी को फंसा कर फैक्ट्री संचालक से 35 लाख रुपए की ठगी कर ली। साइबर ठगों ने छह प्रदेशों के बैंकों में कारोबारी का पैसा मंगाया था। साइबर सेल पुलिस ने खातों को सीज कराया है। हटिया निवासी कारोबारी आलोक गुप्ता से साइबर ठगों ने यस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड को यस बैंक की सिस्टर कम्पनी बताकर निवेश और भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर कारोबारी को फंसाया। उसके बाद इनसे 15 सितम्बर 2024 से 20 अक्तूबर 2024 के बीच में 36.65 लाख रुपए निवेश करा लिए थे। साइबर थाना पुलिस ने जब मामले में विवेचना शुरू की तो पता चला कि छह राज्यों में अलग-अलग बैकों में 22 बार में कारोबारी का पैसा गया है। पुलिस के मुताबिक इसमें उत्तर प्रदेश के बाबूगंज रायबरेली की यूको बैंक में दो बार ट्रांजेक्शन किया गया है। झारखंड के बिस्तुपुर जमशेदपुर स्थित यूको बैंकै में पांच बार ट्रांजेक्शन किया गया है। महाराष्ट्र के बोरीवली वेस्ट मुंबई स्थित इंडसिंड बैंक में दो बार ट्रांजेक्शन किया गया है। बिहार के पटना शहर स्थित आईसीआईसीआई बैंक में तीन बार, उड़ीसा के बापूजीनगर स्थित जना स्मॉल फाइनेंस बैंक में सात बार और पश्चिमबंगाल के बाकूरा स्थित यूको बैंक में तीन बार ट्रांजेक्शन किया गया है। कारोबारी को एक व्हाट्स एप ग्रुप में जोड़ा गया था। इसके अलावा अमित कुमार वीआईपी कॉम करके एक वेबसाइट के जरिए ऑपरेट कराया जा रहा था। इन दोनों को ब्लॉक कराया गया है। साइबर सेल पुलिस के मुताबिक जिन खातों में पैसा गया है उन्हें फीज कराने को लेकर बैंकों से लगातार वार्ता जारी है।कारोबारी आलोक गुप्ता के मुताबिक ठगों ने जब उनसे निवेश करा लिया था तो प्रॉफिट में दो करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम दिखा रहा था। जब उन्होंने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो ठगों ने उन्हें बताया कि बैंक लोन की ईएमआई चलने के कारण पैसा नहीं निकाल सकते। तब आलोक को शंका हुई।

### पुलिस को चकमा देकर भागने वाला 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार



कानपुर। पखवारे भर पूर्व पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भागने वाला 25 हजार का ईनामी शकील अहमद को कोतवाली पुलिस ने बारा जोड़ टोल प्लाजा से गिरफ्तार लिया है। फरार होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। कोर्ट परिसर से भागने के बाद शातिर शकील और लापरवाही करने वाले कांस्टेबल के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि 25 मार्च को नरवल के पनौरी गांव में रहने वाला बंदी शकील अहमद कोर्ट में पेशी पर आया था। उसे नर्वल के एक मामले में कोर्ट में पेश करना था। दोपहर 1 बजकर शकील को अन्य तीन अभियुक्तों के साथ कांस्टेबल अमित, सिराज और संदीप के साथ कोर्ट में पेशी के लिए भेजा गया था। इस दौरान शकील अहमद हेड कांस्टेबल सिराज को चकमा देकर भाग निकला। सिराज ने बताया था कि रास्ते में टॉयलेट के बहाने चकमा देकर भागा है। मामले में कोतवाली थाने में शकील अहमद और हेड कांस्टेबल सिराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद से पुलिस फरार अपराधी शकील की तलाश में लगी हुई थी। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने शातिर शकील के खिलाफ25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। शकील रविवार को अपने एक रिश्तेदार के यहां पत्नी बच्चों से मिला और शहर से बाहर भागने की फिराक में था। इस दौरान सर्विलांस की मदद से पुलिस ने शातिर शकील को बाराजोड़ टोल प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया। शातिर ने पूछताछ में बताया कि उसे पत्नी ने 17 मार्च को मिलाई के दौरान काला पैंट और सफेद शर्ट दी थी। इससे कि वकीलों की भीड़ में उसे कोर्ट परिसर और कचहरी से भागने में आसानी रहे। प्लानिंग के बाद वह पेशी के दौरान पुलिस को चकमा देकर भागा था। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि दिसंबर 2023 में नर्वल का रहने वाला शकील अहमद इलाके की एक नाबालिग लड़की को भगा ले गया था। नाबालिग के घर वालों ने शकील के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शकील को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट भी दर्ज किया गया। कोर्ट ने शकील को 7 सालों की सजा सुनाई थी।

### अधेड़ ने कुएं में उतर कर कुत्ते का बचाया

**कानपुर।** पार्षद राज किशोर यादव ने बताया कि क्षेत्र में दौलतेश्वर नाम से शिवजी का मंदिर है। मंदिर के पास ही 90 फिट का गहरा कुंआ है, जिसका सालों से उपयोग नहीं हो रहा है। कुंए में पानी नहीं है उसकी जगह वहां पर दलदल बन गया है। सोमवार की सुबह नौ बजे मंदिर में अधिक भीड़-भाड़ थी। उसी दौरान एक कुत्ता उस कुंए में गिर गया। यह देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोग श्वान को बचाना चाहते थे। पार्षद के मुतबिक उन्हें सूचना दी गई। पार्षद मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहीं से नगर निगम ग्रुप में कुत्ते के कुंए में गिरने का मैसेज डाला इसके अलावा पशु चिकित्सा अधिकारी को इसकी जानकारी दी। पार्षद के मुताबिक उन्हें कहा गया कि घटना की सूचना संबंधित थाने और फायर ब्रिगेड को दे दें। तभी नवाबगंज की बड़ौती बस्ती निवासी रामसेवक बग्गड़ कुंए में उतरने को तैयार हो गए। उन्होंने कहा कि वो कुत्ता को कुंए से निकाल लाएंगे। इसके बाद रस्सी आदि का इंतजाम किया गया। उससे एक लकड़ी का पटा बांधा गया। फिर रामसेवक को उससे बांधा गया। ऊपर से चार पांच लोगों ने रस्से को पकड़ कर नीचे उतारा। 90 फीट नीचे कुंए में जाकर रामसेवक कुत्ते को बचाकर ऊपर ले आए।

# डीएम ने किया नयागंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण



कानपुर। 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है। निराला नगर स्थित रेलवे ग्राउंड या सीएसए ग्राउंड पर प्रधानमंत्री जनसभा कर सकते हैं।इस दौरान पीएम कानपुर समेत प्रदेश के 250 विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके लिए विभागों से विकास कार्यों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है। पीएम आगमन की तैयारियों को लेकर सोमवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने नयागंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री अंडरग्राउंड सेक्शन चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो का सफर भी कर सकते हैं।

- प्रधानमंत्री अंडरग्राउण्ड सेक्शन चुन्नीगंज से सेंट्रल तक मेट्रो का कर सकते हैं सफर

इसका भी प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। हालांकि मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि आईआईटी से मोतीझील तक 9 किमी सेक्शन का भी मोदी ने लोकार्पण किया था और मेट्रो में बैठकर सफर भी किया था। प्रधानमंत्री एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे, इसके लिए पुलिस-प्रशासन के साथ ही भाजपा पदाधिकारियों ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। जनसभा स्थल को लेकर अभी फैसला लिया जाना है। प्रस्ताव पीएमओ भेजे गए हैं, पीएमओ से हरी झंडी मिलने के बाद जनसभा स्थल पर तैयारियां शुरू होंगी।

### पावर प्लांट की देंगे सौगात

नवनिर्मित पनकी पावर और नयवेली पावर प्लांट, घाटमपुर को प्रधानमंत्री लोकार्पण भी करेंगे। जनसभा स्थल पर ऑनलाइन लोकार्पण किया जाएगा। बता दें कि दोनों ही पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। इससे प्रदेश के साथ ही केंद्रीय ग्रिड को भी बिजली सप्लाई की जा रही है।

## दिव्यांगों की 18 को लखनऊ में होगी बड़ी बैठक



**कानपुर।** शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की बैठक हुई। बैठक में तय किए पिछली वार्ता के निर्णयों पर कड़ी आपत्ति जताई गई। महागठबंधन के नेता वीरेन्द्र कुमार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री पिछले दो वर्षों से पेंशन वृद्धि का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा भी पूरा नहीं किया गया है। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का अनुपालन भी नहीं हो रहा है।इन मुद्दों को लेकर 18 अप्रैल को लखनऊ के ईको गार्डन में एक बड़ी बैठक होगी। इसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 54 लाख दिव्यांगजन एकजुट होकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में रामनिहाल ;गोंडाद्धए कृष्ण कुमार सिंह ;चंदौलीद्धए राजेश मौर्या ;मऊद्धए सतीश कुमार ;शामलीद्धए सोनू कुमार ;एटाद्ध और तेज बहादुर प्रसाद ;देवरियाद्ध समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र



### अंबेडकर जयंती पर झाकियों के साथ निकाला गया जुलूस

घाटमपुर। सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गई।घाटमपुर कस्बे मे अंबेडकर पार्क से निकाले गए जुलूस के साथ चल रही झाकियों व बज रहे डीजे तथा हाथों में लहरा रहे नीले झंडे सबका ध्यान आकर्षित करते रहे। सोनू ठेकेदार व कम्मू संखवार की अगुवाई में नौबस्ता पश्चिमी वार्ड में स्थित अंबेडकर पार्क से उठा भव्य जूलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस अंबेडकर पार्क में लौटा।इस दौरान जूलूस के साथ चल रहे अनुयाई डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के समर्थन में जयकारे लगाते रहे। जुलूस के नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने से गुजरने पर पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद व सभासद मुकेश दीक्षित तथा सभासद विवेक शुक्ला व कर्मचारियों ने जुलूस पर फूल बरसाए। व जुलूस में शामिल लोगोंए महिलाओंए बच्चों के बीच ठंडे पानी के पाउच बांटे गए।जंयती के सफल आयोजन में सोनू ठेकेदार व कम्मू संखवार के अलावा आदि की अहम भूमिका रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल आए युवक की मौत मां ने लगाया हत्या का आरोप

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के खेरवा मजरा राजेपुर गांव में पत्नी को दवा देने पहुंचे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर पीट पीटकर हत्या कर देने का आरोप लगाया।साढ़ पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार बिधनू थाना के रमईपुर निवासी पंकज 29 पुत्र शिवराज की शादी साढ़ थाना क्षेत्र के खेरवा गांव में प्रियंका पुत्री जयराम के साथ करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी बताया जाता है कि पत्नी दो सप्ताह से मायके में थी रविवार शाम पंकज दवा देने पहुंचा था रात में उसकी हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना ससुरालियों ने उनके परिजनों को वही मृतक के ससुराल पक्ष के लोगों के अनुसार देर रात वह खाना खाकर लेटे थे अचानक रात में उल्टियां हुई और वह बेहोश हो गया।सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी बिधनू ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर तहरीर के मुताबिक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### बहिन के घर आए युवक को पड़ोसी ने पीटा

घाटमपुर। नगर के कटरा पूर्वी निवासी हमराज पुत्र चुन्ना ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि रात्रि में लगभग 9ण30 बजे वह अपनी बहन के घर आया था। तो वही पर इरशाद उर्फ मुदना पुत्र चुन्ना ने मेरे से गाली गलौज करते हुए मेरे सिर पर डण्डे व तवे से प्रहार कर दिया। मुझे गिराकर के घूसों व लात से मारा पीटा। परिवार मे बहनो के बीच बचाव करने पर मेरी जान बच सकी। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### प्रेम विवाह करने के बाद पति व ससुराल वाले मांग रहे दहेज

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के बंगला परास से थाने पहुंची युवती ने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि प्रेम विवाह करने वाला उसका पति घर वालों के साथ अब 4 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। रोहिणी सचान पत्नी रोमिल पुत्र अनिल सचान निवासी ग्राम बंगला परास ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 04 दिसम्बर 2024 को उसने प्रेम विवाह किया था। लेकिन ससुराल वाले उसे रखने को तैयार नहीं थे।फिर भी वह अपने पति के साथ ससुराल में रह रही थी। ससुराल वाले दहेज में चार लाख रुपया व शादी का सामान मांग रहे थे। लेकिन वह उनकी मांगो को पूरा करने में असमर्थ थी। इस बीच वह गर्भवती हो गई।उस का अपने पति द्वारा धोखे से दवाई खिलाकर गर्भ नष्ट करवा दिया गया। इसके एक सप्ताह बाद सास संगीता सचानए ससुर अनिल सचान व पति रोमिल ने मिलकर उस को गाली गलौज किया। सास के उकसाने पर ससुर अनिल सचान व पति रोमिल द्वारा मारपीट की गयी।सास ने उसे मारा। पीटा व बाल पकड़ कर घसीटा तथा ससुर द्वारा जान से मारने की नियत से गला दबा कर मार डालने की कोशिश की तथा बदनियती से मेरे कपडे फाड़ डाले।मारपीट कर व घसीट कर घर से निकाल दिया।उसके शोर मचाने पर मुहल्ले के लोग आ गये।तब जाकर हमलावर भाग गए।थाना में जब शिकायत की गई तो रिपोर्ट दर्ज करने के बजाए पुलिस ने समझौता करा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### चित्रांश महासमिति के पदाधिकारियो की बैठक सम्पन्न

चित्रांश महासमिति केशवपुरम आवास विकास कल्यानपुर कानपुर के पदाधिकारियों की बैठक श्री अमित निगम के निवास पर हुई। बैठक में समिति का अप्रैल 2024.2025 का आय व्यय को व्यौरा प्रस्तुत किया गयाएजिसे उपस्थिति सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। समिति में कुछ पदाधिकारियों को दायित्व मुक्त करने व कुछ नये लोगों को दायित्व देने का निर्णय भी सर्व सम्मति से लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि अन्तिम सेवा हेतु वाहन चलता है। उसके इंजन में खराबी के कारण वाहन चलाने में दिक्कत आ रही हैए लोगों से सहयोग लेकर वाहन ठीक कराकर चलाया जाए। समिति के कार्यक्रमों के लिए इस वर्ष का धन संग्रह आज से प्रारंभ कर दिया जाए। मीटिंग में श्री सतीश निगम पूण्विधायकअमन चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष उमेश खरे गोविंद सक्सेना संजीव श्रीवास्तवएराजू दरबारी नीरज निगम गोविन्द सक्सेना कुलदीप श्रीवास्तव अमित निगम सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव ब्रम्ह कुमार सक्सेना आशीष निगम आदि उपस्थित रहे।

## बिठूर पुलिस ने चेन स्नेचर को भेजा जेल



**बिठूर** थाना पुलिस को सोमवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने घर लौटते समय बुजुर्ग महिला से हुई चेन स्नेचिंग के मामले में दो आरोपियों सौरभ गौतम पुत्र स्व गौतम निवासी विनायकपुर थाना रावत पुर राज वर्मा पुत्र सोनू कुमार निवासी ओमपुरवा थाना जाजमऊ को वेस्ट जोन की स्वात टीम और सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सौरभ के उपर कानपुर के अलग अलग थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है जिनमें गैंगस्टर एक्ट भी शामिल है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से एक बारह बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस और 1110 रुपए पुलिस ने बरामद किया है। आपको बता दें बीते सात अप्रैल दिन सोमवार को बुजुर्ग महिला राजरानी देवी निवासी श्री राम विहार सोसायटी सिंहपुर अपनी नातिन को सिंहपुर स्थित बचपन स्कूल से छुट्टी होने के बाद लेकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपी सौरभ ने राजा रानी के गले से सोने की चैन खींच लिया। चेन खींचने के दौरान चैन का आधा हिस्सा टूटकर राजरानी के गले में रह गया आधा चैन और पेन्डेन्ट आरोपी सौरभ लेकर मौके से फरार हो गया। मामला संज्ञान में आने के बाद हरकत में आई पुलिस ने बुजुर्ग महिला के बेटे आदर्श द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी सौरभ ने कड़ाई से पूछताछ के दौरान बताया कि उसने चैन का टुकड़ा और पेन्डेन्ट राज वर्मा खाटू ज्वेलर्स ओम पुरवा थाना जाजमऊ को बेचने की बात कही। राज वर्मा ने भी सौरभ से चैन के टुकड़े और पेन्डेन्ट खरीदने की बात स्वीकारी और पिघला कर चौक मंडी में बेच देने को बात कही।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों की गिरफ्तारी के दौरान निरीक्षक सतीश यादव प्रभारी सर्विलांस स्वाट टीम वेस्ट जोन उप निरीक्षक विपिन ओझा सुरेश सिंह मनोज विश्वकर्मा हेड कांस्टेबल राहुल यादव इमरान खान कांस्टेबल भोलेनाथ और अर्जुन सिंह की अहम भूमिका रही।

## महिला ने फांसी लगाकर की घर के अन्दर आत्म हत्या

**थाना सजे ती क्षेत्र चितौली ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा में हुई घटना**

घाटमपुर।थाना सजेती क्षेत्र के क्योटरा गांव में एक महिला का शव फांसी पर झूलता मिला।घटना के समय पति खेतों पर काम करने गया था। खबर मिलने पर खेतों से घर पहुंचे पति ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाया। जांच के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। चितौली ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा निवासी रोशनी निषाद 30 पत्नी धर्मेन्द्र निषाद ने अपने घर में सोमवार की दोपहर बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि शराब पीने को लेकर पति व पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। आज भी सुबह पति व पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात जानकारी में आ रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती बडी धूमधाम से मनाई ग्ई



**कानपुर** डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर सामाजिक संघर्ष समिति ने स्टेशन परिसर मे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती बडी? ही धूमधाम से मनाई ग्ई। समिति के सदस्य अशफाक अहमद ने दीप जलाकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। शैलेश ने डॉ0 साहब की मूर्ती पर माल्यारपण किया। समिति के पदाधिकारी अशफाक व शैलेश ने वहां मौजूद सभी कर्मचारीयो का मुंह मीठा कराया। साथ ही सभी कर्मचारियो को गमछा देकर सम्मान किया। शाम को समिति के द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया। जिसमे छोटे.छोटे बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही संस्था के द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर उनकी हौंसला बढाया गया। साथ ही संस्था के द्वारा भोजन की व्यवस्था भी की ग्ई। कार्यक्रम मे संजय प्रजापतिए टिंकू नित्यानंद तिवारी जयरामए सब्बूए राम सागरए इस्तियाकए अंकुर समैत सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर प्रज्वलित होंगे 11 करोड़ दीपक



**राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता जारी किए गए निर्देश**

सर्व ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण् कमल किशोर अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष पण् कौशल किशोर अवस्थी एवं प्रदेश महामंत्री अमरप्रीत सिंह भारद्वाज तथा प्रदेश शिक्षा समिति के महामंत्री स0 हर्षप्रीत सिंह भारद्वाज ने वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि भगवान विष्णु स्वरूप अवतारी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव को उनके एवं ब्राह्मण समाज सहित अन्य वर्गों के द्वारा भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके लिए देश के सभी प्रदेश अध्यक्षों जिलाध्यक्षों सहित तहसील ब्लाक वार्ड के पदाधिकारियो को निर्देश दे दिए गए है। पण् कमल किशोर अवस्थी ने कहा की भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्यता से मनाया जा रहा हैं। श्री अवस्थी ने बताया कि सर्व ब्राह्मण विकास परिषद भगवान परशुराम जन्मोत्सव कानपुर नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर सप्ताह भर मनाया जा रहा हैद्य वार्ता को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने बताया की सर्व ब्राह्मण विकास परिषद पूरे देश के आम जनमानस से ग्यारह करोड़ दीपक भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दीप प्रज्वलित करने का आव्हान किया हैं। वार्ता में बताया गया कि उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों व जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए गये हैं। कि परिषद के मुख्यालयों एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में सुंदरकांडए भगवान परशुराम जी का अभिषेक सायं 7 बजे दीप उत्सव का कार्यक्रम आयोजित करें। 11 करोड़ दीप प्रज्वलन कर लक्ष्य को पूरा करें।

## ग्राम पंचायतों में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती



**सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत हुए कार्यक्रम**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**भीतरगांव।** सोमवार को विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों सहित सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े उल्लास के साथ मनाया गया उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया। ग्राम पंचायत देवसढ़ तथा बेहटा गंभीरपुर में पंचायत सचिव बृजेश यादव ने प्रधान हरिओम पांडेय तथा उदय गुप्ता के साथ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनवृत पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में करीब एक सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।वही मड़ेपुर में सचिव सौरभ साहू ने प्रधान विवेक चंद्र अवस्थी के साथ मिलकर जयंती को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई कोरथा ग्राम पंचायत में प्रधान ऋचा गुप्ता ने पंचायत सचिव केके पाल तथा परिषदीय बच्चो के साथ जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया तथा मौजूद बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## सपा नेताओं ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की





**बिल्हौर** कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील में कई जगह सपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की। बिल्हौर नगर में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन चौधरी निर्भय सिंह यादव के नेतृत्व में उनके सपा कार्यालय में सपा के नेताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित करके बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके महान विचारों व सामाजिक योगदान को नमन किया। सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव आशीष सिंह यादव चटरू ने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाएं आज भी सर्व समाज के लिए पथ प्रदर्शक है। इस अवसर पर सपा नेता श्याम सुंदर यादव शैलेन्द्र यादव भारत सिंह यादव साहिर हुसैन जाफरी अरशद सिद्दीकी अफसर अली आरिफ पप्पू पहलवान अमित यादव प्रदीप सविता तिलक सिंह सोनू शिवम त्रिवेदी सोहन कुशवाहा मनोज यादव अनुराग कुशवाहा आदि सपा नेता उपस्थित रहे। वहीं ककवन कस्बे में सपा विधानसभा अध्यक्ष एवं ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने कई सपा नेताओं के साथ ब्लॉक कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सपा नेता विनय यादव ने कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर सामाजिक समानता की लड़ाई लड़ी और वे सामाजिक समरसता के सबसे बड़े पुरोधा रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों एवं सपा नेताओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया। वहीं नानामऊ जिला पंचायत से दावेदारी कर रहे समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव लोकेश अवस्थी ने भी कई सपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया और उनके सामाजिक योगदान को याद किया।



## 20 मई से शुरू होगा जीपीएल खिलाड़ियों का ट्रायल पूरा

**जनता महाविद्यालय परिसर में किए गए ट्रायल में कई जनपदों से 310 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

घाटमपुर। कैप्टन सूखवासी सिंह जनता महा विद्यालय में 20 मई से शुरू होने वाले जीपीएल ;घाटमपुर प्रीमियर लीगद्ध मैच के लिए खिलाड़ियों का दो दिवसीय ट्रायल सोमवार को पूरा हुआ। जिसमे आसपास के जनपदों से पहुंचे 310 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता सचिव भूप किशोर ने बताया कि दो दिन चले खिलाड़ियों के ट्रायल में कानपुरए फतेहपुरए हमीरपुरए बांदा से लेकर फिरोजाबाद तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बताया कि प्रीमियर में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनके लिए ट्रायल में सेलेक्ट सभी खिलाड़ियों की बोली 27 अप्रैल को होने वाले ऑक्शन में लगेगी। इसमें सभी 8 टीमों के मालिक प्रतिभाग कर बोली लगाएंगे। ट्रायल में शामिल हुए 310 खिलाड़ियों में 250 खिलाड़ी चयनित किए गए।इनमें 120 खिलाड़ियों का फाइनल चयन होगा। प्रीमियर लीग करीब 10 दिन तक चलेगा। ट्रायल नृपेंद्र सचान के नेतृत्व में पूरा किया गया है।

## डॉ. अम्बेडकर थे दबे कुचले समाज के मसीहा-सरोज कुरील



**जयंती पर बोलते हुए विधायक ने आगे कहा कि बाबा साहब सामाजिक मुक्ति को ही संपूर्ण मुक्ति मानते थे**

घाटमपुर। डाव भीमराव अम्बेडकर की जयंती सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से मनाई गई। पतारा रेवना जहांगीराबाद उरिया बनहरी बीरबल अकबरपुर तरगाव भदरस रेवना रतनपुरए बरनावए बलहापाराएबारा दौलत पुरएमवई भच्चन बरी महतैनए अन्नूपुरए सवाई पुर समेत कई जगहों पर मनाई गई।जयंती पर पहुंची विधायक सरोज कुरील ने अपना दल व भाजपा नेताओं के साथ डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर सामाजिक न्याय की एक जलती हुई मशाल थे।आज समाज के दबे कुचले लोगों को बराबरी का अधिकार डॉक्टर अंबेडकर की ही वजह से मिला है। विधायक ने इस बात पर भी चिंता जताई कि हम सब डॉक्टर अंबेडकर को तो मानते है पर उनकी नही मानते।बिना भीमराव अम्बेडकर के विचारों व मिशन के किसी भी समाज के दबे कुचले लोगों के उत्थान की कल्पना नही की जा सकती है।उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब सामाजिक मुक्ति को ही संपूर्ण मुक्ति मानते थे।उनके इस सपने को साकार करने का हम सब मिलकर जयंती के मौके पर संकल्प लें। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने संविधान की ताकत देकर स्वभिमान से जीने का भी हक दिया। उन्होंने अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आंदोलन को भी प्रेरित किया था।इस मौके पर विधायक के साथ राम जी शुक्लाए कमला कुरीलए विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी भी मौजूद रहे।

**मढ़ा व कुरसेडा में पुलिस व प्रशासन रहा मुस्तैद** थाना सजेती क्षेत्र के मढ़ा व कुरसेडा में पुलिस व प्रशासन चौकन्ना रहा। मढ़ा में डॉव भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति बिना अनुमति के रखने व पुलिस द्वारा हटाए जाने तथा 8 नामजद व 50.60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने को लेकर व्याप्त आक्रोश को देखते हुए फोर्स के साथ खुद एसीपी रंजीत कुमार मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती आयोजित





**बिल्हौर** आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर बिल्हौर तहसील के ग्राम खाड़ामऊ में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने समाजसेवी अमित कटियार के साथ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपना प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्हें सामाजिक क्रांति का सबसे बड़ा महानायक बताया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने विधायक राहुल बच्चा सोनकर एवं समाजसेवी अमित कटियार का पटका पहनाकर स्वागत किया। वहीं बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी कटियार ने ग्राम चीतामऊ में बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नेता विक्रम मिश्रा लक्ष्मीशंकर पाठक सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे। वहीं संजती बादशाहपुर में भाजपा बिल्हौर ग्रामीण मंडल महामंत्री आनंद कटियार एवं मंडल उपाध्यक्ष शिवम् कटियार भाजपा नेता रुपेश कटियार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वहीं सुभानपुर मुरादनगर में भाजपा नेताओं ने बाबा साहब की फोटो पर माल्यार्पण करके उनके सामाजिक समरसता में योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा नेता अश्वनी कुशवाहा अविरल कुशवाहा दुर्गेश कुशवाहा ऋषि गुप्ता अमन कटियार शिवा कटियार आदि भाजपा नेता मौजूद रहे। वहीं उत्तरीपुरा मंडल में जिला मीडिया प्रभारी अंशुल वाजपेई ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मिष्ठान का वितरण किया। इस अवसर पर संतोष वाजपेई निर्विकार राठौर रवि श्रीवास्तव जेपी पाण्डेय आलोक मिश्रा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े प्रेमी युगल

**फतेहपुर।** नोएडा से एक युवती को भगा के लाए युवक और युवती को बीती रात नोएडा पुलिस पकड़ कर ले गई। युवती पर एक घर से चोरी करने की नोएडा में दर्ज है रिपोर्ट। लगभग एक माह पूर्व युवक के साथ भाग कर आई थी युवती। सदर कोतवाली क्षेत्र के निबहरा का रहने वाला है युवक। देर रात पुलिस दोनों को पकड़ कर अपने साथ ले गई।

# बाबा साहब की 134 वीं जयंती पर धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

- शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत
- स्टाल लगाकर झांकी में शामिल लोगों का गला कराया तर



**फतेहपुर।** संविधान निर्माता, बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयन्ती के अवसर पर विभिन्न संगठनों की ओर से झांकी यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अंबेडकर पार्क से झांकी यात्रा की शुरूआत हुई जो शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर पुनः कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाप्त हुई तत्पश्चात संगठनों के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उधर राजनैतिक दलों के लोगों ने भी बाबा साहब की जयंती अपने-अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार मनाई।

कार्यक्रमों की शुरूआत सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहब के अम्बेडकर पार्क से की गई। अंबेडकर पार्क पर जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। डा. बाबा साहब अंबेडकर विकास समिति ने शहर के विभिन्न मोहल्लों से शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा की शुरूआत अंबेडकर पार्क से हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने शिरकत की। यात्रा अपने निर्धारित मार्गों पर भ्रमण करने के पश्चात अंबेडकर पार्क में ही समापन किया गया। रास्ते में जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत स्टाल लगाकर किया गया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों को शर्बत पिलाकर गला भी तर कराया। जिसके बाद अंबेडकर पार्क में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में आये गणमान्य नागरिकों एवं उनके अनुयायियों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर ने हमें अपने हकों की लड़ाई के लिए वह कानून दिया। जिसके तहत आज हम पूरी तरह अपने आपको स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं।

कहा कि उनके त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इतनी कठिनाइयों का सामना कर श्री बाबा ने सर्व समाज को एक सूत्र में बांधने का जो सपना देखा था उन सपनों को साकार करने के लिए उनके विचारों अमल करना होगा। विशाल समारोह में आये अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त किये। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल समेत भाजपाईयों ने सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुनः माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपाईयों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश भी डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर इस बार पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसको सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उधर ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेसियों ने एकजुट होकर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा का संकल्प लिया एवं उनके द्वारा किए गए समाज सुधार की भूरि-भूरि सराहना की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज देश में समानता का अधिकार अंबेडकर जी की ही देन है। शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि संविधान से प्रदत्त अधिकार हमें सम्मान से जीने का अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मणि प्रकाश दुबे, प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, हिदायत उल्ला खां आदि ने भी अंबेडकर जी के कृतित्व पर प्रकाश डाला।

इसी तरह समाजवादी पार्टी कार्यालय में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में सभी ने मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात गोष्ठी आयोजित की। वक्ताओं ने आंबेडकर जी के जीवन और उपलब्धियों पर विचारा रखे। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। इस मौके पर वली उल्ला, विपिन यादव, दलजीत निषाद, रीता प्रजापति, राम किशोर प्रजापति, शमीम खान सहित तमाम सपाई मौजूद रहे। वहीं युवा विकास समिति जयराम नगर में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। जयराम नगर पर स्थित बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री बचानीलाल, राहुल गौतम, अखिल गौतम के नेतृत्व में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती समस्त मोहल्ले निवासियों के साथ मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की तत्पश्चात उनकी यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर स्वरूपराज सिह जूली, सीटू, सनी, लकी, मोनू, बाबू, सुरेश, राही, राज, नेताजी, अनिल, रिंकू, पन्नू, लवकुश, राजू, आर्यन, विजय प्रताप आदि मौजूद रहे। इसी कड़ी में आबूनगर स्थिति सीओ ऑफिस के पास डॉ0 भीमराव अंबेडकर समिति द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अतुल कुमार के नेतृत्व में समस्त मोहल्ले वासियों ने बाबा साहब की जयंती मनाई और प्रसाद वितरण भी किया।

जयंती में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार एड. ने पहुंच कर सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर के पहले चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात उनकी यात्रा में उनके अनुयायियों के साथ शामिल हुए हुए। इस मौके पर सोनू, सतीश कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, आर्यन, राज, रघुवंशी, कुमारी शिप्रा, मुन्ना एडवोकेट भी मौजूद रहे। वहीं ग्राम मलाका में भी बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने शिरकत की। सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर धीरेन्द्र बहादुर पासवान, राम विशाल पासवान, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, वीरेन्द्र सिंह यादव, अमित पाल, रंजीत सिंह पटेल, राम किशोर गौतम, मुकेश गौतम, सतीश गौतम भी मौजूद रहे। इसी तरह ग्राम सभा चखेड़ी में ग्रामीणों ने मिलकर बाबा साहब की जयंती माल्यार्पण कर मनाई गई।

इस मौके पर शहाब अली, मन्नू पासवान, राजाराम गौतम, कुलदीप पासवान, सुरेन्द्र पासवान, दिलीप पासवान, नीरज पासवान भी मौजूद रहे। इसी तरह ब्लॉक बहुआ अन्तर्गत ग्राम सुजानपुर के पंचायत भवन में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्राम प्रधान व बहुआ ब्लाक प्रधान संघ की अध्यक्ष गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान सुमन, रानी, कमला, संयोगिता, मधू, रेखा, सुधा, प्रियंका, गोपाल, नीरज, शिवा, मुकेश, अनिल आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय सम्मान के साथ मनाई भारत रत्न बाबा साहब की जयंती

- जनप्रतिनिधियों समेत डीएम व सीडीओ ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृत पत्र व दिव्यांगों को वितरित की ट्राईसाइकिल



**फतेहपुर।** जिले में सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के अन्तर्गत भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी एवं गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। साथ ही गांधी मैदान में पौधारोपण किया तत्पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में भी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।
विचार गोष्ठी के दौरान विधायक खागा कृष्णा पासवान ने संबोधित करते हुए जनपदवासियों को भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर बधाई देते हुए नमन किया और कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के मऊ जनपद में एक साधारण परिवार में हुआ। बाबा साहब ने पर देश में अधिकार, सम्मान, शिक्षा आदि की लड़ाई लड़ी, उनकी सोच को आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कर रहे है। विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने बाबा साहब की जयंती पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए नमन किया और कहा कि बाबा साहब के जीवन में जितनी कठिनाईयां रही उतनी किसी महापुरुष के जीवन में नहीं रही है। फिर भी बाबा साहब अपने मिशन से पीछे नहीं हटे और देश की सेवा में सर्वोच्च न्यौछावर कर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता ने भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर जनपदवासियों को बधाई देते हुए नमन किया और कहा कि बाबा साहब एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी पूरे समाज को आगे बढ़ाने का कार्य देशहित में करते रहे। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने भारतीय संविधान के शिल्पकार महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर जनपदवासियों को बधाई देते हुए नमन किया और कहा कि शासन की मंशानुरूप डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती 14-28 अप्रैल (15 दिवसीय) अभियान के दौरान विविध कार्यक्रम का आयोजन जनपद, विकास खंड, ग्राम पंचायत स्तर पर उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति कर सकता है इसका सबसे बड़ा उदाहरण बाबा साहब है। उनके जीवन परिचय को अवश्य पढ़ें और उनके सिद्धांतों व समाज में योगदान को जाने, संविधान के शिल्पी रहे बाबा साहब हम सबके लिए एक रोल मॉडल है। वरिष्ठ कोषाधिकारी, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी मोहिनी साहू आदि ने बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन मूल्यों पर अपने-अपने विचार साझा किए। विधायकों समेत डीएम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बेबी किट, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र, वृद्धा पेंशन योजना के स्वीकृत पत्र, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पांच दिव्यांजनो को ट्राईसाईकिल का वितरण किए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत जनप्रतिनिधियों व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से मिलीं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री

**फतेहपुर।** जिले की पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सीवर लाइन निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर किए जाने के साथ ही अपने कर कमलों से इसका शिलान्यास किए जाने की मांग की। सीएम को दिए गए पत्र में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि शहर में बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन परियोजना की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति भारत सरकार की अमृत योजना के अंतर्गत हो चुकी है। इसके साथ ही जल निगम नगरीय को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। बताया कि जल निगम नगरीय द्वारा कई बार टेंडर आमंत्रित किए गए। लेकिन किसी न किसी तकनीकि कारणों से कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। उन्होने सीएम से मांग किया कि सीवर लाइन निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर कराने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। साथ ही इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का शिलान्यास अपने कर कमलों से किया जाए।

## बाबा साहब की जयंती पर लोगों का हुआ सम्मान



**फतेहपुर।** बहुआ विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम शामियाना में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भन्ते धम्म रछित ने बाबा साहब एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध व सन्त सिरोमणी रविदास जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित व दीप जलाकर नमन किया। इस अवसर पर जनपद के सांसद नरेश उत्तम, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य मुन्ना सिंह आदि ने भी माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए और समस्त ग्रामीणों के साथ महापुरुषों को नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल गौतम, संचालन कर रहे रामराज गौतम, सचिव शेरा एवं कमेटी के सदस्य व क्षेत्रवासी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांसद ने नवीन प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** शहर के जयरामनगर जोनिहां चौराहा स्थित नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने फीता काटकर किया। संचालक कपिल यादव ने अपने प्रतिष्ठान की विशेषता बताई। इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, नगर पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य, सुनील उमराव, दिलशाद, ओवैस फारुकी, बृजेंद्र यादव, चैतन्य यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खागा नगर में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**खागा (फतेहपुर)।** नगर के नीमटोला स्थिति अंबेडकर पार्क व वाचनालय में उपजिलाधिकारी अभिनीत व चेयरमैन गीता सिंह , तहसीलदार इवेंद्र कुमार व अधिसाषी अधिकारी नगर पंचायत खागा देवहूति पाण्डेय एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ,जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर मनाया गया। इसी क्रम में तहसील परिसर स्थिति सभागार में भी एसडीएम अभिनीत कुमार की अगुवाई में विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में सभी लोगों ने बाबा साहब को याद भी किया। उसके उपरांत मौजूद सभी लोगों ने भी बाबा की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर याद किया ।

इसके बाद उपजिलाधिकारी सहित सभी लोगों ने विचार गोष्ठी में अपने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बाबा साहब को याद किया। उसी क्रम में धाता नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने भी बाबा अंबेडकर साहब में माला पहनाकर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर व्यापार मंडल खागा अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरि. उपाध्यक्ष मनोज शुक्ल, वरि. संरक्षक अब्दुल हफीज, अनुपम शुक्ल, भाजपा मंडल अध्यक्ष खागा ब्रजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, महामंत्री जनार्दन त्रिपाठी, विजयीपुर मंडल अध्यक्ष प्रीती सिंह आदि मौजूद रहें।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**बिंदकी (फतेहपुर)।** अग्नि शमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत लोगों को आग से बचाव के लिए किया गया जागरूक। इस मौके पर 14 अप्रैल 1944 को मुंबई मंदिर गांव के एक जहाज में आग लगने की घटना में आग बुझाते समय शहीद 66 अग्निशमन अधिकारियों को याद कर उन्हें नमन किया गया। अधिकारियों समेत अन्य लोगों को अग्निशमन दिवस पर स्टीकर लगाए गए। नगर के फायर स्टेशन में सोमवार को दिन में करीब 11 बजे से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सेवा सप्ताह का शुभारंभ होने के पहले 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह के एक जहाज में आग लगने की घटना में आग बुझाते समय शहीद हो चुके 66 अग्निशमन अधिकारियों को याद करके उन्हें नमन किया गया।
सप्ताह के प्रथम दिन फायर स्टेशन बिंदकी इंचार्ज विनय सिंह तोमर तथा उनके साथ के सद्दाम खान, कर्मवीर राजपूत, गुलाम मोहम्मद, नंदलाल आदि ने उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर उनको अग्नि समन सेवा दिवस के स्टीकर भी लगाये। इसके अलावा बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड, ललौली चौराहा, तहसील सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों को स्टीकर तथा पंपलेट देकर आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इस मामले में फायर स्टेशन बिंदकी के इंचार्ज विनय सिंह तोमर ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में एक जहाज में आग लग गई थी आग को बुझाने में 66 अग्निशमन अधिकारी कर्मचारी शहीद हुए थे जिनकी याद में यह दिवस मनाया जाता है और एक सप्ताह तक अग्निशमन सेवा सप्ताह चलेगा जिसमें लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा।

## खबर एक नज़र

### कस्बा व क्षेत्र में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**बिंदकी (फतेहपुर)।** कस्बा व क्षेत्र में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती परंपरागत ढंग से मनाई गई। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा तथा चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी ओर कस्बा का क्षेत्र में जगह-जगह पर जुलूस निकाला गया। बिंदकी कस्बा व क्षेत्र में सोमवार की सुबह 09 से विभिन्न स्थानों पर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कस्बे के ललौली चौराहे में जहानाबाद क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल तथा नगर पालिका परिषद बिंदकी चेयरमैन राधा साहू ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पालिका चेयरमैन राधा साहू ने नगर पालिका परिषद भवन में भी बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया।
इसी क्रम में भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे के समीप स्थित अपने कैंप कार्यालय में अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भीमराव अंबेडकर महान समाज सुधारक, विधि, विद्या, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और लेखक थे। उन्होंने पूरे जीवन सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के लिए काम किया। अंबेडकर की जयंती के मौके पर बिंदकी क्षेत्र के मुरादपुर गांव से जुलूस निकाला गया। यह जुलूस गांधी चौराहे के समीप संत रविदास मंदिर पहुंचा जहां से गाजे-बाजे के साथ बिंदकी कस्बे के गांधी चौराहा होते हुए तहसील रोड पहुंचा जहां पर जुलूस का स्वागत किया गया।
अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। यहां से भारी भरकम जुलूस ललौली चौराहा पहुंचा, जहां पर अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सैकड़ो लोगों ने माल्यार्पण किया। जुलूस ललौली रोड होते हुए पैगंबरपुर पहुंचा, जहां पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद बिंदकी कस्बे के विभिन्न मार्ग में घूमा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन मुन्नालाल सोनकर, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुतीक्ष्ण सिंह, सभासद आनंद सोनकर, सीताराम कपाड़िया, विक्रम उत्तम, मोतीलाल के अलावा काजू बाजार में सुरेंद्र सिंह, लल्ला भाई, रामकृपाल सोनकर, नरेंद्र गौतम, विभव सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहब की जयंती पर छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**फतेहपुर।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती को सम्मान पूर्वक मनाये जाने के अवसर पर 13 दिवसीय कार्यक्रम की कार्य योजना को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार के दिन सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना द्वारा कार्यक्रम को आरंभ करते हुए मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया तत्पश्चात भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य द्वारा प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाते हुए समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं समेत प्रभात फेरी निकाली गई इसके उपरांत महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओ द्वारा सुबह की प्रार्थना करने के पश्चात संविधान की प्रस्तावना संबंधित शपथ प्रो. लक्ष्मीना भारती द्वारा दिलाई गई। राजनीति विज्ञान प्रभारी प्रोफेसर शकुंतला द्वारा छात्राओं को मौलिक अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मुर्शिदाबाद हिंसा

वक्फ संशोधन अधिनियम के कानून बनने की प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद विपक्ष का आरोप रहा है कि इस पर उठाई गई आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया। भले ही सरकार ने विपक्ष को मौका देने के लिए जेपीसी बना दी थी लेकिन उसमें भी संतोषजनक बदलाव नहीं किए गए। अब यह साफ हो गया है कि यदि कानून लागू करने से पहले इस पर व्यापक रूप से विचार किया गया होता और सभी पक्षों की उचित सलाहों भी इसमें शामिल किया गया होता तो वह न होता जो पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुआ है। कानून बनाने में चूंकि विपक्ष को नजरअंदाज किया गया तो उसने समुदाय के रोष को इस्तेमाल करने के लिए इसे राजनीतिक हथियार बना लिया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं करेंगी। इसे केवल एक बयान ही नहीं बल्कि आगे चलकर होने वाली ऐसी घटनाओं की बुनियाद भी माना जाना चाहिए। लेकिन यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता। यदि इस मामले में आम सहमति बनी होती तो कश्मीर से लेकर मणिपुर तक लोग सड़कों पर न उतरते और न उनको इतना व्यापक समर्थन ही मिलता। मुर्शिदाबाद में हिंसा प्रभावित क्षेत्र से सैकड़ों लोगों का पलायन शुरू हो गया है। भाजपा इसे लेकर वहां की सत्तारूढ़ टीएमसी पर आरोप लगाने में जुटी है। वक्फ कानून को लेकर मणिपुर में एक नेता का घर जला दिया गया तो कश्मीर विधान सभा में भारी हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक सामने ही नहीं आ गए बल्कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। बंगाल में जब विधानसभा के चुनाव आ रहे हैं तो सत्तासीन तृणमूल और विपक्षी भाजपा, दोनों ही इस मामले को स्वाभाविक रूप से तूल देती रहेंगी। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों को चुनाव के लिए एक मजबूत मुद्दा मिल गया है। अन्य राज्यों में इस तरह की प्रतिक्रियाएं आ सकती हैं। लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है।

## धूम्रपान रोकें

धुआं उड़ाना यानी सिगरेट पीना एक काफी लोकप्रिय व्यसन है। कुछ लोग देखादेखी या सिनेमा में अभिनेताओं की नकल में भी यह शौक करते हैं और खुद को भी उसी तरह का मानते हैं। एक जमाने में स्व. देवानंद की फिल्मों से तो इस शौक को खूब बढ़ावा मिला था। आज भी इसके दीवाने कम नहीं हैं। अब तो किशोरों को इसका मजा लेते हुए देखा जाता है। अब तो युवतियां और महिलाएं भी आराम से यह शौक करती नजर आती हैं। यह पहले ही माना जाता था कि सिगरेट स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अब पता चला है कि धूम्रपान से दुनिया भर में कैंसर जैसे घातक रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि धूम्रपान खत्म करने से लाखों लोगों की समय से पहले होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। दावा है कि 2050 तक वैश्विक धूम्रपान की दर घटकर पांच प्रतिशत कर हो जाए तो पुरुषों की औसत आयु एक वर्ष और महिलाओं की औसत आयु 0.2 प्रतिशत बढ़ेगी। हालांकि इस बारे में अब लोगों में कुछ जागरूकता बढ़ रही है। हालांकि अक्सर बड़ी उम्र के लोग सोचते हैं कि इसको छोड़ने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है लेकिन शोध बताते हैं कि धूम्रपान किसी भी उम्र में छोड़ा जा सकता है। इसीलिए यह भी माना गया है कि अगर धूम्रपान छोड़ने का मौजूदा रुझान जारी रहे तो मध्य शताब्दी तक पुरुषों में धूम्रपान दर घटकर 21 प्रतिशत और महिलाओं में चार फीसदी रह जाएगी। अगर ऐसा हो जाए तो इसे विश्व आबादी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। अब तो तंबाकू मुक्त पीढ़ी नीति बनाने के बारे में भी अध्ययन हो रहा है जिसका मकसद नई पीढ़ी को तंबाकू के इस्तेमाल से दूर रखना है।



## काँव-काँव



♦♦♦

**दुश्मनों के ड्रोन मार गिरायेगा भारतीय लेजर**
राणा सांगा तो भाला फेंककर ड्रोन गिरा देते!

**सुप्रीम फैसले पर झल्लाये केरल के राज्यपाल**
खिसियानी बिल्ली चौथे खंभे के सामने रोती है!

**सहकारिता क्षेत्र में दिख रहे बड़े बदलाव-गृहमंत्री**
न सहकारी कृषि बची है,न सहकारी उद्योग!

**हर पांचवें व्यक्ति में है विटामिन डी की कमी**
पहले चार व्यक्ति इनकम टैक्स के निशाने पर!

**अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप है-कोर्ट**
रामराज्य चालू है देश में,हर करतब पुण्य है!

**दस लाख करोड़ से देश में बनेंगे नये राजमार्ग**
खेती किसानी खत्म, अब सिर्फ राजमार्ग बचेंगे!

♦♦♦

# आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता



- बलदेव राज भारतीय

है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल 2025 भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है, और न ही इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जनता या विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं। यह देरी न केवल कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में बाधा बन रही है, बल्कि यह सवाल भी उठा रही है कि क्या सरकार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा कर पाएगी।

वेतन आयोग भारत में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए गठित किया जाता है। यह प्रक्रिया स्वतन्त्रता के बाद से नियमित रूप से चली आ रही है, जिसमें हर दस साल में एक नया वेतन आयोग गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग, जिसका गठन फरवरी 2014 में हुआ था, ने अपनी सिफारिशें नवंबर 2015 तक दे दी थी। जिससे सातवां वेतन आयोग जनवरी 2016 से अपने समय पर लागू हो गया था। अब आठवां वेतन आयोग जिसको जनवरी 2026 से लागू किया जाना है, के गठन की घोषणा हुए भी चार महीने बीतने को हुए, परन्तु अभी तक सरकार द्वारा घोषणा के अतिरिक्त अन्य कोई कदम इस दिशा में नहीं उठाया गया। आठवां वेतन आयोग जिससे अपेक्षा की जा रही है कि वो न केवल वेतन संरचना में बदलाव लाएगा, बल्कि महंगाई, जीवन यापन की लागत और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए एक नया ढांचा तैयार करेगा।आठवें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही कर्मचारी संगठनों ने इसे एक स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। बढ़ती महंगाई, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत ने कर्मचारियों के मासिक बजट पर भारी दबाव डाला है। विशेष रूप से मध्यम और निम्न वेतन वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह वेतन वृद्धि किसी वरदान से कम नहीं होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी उनकी




उम्मीदों पर अनिश्चितता की काली घटाओं की तरह मंडरा रही है। आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के कई संभावित कारण हो सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इस आयोग के लिए उपयुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करना होगा, जो न केवल अनुभवी हों, बल्कि विभिन्न हितधारकों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों। दूसरा, आर्थिक स्थिति भी इस देरी का एक कारण हो सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में कई चुनौतियों से गुजरी है, जिसमें वैश्विक मंदी, महामारी के प्रभाव और मुद्रास्फीति शामिल हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में सरकार को भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ता है, और संभवतः सरकार इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन कर रही है। तीसरा, वेतन आयोग की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। आयोग को न केवल वेतन संरचना की समीक्षा करनी होती है, बल्कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने, डेटा विश्लेषण करने और फिर अपनी सिफारिशें तैयार करने में भी महीनों लग सकते हैं। इसके बाद सरकार को इन सिफारिशों की समीक्षा करनी होती है, जिसमें कई बार संशोधन और कटौती भी शामिल होती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि यदि वेतन आयोग का काम समय पर शुरू न हो, तो जनवरी 2026 तक इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी संगठनों ने इस देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार ने घोषणा तो कर दी, लेकिन उसका कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। कई संगठनों ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द आयोग के सदस्यों की घोषणा करे और इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से शुरू करे।

कर्मचारियों का यह भी कहना है कि अगर देरी और बढ़ी, तो उनकी वित्तीय स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि महंगाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। आठवां वेतन आयोग न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सरकारी कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी खर्च करने की क्षमता बाजार को गति देती है। वेतन वृद्धि से न केवल उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि इससे उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाने में भी मदद करता है। यह आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की विशिष्ट जरूरतों को भी ध्यान में रखता है। उदाहरण के लिए, रक्षा कर्मियों, रेलवे कर्मचारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं, और वेतन आयोग इन सभी पहलुओं पर विचार करता है। इसके अलावा, पेंशनभोगियों के लिए भी यह आयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी आय को भी महंगाई के अनुरूप समायोजित करने की आवश्यकता होती है।

यदि आठवें वेतन आयोग के गठन में और देरी होती है, तो इसके कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। सबसे पहले, कर्मचारियों का सरकार के प्रति विश्वास कम हो सकता है। दूसरा, यह देरी कर्मचारियों की वित्तीय योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी इस वेतन वृद्धि के आधार पर अपने भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। तीसरा, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, तो उसकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है, जिससे कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा, देरी से सरकार पर भी दबाव बढ़ेगा। यह सरकार की छवि को प्रभावित करेगा। इससे कर्मचारियों का विश्वास प्रभावित होगा जिससे उनकी कार्य के प्रति अभिरुचि पर प्रभाव पड़ सकता है। आठवें वेतन आयोग को समय पर लागू करने के लिए सरकार को तत्काल कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज करना होगा। इसके लिए सरकार को अनुभवी और निष्पक्ष व्यक्तियों का चयन करना चाहिए, जो इस जटिल प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालित कर सकें। दूसरा, सरकार को कर्मचारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि उनकी मांगों और सुझावों को प्रक्रिया के शुरुआती चरण में ही शामिल किया जा सके। तीसरा, सरकार को इस प्रक्रिया के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें 2025 के अंत तक प्रस्तुत करनी हैं, तो इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। इसके अलावा, सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आयोग को सभी आवश्यक संसाधन और डेटा समय पर उपलब्ध हों, ताकि वह अपनी जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभा सके।

## प्रेमचंद की कहानियां



### कजाकी

अम्मां जी ने कहा-तुमने मुझसे पूछ क्यों न लिया ? क्या मैं कजाकी को थोड़ा-सा आटा न देती ?

मैंने इसका उत्तर न दिया। दिल में कहा- इस वक्त तुम्हें कजाकी पर दया आ गयी है, जो चाहे दे डालो; लेकिन मैं मांगता, तो मारने दौड़तीं। हां, यह सोचकर चित्त प्रसन्न हुआ कि अब कजाकी भूखों न मरेगा। अम्मां जी उसे रोज खाने को देंगी और वह रोज मुझे कंधे पर बिठा कर सैर करायेगा।

दूसरे दिन में दिन भर मुन्नू के साथ खेलता रहा। शाम को सड़क पर जा कर खड़ा हो गया। मगर अंधेरा हो गया और कजाकी का कहीं पता नहीं। दीये जल गये, रास्ते में सन्नाटा छा गया; पर कजाकी न आया!

मैं रोता हुआ घर आया। अम्मां जी ने पूछा- क्यों रोते हो, बेटा? क्या कजाकी नहीं आया?

अम्मां-तूने आटा नहीं निकाला ? देख कितना आटा सारे आंगन में बिखरा पड़ा है?

मैं चुप खड़ा था। वह कितना ही धमकाती थीं, चुमकारती थीं, पर जबान न खुलती थी। आने वाली विपत्ति के भय से प्राण सूख रहे थे। यहां तक कि यह भी कहने की हिम्मत न पड़ती थी कि बिगड़ती क्यों हो, आटा तो द्वार पर रखा हुआ है. और न उठा कर लाते ही बनता था, मानो क्रिया-शक्ति ही लुप्त हो गयी हो, मानो पैरों में हिलने की सामर्थ्य ही नहीं। सहसा कजाकी ने पुकारा- वह जी, आटा द्वार पर रखा हुआ है।

मैं और जोर से रोने लगा। अम्मां जी ने मुझे छाती से लगा लिया। मुझे ऐसा मालूम हुआ कि उनका कंठ गद्गद हो गया है। उन्होंने कहा-बेटा चुप हो जाओ, मैं कल किसी हरकारे को भेजकर कजाकी को बुलवाऊंगी। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्द्।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# मनुष्य के दुश्मन नहीं, हितकारी हैं पशु-पक्षी !

सोशल नेटवर्किंग साइट्स के फायदे भी बहुत हैं। हाल ही में फेसबुक पर राजस्थान के एक स्थानीय यू-ट्यूब रील्स कलाकार(कामेडियन) की एक फेसबुक पोस्ट देखी। पोस्ट ने इस



- सुनील कुमार महला

लेखक को बहुत अधिक प्रभावित किया। दरअसल, यह पोस्ट भीषण गर्मी में रेगिस्तान में पशुओं को पानी पिलाने के संदर्भ में थी। राजस्थान में रेगिस्तानी धोरों (रेत के टीलों) के बीच बने एक कुंड से, राजस्थान का यह स्थानीय कलाकार रेगिस्तान में आवारा/लावारिस गाय के बछड़ों को कुंड से पानी निकाल कर पिला रहा था और दर्शकों से भी आवारा/लावारिश पशुओं/पक्षियों को पानी पिलाने की गुहार कर रहा था। हमारे हिन्दू धर्म में पानी पिलाने को सबसे बड़ा धर्म व परोपकार माना गया है। सच तो यह है कि हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। वास्तव में परोपकार हमारे देश की पुरानी परंपरा होने के साथ-साथ ही हम भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है।कहना ग़लत नहीं होगा कि धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे यहां तो क्या खूब कहा गया है कि - 'परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्।।' अर्थात तात्पर्य यह है कि- परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, परोपकार के लिए ही नदियाँ बहती हैं और परोपकार के लिए गाय दूध देती हैं।अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही बना है। सद्गुरु कबीर जी ने भीबड़े ही सरल व स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'चिड़ी चोंच भर ले गई, नदी न घटियो नीर।दान दिए धन न घटे, कह गए दास कबीर।' गर्मियों में हम जल संरक्षण करें और पशु ही नहीं पक्षियों के लिए भी समुचित पानी की व्यवस्थाएं करें।पाठक जानते हैं कि पहले के जमाने में रेगिस्तानी इलाकों/दूर-दराज के क्षेत्रों में पानी के लिए प्याऊ लगाई जाती थी, पशुओं के लिए खेतों में जगह-जगह पर पानी की खैली की व्यवस्था की जाती थी, ताकि भीषण गर्मी के सीजन में उनकी प्यास बुझाई जा सके। इस लेखक ने देखा कि फेसबुक पोस्ट में दो बछड़े पानी के टांके/कुंड/हौद के पास खड़े थे, लेकिन वे(अमूक प्राणी) पानी नहीं पी सकते थे, कुंड/टांके/हौद के पास सीमेंट से बना एक गोल बरतननुमा पात्र भी वहां रखा हुआ था,



लेकिन वह रेगिस्तानी धोरों के बीच सूख गया था। स्थानीय कलाकार ने कुंड/टांके के पास रखी बाल्टी से पानी निकाल कर इन दोनों बछड़ों को पिलाया। अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है, आने वाले समय में भीषण गर्मी पड़ने की पूरी संभावनाएं हैं, जैसा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव आज हर तरफ है और वर्ष 2024 और 2025 पिछले वर्षों की तुलना में काफी गर्म बताये जा रहें हैं। बहरहाल, ऐसा भी नहीं है कि आज धर्मार्थ पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्थाएं नहीं की जातीं हैं, अनेक लोग, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएं और अनेक भामाशाह ऐसे पुण्य कार्यों के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके विशेषकर गर्मियों के मौसम में हमें पशु-पक्षियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रेगिस्तानी इलाकों में (दूर-दराज के क्षेत्रों में) जहां पानी के कुंड/टांकों की उपलब्धता है, उनको पानी से भरकर रखा जाना चाहिए और पानी की खैली की समुचित व्यवस्थाएं आवारा लावारिश पशुओं के लिए होनी चाहिए। पशु-पक्षी मनुष्य की तरह बोलकर अपनी भावनाओं का इजहार भूख-प्यास के लिए नहीं कर सकते हैं, यह तो हम मनुष्यों का ही दायित्व बनता है कि हम इन बेजुबान आवारा लावारिश पशुओं, पक्षियों की भावनाओं को समझें क्यों कि ये पशु-पक्षी ही हमारी खाद्य श्रृंखला के कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में अंग हैं। हमारी खाद्य श्रृंखला बनी रहेगी तो धरती की पारिस्थितिकी और पर्यावरण भी बना रहेगा और हमें यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि धरती का पर्यावरण और पारिस्थितिकी है तभी तो हमारा भी अस्तित्व है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य की भांति ही पशु, और पक्षी भी सचेतन जीव हैं और इनमें ममता, वात्सल्य, और स्नेहभाव होता है, हम इन्हें स्नेह और प्यार देंगे तो हमें आत्मिक सुख और खुशी का तो अनुभव होगा ही, साथ ही साथ यह मनुष्यता का भी प्रतीक है। याद रखिए कि मनुष्य पशु-पक्षियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है ,जैसा कि पशु-पक्षी पर्यावरण के संतुलन और स्वच्छता में मदद करते हैं।पक्षी भोजन, औषधि, उर्वरक, और मधुर गीत देते हैं।इनसे हमारा पर्यावरण समृद्ध है।पक्षी कीटों को नष्ट करके जैव नियंत्रण में मदद करते हैं। यहां तक कि पक्षियों का सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक महत्व भी है।पक्षी स्वतंत्रता, शांति, और ज्ञान के प्रतीक हैं। पाठक जानते होंगे कि मानव-पशु-पक्षी संबंधों के बारे में हमारे शास्त्रों में भी वर्णन मिलता है। कहना चाहूंगा कि हम घायल या पीड़ित पशु-पक्षियों के लिए हम आश्रय, उपचार, और भरण-पोषण की व्यवस्था कर सकते हैं, उनके लिए गर्मियों में पानी की व्यवस्थाएं कर सकते हैं। अंत में यही कहूंगा कि मनुष्य और पशु एक-दूसरे पर न केवल निर्भर हैं बल्कि पूरक भी हैं।दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। हमें यह याद रखना चाहिए कि यदि जंगल से एक जीव(पशु-पक्षी)लुप्त हो जाता है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण व हमारी पारिस्थितिकी पर पडऩा स्वाभाविक व लाज़िमी ही है।

## प्रेरक प्रसंग

### कर्म का खेल

एक दिन एक अमीर आदमी भगवान शिव के दर्शन करने के लिए मंदिर में गया। इस अमीर आदमी ने बहुत ही महंगे जूते पहन रखे थे और उसने ऐसा भी सुना था की इस मंदिर में अक्सर चोरी होती रहती है। इस वजह से उसका मन नहीं हुआ की वह अपने कीमती जूते वहा बाहर छोड़कर चला जाए। जूते पहनकर वह मंदिर में नहीं जा सकता था और उसे ऐसे ही बाहर छो?कर वह जाना नहीं चाहता था। अब वह करे तो क्या करे? वह बड़ी दुविधा में पड़ गया था। थो?ी देर सोचने के बाद उस अमीर आदमी ने मंदिर के बाहर बैठे एक भिखारी से बात की। अमीर आदमी ने उस भिखारी को अपने जूते संभालने के लिए दे दिए। भिखारी भी उसके जूते संभालने के लिए राजी हो गया। फिर वो अमीर आदमी अंदर मंदिर में पूजा करने के लिए चला गया। पूजा में बैठे-बैठे उस अमीर आदमी के मन में ख्याल आया कि भगवान ने कैसी विषम दुनिया बनाई है। मेरे जैसे कई लोगों को पैरों में कीमती जूते पहनने लायक बनाया है लेकिन उस बिचारे भिखारी जैसे अनगिनत लोगों को रोटी खाने के लिए भी भीख मांगनी प?ती हैं। वो अमीर आदमी मन ही मन भगवान से फरियाद करते हुए बोला कि आपने सब लोगों को एक समान क्यों नहीं बनाया? आपने सभी को एक जैसी सुविधा क्यों नहीं दी? फिर उसने मन ही मन तय किया की यहाँ से वापस जाते समय वो उस भिखारी को 500 रूपये देकर जाएगा। पूजा खत्म होने के बाद जब अमीर आदमी बाहर आया तो ना उसे अपने जूते दिखे नाही उसे वो भिखारी दिखा। उस अमीर आदमी को लगा की भिखारी किसी काम से कही बाहर गया होंगा। इसलिए थो?ी देर तक उसने वही ख? रहकर भिखारी का इंत?ार किया। काफी देर तक इंत?ार करने के बाद भी जब भिखारी वापस नहीं आया तो उस अमीर आदमी को पता चल गया की भिखारी उसे ठग के चला गया है। दुखी होकर अमीर आदमी नंगे पैर ही अपने घर की तरफ चल प?ा। रास्ते में उस अमीर आदमी ने देखा की फुटपाथ पर एक जूते चप्पल बेचने वाला बैठा है। अमीर आदमी एक जोड़ी चप्पल खरीदने के लिए उसके पास पहुंचा। वहां पहुंचते ही उस अमीर आदमी की नजर उसके जूते के जैसे ही जूते पर पड़ी। अमीर आदमी पहचान गया कि ये उसी के जूते है। पूछने पर बेचने वाले ने पहले मना किया लेकिन बार-बार पूछने पर और दबाव देने पर उसने माना कि यह जूते उसे एक भिखारी ?500 में बेच कर गया है। अब वह अमीर आदमी बिना चप्पल खरीदे मुस्कुराते हुए वहां से अपने घर की तरफ नंगे पैर ही चला गया। उसे भगवान से की गई अपनी फरियाद का जवाब मिल चुका था। उसे समझ में आ गया था कि जब तक लोगों के कर्म एक जैसे नहीं होते तब तक सब एक समान नहीं हो सकते। भगवान ने उस भिखारी के तकदीर में 500 रूपये लिखे ही थे लेकिन कैसे कर्म करके उन्हें लेना है यह उस भिखारी के हाथ में था। अगर वह चोरी ना भी करता फिर भी उसे 500 रूपये मिलने वाले थे। शायद उसके ऐसे ही बुरे कर्मों की वजह से आज वो एक भिखारी था।

## आपका पत्र मिला

### माननीयों के लाडले कानून से ऊपर क्यों

खबरों के मुताबिक एमपी में विधायक के बेटे ने देवास के चामुंडा माता मंदिर में जो हंगामा किया वह निंदनीय तथा भर्त्सना योग्य होने के साथ अक्षम्य है। अब करेला नीम चढ़ा की कहावत चरितार्थ हो रही है कि विधायक के बेटे को बचाने में पुलिस जुटी है। पहले भी माननीयों के बेटों, परिजनों व रिश्तेदारों की हंगामा हुड़दंग लीला की खबरें छपती रही है। यह सिलसिला थमने वाला नहीं है क्योंकि माननीयों के पूत अपने आपको न केवल वीवीआईपी समझते हैं, बल्कि स्वयं को कानून से ऊपर मानते हैं। यह विकृत सोच ही माननीयों के लाड़लों की हुड़दंग लीला का मूल कारण है। अगर इसी तरह कोई आम आदमी इस प्रकार का कृत्य करता है तो उसे न केवल डंडे मारे जाते हैं, बल्कि कानून के तहत उसे अदालत में जूते घिसने के साथ, सजा भी भोगनी पड़ती है। अपनों - परायों का यह फर्क लोकतंत्र के लिए किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। चाहे राजा हो या रंक, अफसर हो या कर्मचारी, आम हो या खास, सांसद हो या मंत्री, अन्य, कोई भी न कानून से बड़ा, न कोई ऊपर हो सकता है, सभी बराबर है। लेकिन विडंबना है कि देश/प्रदेश में कानून के राज को ठेंगा दिखाया जा रहा है। राजे-रजवाड़ों के समय भी आम व खास, अपना-पराया में कोई भेद नहीं होता था।

इंदौर के महाराजा रणजीत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप में अपने बेटे को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। लोकतंत्र में उल्टी ही धारा बह रही है। सरकार को ऐसे मामलों में दखल न देते हुए जो आम आदमी के ऊपर कारवाई की जाती है, वह इन पर भी करना चाहिए। ऐसे मामलों में कानून को अपना काम करने देना चाहिए।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# वट सावित्री व्रत : वट वृक्ष की पूजा क्यों करती हैं सुहागिनें?



हिंदू मंदिरों का विशेष धार्मिक महत्व है, जहां लोग सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ दर्शन व पूजन के लिए जाते हैं। हालांकि हर मंदिर की अपनी अलग महिमा और खासियत है। दांपत्य जीवन और प्रेम संबंधों के लिए देश के कुछ मंदिर बहुत प्रसिद्ध माने जाते हैं। ये मंदिर न केवल वैवाहिक समस्याओं को दूर करने में मददगार माने जाते हैं, बल्कि प्रेम, आपसी समझ और रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के लिए भी शुभ माने जाते हैं। देश के ऐसे कुछ मंदिरों में लोगों को अपने जीवनसाथी के साथ एक बार जरूर जाना चाहिए। श्रद्धालु यहां आकर अपने रिश्ते को और अधिक प्रगाढ़ बना सकते हैं। अगर आप भी अपने दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और प्रेम बनाए रखना चाहते हैं तो कपल्स के बीच लोकप्रिय इन मंदिरों के दर्शन कर सकते हैं और अपने रिश्ते को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर सकते हैं।

**तिरुमनांचेरी मंदिर**

तमिलनाडु का तिरुमनांचेरी मंदिर विवाह आशीर्वाद के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित तिरुमनांचेरी मंदिर को विवाह से जुड़ी समस्याओं को दूर करने वाला मंदिर माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति शादी में देरी या वैवाहिक जीवन में समस्याओं का सामना कर रहा हो, अगर वह सच्चे मन से इस मंदिर में पूजा करे तो उसे शीघ्र ही विवाह और वैवाहिक सुख का आशीर्वाद मिलता है।

**बरसाना राधा रानी मंदिर**

मान्यता है कि उत्तर प्रदेश में बरसाना में राधा रानी का जन्म हुआ था। यहाँ राधा रानी का मंदिर है जो प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस मंदिर में लट्ठमार होली मनाई जाती है, जिसमें राधा-कृष्ण की होली और अठखेलियों को कपल भी दोहराते हैं। राधा-कृष्ण के अमर प्रेम को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेमी जोड़े इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं, ताकि उनका रिश्ता भी मजबूत हो सके। यह मंदिर प्रेम, त्याग और आपसी समझ को बढ़ावा देता है, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहती है।

**मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर**

तमिलनाडु के मदुरै में प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और शक्ति का संगम स्थान माना जाता है। मंदिर भगवान शिव और देवी मीनाक्षी के दिव्य मिलन का प्रतीक है। मीनाक्षी मंदिर एक आदर्श दांपत्य जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करता है और यहां आने वाले जोड़ों को सुखी और सफल विवाह का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह मंदिर रिश्तों में विश्वास, प्रेम और आपसी सम्मान को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

**कामाख्या मंदिर**

असम में स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माता का यौनी भाग गिरा था, ऐसे में यह मंदिर स्त्री शक्ति और प्रजनन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि यहां पूजा करने से दंपति को संतान सुख प्राप्त होता है और उनके रिश्ते में भावनात्मक गहराई आती है। यह मंदिर वैवाहिक जीवन में प्रेम और समर्पण को बढ़ाने में सहायक माना जाता है।

**जेजुरी खंडोबा मंदिर**

महाराष्ट्र में स्थित जेजुरी खंडोबा मंदिर को पारिवारिक सुख और प्रजनन क्षमता को बढ़ाने वाला माना जाता है। यहां लोग सुखी और समृद्ध दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद लेने आते हैं। इस मंदिर में नवविवाहित जोड़े और संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपति विशेष रूप से दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में जो पति अपनी पत्नी को गोद में उठाकर मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते हुए प्रवेश करते हैं और साथ में दर्शन करते हैं, उन्हें सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

# वैशाख माह में आएंगे ये प्रमुख व्रत और त्योहार

हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख माह का शुभारंभ इस वर्ष 13 अप्रैल 2025 से शुरू है। यह मास हिंदू नववर्ष का दूसरा महीना है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और पुण्यदायक माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने में पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न सिर्फ सारे कष्ट दूर होते हैं, बल्कि जीवन में सुख, समृद्धि और शांति भी आती है। वैशाख मास में भगवान विष्णु की विशेष रूप से आराधना की जाती है। इसी मास में भगवान बुद्ध और भगवान परशुराम का जन्म भी हुआ था, जिससे इस माह की धार्मिक महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। यह समय तप, सेवा और आत्मशुद्धि का होता है, जहां व्यक्ति अपने भीतर झांककर आध्यात्मिक उन्नति की राह पर बढ़ता है। इस महीने में वरुथिनी एकादशी, अक्षय तृतीया, सीता नवमी और नृसिंह जयंती जैसे अनेक शुभ पर्व आते हैं, जो जीवन को धार्मिक ऊर्जा से भर देते हैं।

**वैशाख माह के व्रत-त्योहार**

| | |
|---|---|
| 16 अप्रैल | संकष्टी गणेश चतुर्थी |
| 18 अप्रैल | गुड फ्राइडे |
| 20 अप्रैल | ईस्टर |
| 21 अप्रैल | कालाष्टमी |
| 24 अप्रैल | वरुथिनी एकादशी |
| 25 अप्रैल | प्रदोष व्रत |
| 26 अप्रैल | मास शिवरात्रि |
| 27 अप्रैल | वैशाख अमावस्या |
| 29 अप्रैल | परशुराम जयंती |
| 30 अप्रैल | रोहिणी व्रत , अक्षय तृतीया |
| 01 मई | वरद चतुर्थी |
| 03 मई | गंगा सप्तमी |
| 05 मई | बगलामुखी जयंती , दुर्गाष्टमी व्रत |
| 06 मई | सीता नवमी |
| 08 मई | मोहिनी एकादशी |
| 09 मई | प्रदोष व्रत , परशुराम द्वादशी |
| 11 मई | नृसिंह जयंती |
| 12 मई | चैत्र पूर्णिमा , बुद्ध पूर्णिमा |




**वैशाख माह का धार्मिक महत्व**

भारतीय परंपरा में समय को केवल तिथियों और महीनों में नहीं बांटा गया, बल्कि हर महीने को एक आध्यात्मिक अवसर माना गया है। इन्हीं महीनों में वैशाख का स्थान सबसे ऊंचा बताया गया है। वैशाख माह में भगवान विष्णु की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। साथ ही यह भी माना जाता है कि भगवान बुद्ध और भगवान परशुराम का जन्म भी वैशाख मास में ही हुआ था। यही कारण है कि यह मास धर्म, करुणा और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। जिस प्रकार सतयुग को युगों का सबसे पवित्र काल माना गया है, वेदों को समस्त ज्ञान का मूल कहा गया है, और गंगा को समस्त नदियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, उसी तरह वैशाख को महीनों में सबसे पुण्यदायक माना गया है। इस मास में किया गया प्रत्येक पुण्यकर्म, चाहे वह एक लोटा जल अर्पण हो, एक मुट्ठी अन्न का दान हो, या एक मन से बोला गया हरि नाम सब हजार गुना फल देने वाला कहा गया है। ऐसा विश्वास है कि वैशाख में सूर्योदय के समय गंगाजल से स्नान करने, तुलसी में दीपक जलाने, और गरीब को भोजन कराने से जन्मों के पाप भी नष्ट हो सकते हैं।



## मैं आदि अंत हूं ईश्वर हूं......!



संभ्रांत भी हूं- आक्रांत भी हूं
मैं युद्ध भी हूं- मैं शांत भी हूं!
मैं क्षमा दया हूं- करुणा हूं
मैं दृश्य भी हूं- दृष्टांत भी हूं!

मैं दुखित हृदय की- व्यथा भी हूं
मैं विश्व शांति की- कथा भी हूं!
टूटे मन का- आधार भी हूं
सदियों से जीवित- प्रथा भी हूं!

जीवन और मृत्यु- सभी मुझ में
मैं रहता हूं- प्रतिक्षण तुझ में!
तू देख समझ- मैं तेरा हूं
नश्वर शरीर- पर मैं तुझ में!

सुख-दुख सब- तुझको देता हूं
फिर मैं ही सब- ले लेता हूं!
मैं संचालन करता सबका
सब लेता हूं- सब देता हूं!

ना लोभ मोह- ना काम क्षुधा
मन शांत प्रेम- और ज्ञान विधा!
उनके उर अंदर रहूं सदा
जिनमें रहती- समस्त वसुधा!

मुझको पाने की एक राह
निर्मल मन प्रेम से भरा भाव!
मुझको पाना है- तो पहले
परिवर्तित कर- अपना स्वभाव!

जो लोभ मोह से भरा हुआ
वह मुझे प्राप्त कब कर पाया!
जो त्याग है- प्रेम समर्पण है
मैंने उसको ही अपनाया!

जो भ्रम में है- जो भटक रहा
मैं उसे कहां मिल सकता हूं!
जो सब में है- सब है जिसमें
मैं उसके संग चल सकता हूं!

यदि दृग हैं तो- पहचान मुझे
कण-कण में हूं- हर पथ पर हूं!
प्रतिक्षण मैं देख रहा तुझको
मैं आदि- अंत हूं- ईश्वर हूं!

मैं आदि- अंत हूं- ईश्वर हूं!



-विवेक प्रताप सिंह

# गोबर से क्यों होती है घर की लीपाई? जानें इसका धार्मिक महत्व



आज भी जब हम गांव जाते हैं तो सुबह की पहली किरण के साथ जो सोंधी खुशबू उठती थी, वह सिर्फ मिट्टी की नहीं, गोबर से लिपे आंगनों की होती थी। यह परंपरा असल में सनातन धर्म की उन गहराइयों से जुड़ी है जहां हर वस्तु का एक दिव्य और व्यावहारिक अर्थ छुपा होता है। गोबर से घर लीपने से वह शुद्ध और ठंडा बना रहता है। तो आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि पहले के समय में घर को गोबर से क्यों लीपा जाता है। क्या ये सिर्फ एक चली आ रही कोई परंपरा थी, या इसके पीछे कुछ कारण भी थे? आइए जानते हैं।

**क्यों गोबर से लीपा जाता था घर?**

सनातन परंपरा में गोबर को पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। किसी भी धार्मिक आयोजन से पहले जब घर के आंगन को गोबर से लिपा जाता है, तो वह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि भूमि को ऊर्जा देने की एक क्रिया होती है। शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गोबर में लक्ष्मी का वास होता है । इसलिए कहते हैं, ÷गोमय वसते लक्ष्मी÷। इसका अर्थ यही है कि जहां गोबर है, वहां समृद्धि, सकारात्मकता और पवित्रता खुद आ जाती है।

**पंचगव्य बनाने में भी आता है काम**

गोबर केवल धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल नहीं होता है, बल्कि यह पंचगव्य का भी एक आवश्यक हिस्सा है, जिसमें गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी आदि शामिल है। इन पांच तत्वों का मिश्रण न केवल आध्यात्मिक शुद्धिकरण करता है, बल्कि यह आयुर्वेद में एक औषधीय तत्व के रूप में भी प्रयोग होता है। कुछ पुराणों में यह साफ बताया गया है कि पंचगव्य का सेवन पापों को हरने वाला और रोगों को मिटाने वाला होता है।

**शुभ कार्य के दौरान गोबर का किया जाता है इस्तेमाल**

धार्मिक ग्रंथों में गोबर का जो स्थान है, इसे किसी भी प्रकार से बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया गया है। अथर्ववेद से लेकर गरुड़ पुराण और मनुस्मृति तक में गोबर और गाय से जुड़े पदार्थों की महिमा का वर्णन मिलता है। इसलिए जब भी घर में कई त्यौहार मनाया जाता है या फिर कोई शुभ कार्य, जैसे कि हवन या पूजा किया जाता है तो पूरे घर को गोबर से लीपा जाता है, जिससे घर में लक्ष्मी का वास हो और घर की सुख-समृद्धि में वृद्धि हो।

**घर में मक्खियों, मच्छरों को भी दूर भगाता है गोबर**

बता दें कि गोबर कीट-पतंगों से रक्षा करने में काफी असरदार साबित होता है। गोबर से घर में मक्खियां, मच्छर, और कीट दूर रहते हैं। यही कारण है कि गांवों में गोबर से लिपे घरों में रोगों का प्रकोप कम देखा गया है। इसके अलावा, यह पूरी तरह जैविक है, पर्यावरण के अनुकूल है, और धरती को हानि नहीं पहुंचाता।

# नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

यह भौतिक संसार पंच तत्वों से बना है। इन पंच तत्वों से ही घर का निर्माण होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सभी चीजों के लिए एक निश्चित दिशा होती है, लेकिन जाने-अनजाने में हम अक्सर ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है और सकारात्मक ऊर्जा में कमी आती है, जिसका असर घर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ता है। अगर हम निम्नलिखित उपायों का पालन करें तो नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकते हैं

1-- घर के फर्श को प्रतिदिन समुद्री नमक से साफ करें। लेकिन गुरुवार को ऐसा न करें। घर के फर्श पर समुद्री नमक का पोंछा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा आती है।

2-- पूजा कक्ष को जहां तक ??संभव हो उत्तर-पूर्व दिशा में बनाएं। इस दिशा को हमेशा साफ रखें।यदि ऐसा करना संभव न हो तो प्रमुख मूर्तियां पूजनकक्ष में उत्तर पूर्व दिशा में रखकर पूजा करें ।

3-- घर में कभी भी बंद घड़ी न रखें, इससे तरक्की रुकती है और नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है।

4-- घर में तुलसी का पौधा लगाएं और प्रतिदिन घी का दीपक जलाएं, इससे सकारात्मक ऊर्जा आएगी और परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा।

5-- घर की पूर्व या उत्तर दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाएं, इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी। साथ ही घर के लोगों की परेशानियां भी दूर होंगी।

6-- घर के मुख्य द्वार पर शमी का पौधा लगाएं और हर शनिवार को तेल का दीपक जलाएं। इससे शनि के कारण होने वाली नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और शनि के कारण होने वाली परेशानियां भी दूर होंगी।

7-- शाम के समय घर में लोबान जलाएं और उसका धुआं फैलाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी।

राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री

# पितृ दोष करना है दूर तो अक्षय तृतीया पर दान करें ये चीजें

**1. जल का कलश-** अक्षय तृतीया के दिन आप जल का कलश दान कर सकते हैं। तांबे, पीतल या मिट्टी के कलश में ठंडा जल भरें। उसमें तुलसी, गुड़ या चंदन की कुछ बूंदें डालें और किसी जरूरतमंद को सौंप दें। यह केवल पानी नहीं है। कहते हैं कि यह तपती आत्माओं के लिए राहत, श्रद्धा और शांति का संदेश भी देती है।

**2. चप्पल और छाता का दान करना-**अक्षय तृतीया पर आप चप्पल और छाता भी दान कर सकते हैं। जब कोई तपती जमीन पर नंगे पांव चलता है या धूप में जाता है, उसके पैर जलते हैं, तो उसके लिए एक जोड़ी चप्पल या एक छाता बहुत मायने रखता है। इसलिए चप्पल और छाता वह चीज है, जो लोगों के लिए काफी जरूरी है और इसे दान करने से ही शुभ फल मिलता है।



**3. सात अनाजों का कर सकते हैं दान-**आप अक्षय तृतीया के दिन सात अनाजों का भी दान कर सकते हैं। आप सत्तू, चना, गेहूं, चावल, जौ, मक्का और मूंग आदि का दान कर सकते हैं। किसी भी जरूरतमंद को अनाज का दान करना सबसे बड़े दानों में से एक माना जाता है। सात अनाजों का दान करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि भी बढ़ती है।

# सुबह या शाम, कब करनी चाहिए हनुमान जी की पूजा?



हिंदू धर्म में सप्ताह के सभी सात दिन किसी न किसी देवता को समर्पित हैं। ज्योतिष हो या धर्म, हनुमानजी की पूजा का विशेष महत्व है। मंगलवार को बजरंग बली के भक्त पूरे मन और श्रद्धा से उनकी पूजा करते हैं। कहा जाता है कि जिस संकट को कोई टाल नहीं सकता उसे संकटमोचन हनुमान जी टाल देते हैं। धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति मंगलवार के दिन विधि-विधान से भगवान हनुमान जी की पूजा करता है और उन्हें चोला चढ़ाता है, उसे बजरंगबली की कृपा प्राप्त होती है। लेकिन हनुमान जी की पूजा कब करनी चाहिए सुबह या शाम? आइए जानते हैं इसके बारे में।



इस संसार में हनुमान जी को भगवान श्री राम का परम सेवक और अनन्य भक्त माना जाता है। हनुमान जी भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित थे। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री राम से पहले हनुमान जी की पूजा की जानी चाहिए। हनुमान जी के बिना प्रभु श्री राम की प्राप्ति असंभव है। कहते हैं कलियुग में जब भी श्री राम का नाम लिया जाता है या मुल्ला रामायण का पाठ किया जाता है तो हनुमान जी स्वयं उपस्थित होकर सुनते हैं। हनुमान जी को कलियुग का सबसे पूर्ण देवता माना जाता है।

**हनुमान जी की पूजा का सही समय**

हनुमान जी स्वयं सुबह से लेकर पूरा दिन भगवान श्री राम की सेवा में बिताते हैं, इसलिए पारंपरिक रूप से हनुमान जी की पूजा शाम को होती है।

इसका मतलब यह है कि हनुमान जी की पूजा हमेशा शाम के समय करनी चाहिए क्योंकि हनुमान जी स्वयं सुबह भगवान श्री राम की पूजा में व्यस्त रहते हैं।

ऐसा माना जाता है कि मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने से साधक की परेशानियां दूर हो जाती हैं और उसका जीवन बेहतर हो जाता है। उसी समय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस दिन ? श्री हनुमंते नमः मंत्र का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें हनुमान जी की पूजा**

हनुमान जी की पूजा करते समय धूप, दीप, लाल फूल, फल, सिंदूर आदि चढ़ाएं।

इसके बाद हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करें।

हनुमान जी की सेवा में सुन्दर काण्ड का पाठ करना बहुत महत्वपूर्ण है।

आरती के साथ पूजा समाप्त करें और हनुमान जी से प्रार्थना करें कि वे आपको सुख, समृद्धि, बल, बुद्धि, ज्ञान और शक्ति प्रदान करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 15 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वितीया तिथौ मंगल वासरे 10/56/ विशाख नक्षत्रे 27/11/ सिद्धि योग 23/33/ गर करणे 10/56/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं. 20मि.27 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं.24 मि.07 से।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**वृष :** रचनात्मक कार्य में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला :** भगदौड रहेगी। निजी संबंध प्रधान होंगे। व्यासायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

### मंडल द्वारा श्रीराम जन्म लीला का किया गया मंचन

महरौनी। तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी में बुंदेलखंड का प्रसिद्ध एवं प्राचीन साप्ताहिक अंजनी मेला महोत्सव में सायंकालीन बेला पर मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री बजरंग रामलीला मंडल के द्वारा श्रीराम जन्म लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि, मेला कमेटी के सदस्य व कलाकारों ने सर्वप्रथम भगवान स्वरूप विष्णु, श्री रामचरितमानस, माता अंजनी की आरती कर लीला को आगे बढ़ाया तत्पश्चात व्यास पीठ से श्रीरामचरितमानस के माध्यम से छंद, चोपाई, दोहा, आदि सोरठा गायन के साथ लीला का शुभारंभ किया गयां।

## जनपद में धूमधाम से मनाई गई बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

उरई(जालौन)। सिंबल आफ नॉलेज भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 135 वां जन्मदिवस आज पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय उरई के साथ ही कोच, कालपी, जालौन, रामपुरा,कुठौंद एवं अन्य स्थानों पर शोभा यात्रा निकाली गई गांव-गांव गोष्ठियों का आयोजन किया गया सुबह से ही अंबेडकर चौराहे पर शुरू हुआ माल्यार्पण का सिलसिला शाम तक चलता रहा शाम के समय अंबेडकर चौराहे से दल गंजन चौराहा बजरिया रोड होकर माहिल तालाब घंटाघर से शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए करमेर रोड राजकीय इंटर कॉलेज में भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही बाहर से आए विद्वानों ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला।


उरई : अम्बेडकर चौराहे पर माल्यार्पण के लिए लाइन में लगे लोग,तथा बसपा,कांग्रेस एवं सपा नेता ।

आज बाबा साहब के जन्म दिवस को देखते हुए जिला मुख्यालय उरई के अंबेडकर चौराहे पर इस बार माल्यार्पण करने वाले अनुयायियों की संख्या हजारों में रही सुबह से ही बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों का तांता लग गया था जो शाम तक चलता रहा डॉ अंबेडकर भीमराव जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा अंबेडकर चौराहे पर भंडारे का आयोजन किया गया तो एससी एसटी बेलफेयर टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा भी अलग से लंगर लगाया गया था इस बार समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी अपना पंडाल लगाकर मिष्ठान वितरण किया।

### उरई के अंबेडकर चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए लाइन में लगा पड़ा लोगों को

बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चैनसुख भारती, वरिष्ठ नेता रामशरण जाटव के साथ ही जिला अध्यक्ष डॉ बृजेश जाटव पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शिरोमणि पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार गौतम पूर्व जिला प्रभारी राजेश जाटव मंडल कोऑर्डिनेटर कैलाश पाल वरिष्ठ नेता देवेंद्र कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष संजय गौतम, अतर सिंह पाल, धीरेंद्र सिंह चौधरी, शैलेंद्र शिरोमणि, वडदवीर दोहरे, संजय भदोरिया आदि तमाम बसपा नेताओं ने माल्यार्पण किया पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी उषा सिंह ने वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण जाटव के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सुंदर, राजीव नारायण मिश्रा, जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर, वरिष्ठ नेता अयूब अंसारी, अशोक द्विवेदी, संतोष ठाकुर, मेराज सिद्दीकी, शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तो सांसद नारायण दास अहिरवार समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव दादी, जिला अध्यक्ष दीप राज गुर्जर, वरिष्ठ नेता महेश चंद्र शिरोमणि ,पूर्व मंत्री श्री रामपाल, संतोष कोरी, लाखन सिंह कुशवाहा, समाजवादी महिला जिला अध्यक्ष कुसुम लता सक्सेना, रश्मि पाल, प्रमोद सविता ,रामरतन प्रजापति, जयदेव सिंह यादव, के के प्रजापति, जिला महासचिव जमालुद्दीन पप्पू, वीरेंद्र सिंह यादव, लक्ष्य सभासद, आर एल विश्वकर्मा भाकपा माले के कामरेड राम सिंह चौधरी जिला संयोजक कामरेड राजीव कुशवाहा तथा मूल शरण कुशवाहा समाजसेवी कुलदीप बौद्ध के अलावा तमाम सामाजिक संगठनों की प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा के नारे लगाये।

### जनपद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर 36 नई एम्बुलेंस

उरई(जालौन)। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से 102/108 निःशुल्क सेवा की शासन से उपलब्ध 36 नई एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। एम्बुलेंस सेवाओं के इस विस्तार से जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाया जा सकेगा। बिमल कुमार दुबे ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह कदम जनपद को एक नई दिशा देगा और आमजन को समय पर सहायता प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

## संविधान का निर्माण कर मौलिक अधिकार देकर मनुवादी व्यवस्था से मुक्त कराया बाबा साहब ने-कैलाश पाल


उरई : गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य मंडल कोआडीनेटर झांसी कैलाश पाल ।

### बसपा ने मनाई डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती

उरई (जालौन)। बहुजन समाज पार्टी ने डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जंयती शहर के जेलरोड स्थित राजपाल रिसोर्ट उरई में धूमधाम के साथ मनाई जिसमें विचार गोष्ठी आयोजित की गयी।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल कोआडीनेटर झांसी कैलाश पाल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री चैनसुख भारती व पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव ने की तथा संचालन उदयवीर दोहरे ने किया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैलाश पाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने पिछड़ा, दलित, शोषित और बंचितों के लिए संघर्ष करके अपने जीवन की कुर्वनी दी है।उनकी इस कुर्वानी को भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलकर शिक्षित होने की अपील की।इस दौरान अन्य वक्तताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहब डा. अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लें और उनके आदर्शों का पालन करें।गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव ने कहा कि बाबा साहब ने मनुवादी ब्यवस्था का विरोध किया और संविधान का निर्माण कर आम जन मानस को मौलिक अधिकार देकर मनुवादी ब्यवस्था से मुक्त कराने का काम किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सुरेशचंद्र गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, जगजीवन अहिरवार, पूर्व जिला प्रभारी राजेश जाटव,रफीउद्दीन पन्नू, मानवेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष किशुनलाल पाल, रामऔतार यादव, मिथलेश बरसार, हसन मामू, , डा. देवेंद्र अहिरवार, रामसनेही बाबू जी, अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता गोष्ठी में मौजूद रहे। इससे पहले अम्बेडकर चौराहा स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव ने अपनी टीम के साथ माल्यार्पण किया।

## सीएचसी में दो नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर एस डी एम ने किया रवाना

कोंच(जालौन)। दिन सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आपातकालीन सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए दो नई एम्बुलेंस (108 और 102) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके अलावा नदीगांव सीएचसी की एक एम्बुलेंस भी इसी दौरान शामिल की गई।

उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ये एम्बुलेंस किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रूप से घटनास्थल पर पहुँचकर मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएंगी उन्होंने यह भी कहा कि इन वाहनों की तैनाती से क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एम्बुलेंस सेवाएँ 24 घंटे सक्रिय रहेंगी और किसी भी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुँच जाएंगी इस अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य बिभाग के चिकित्सक सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने फासीवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाई बाबा साहब की जयंती


उरई : पल्लेदार विश्रामगृह में जयंती मनाते भाकपा माले के कार्यकर्ता ।

उरई(जालौन)। आज भाकपा माले ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियंस एक्टू संबंध पल्लेदार मजदूर यूनियन के संयुक्त बैनर तले पल्लेदार विश्रामगृह पर आज दिनांक 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 में जन्म दिवस पर सबसे पहले पल्लेदारों ने एवं नेताओं ने माल्या अर्पण किया इसके बादसेमिनार को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अभी तक माफी न मांगने को लेकर आज से 20 अप्रैल तक पूरे जनपद जालौन में पर प्रदेशीय आवाह्न के तहत ब्रांच स्तर से लेकर गांव गांव में पदयात्राएं गोष्ठी सेमिनार किए जाएंगे आगे ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियंस एक्टूकेराष्ट्रीय पार्षद कॉमरेड राम सिंह चौधरी ने कहा कि आज 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस को फासीवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें भारत में जातिवाद को विध्वंस करने के लिए जन्म से मरण तक चल रहे ब्राह्मणवाद के खात्मे के लिए क्रमबद्ध आंदोलन ही शिक्षित बनो संघर्ष करो संगठित हो के तहत जमीन मजदूरी बेरोजगारी के साथ-साथ जल और जंगल के कॉरपोरेटीकरण पर कॉर्पोरेट परस्त सांप्रदायिक फासीवाद के खिलाफ भारत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु उधम सिंह राजेंद्र प्रसाद लाहिड़ी अशफाक उल्ला वीर अब्दुल हमीद चंद्रशेखर आजाद सुभाष चंद्र बोस शहीद चंद्रशेखर उर्फ चंदू जैसे जांबाज लाखों शहीदों के सपनों का भारत निर्माण के लिए क्रमबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा इसमें पल्लेदार मजदूर यूनियन युवा कमेटी ने भी संकल्प लिया आज बाबा साहब की जन्मदिवस को फासीवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाने वालों में प्रमुख रूप से एक्टू जिला सचिव कामरेड हरिशंकर कामरेड सुरेश मिस्त्री राहुल मोनू राजा अंकित रोहन अमित पल्लू संजू रामू रवि कल्लू प्रताप जीतू पल्लेदार मजदूर यूनियन कोषाध्यक्ष कामरेड रामबाबू अहिरवार देवी दयाल वर्मा रामप्रसाद रम्मन उर्फदेवी दयाल शिवप्रसाद सुरेश लला रामदीन गौरी शंकर निषाद बाबू खां अभिषेक रमेश गौरव मोहम्मद सुलेमान रमजानी कुमार विजय बिहारी बृज बिहारी सीताराम जगन्नाथ जंग बहादुर राम प्रकाश राम लखन लाल अभिषेक सहित सैकड़ो मजदूर एवं नेता उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिलाधिकारी ने अर्पित श्रद्धांजलि अर्पित



उरई(जालौन)। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पाठकपुरा में एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिधि विजय चौधरी, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील सहित कई संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के सामाजिक न्याय, समता और संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।समारोह में स्थानीय लोगों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने पुष्प अर्पित कर डॉ. अंबेडकर को नमन किया।

### विधायक संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

कोंच(जालौन)। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल दिन सोमवार को भाजपा नगर इकाई ने मुहल्ला गोखले नगर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनायी ।

## युगों-युगों तक याद रखा जाएगा बाबा साहब के सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष को

रामपुरा(जालौन)। विकास खण्ड रामपुरा के अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर में



भारत रत्न बाबा साहब सामाजिक न्याय भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।अपने संबोधन में अजीत सिंह सेंगर ने कहा कि, ष्बाबा साहब ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जो योगदान दिया है, वह युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य कर रही है। 'पंच तीर्थ' की स्थापना, छात्रवृत्तियाँ, सामाजिक न्याय से संबंधित योजनाएँ वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, संविधान में निहित अधिकारों और बाबा साहब की प्रेरणाओं पर भी चर्चा की गई। अंत में अजीत सिंह सेंगर ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राघवेन्द्र पांडेय (जिला पंचायत सदस्य), बृजेश प्रजापति (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), रवि मिश्रा, भानुप्रताप (प्रधान, उधोतपुरा), हरेन्द्र चंदेल, रोहित मिश्रा, नरेन्द्र सिंह टिप्पे, सागर सोनी, तुलाराम निषाद, मुकेश गौतम, अनुज गौतम, सत्यभान दोहरे सहित बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बड़े ही धूम धाम से मनाई गई भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती

रामपुरा(जालौन)। आज ग्राम पंचायत नरौल के अम्बेडकर मुहल्ले के लोगो द्वारा भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई पूर्व प्रधान परमाल सिंह व कृष्णा प्रसाद दोहरे( पूर्व कंपनी कमाण्डर मध्य प्रदेश) ने कार्यक्रम का शुभारंभ डा. भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके बड़े ही धूम धाम से मनाया गया, इस अवसर पर उनके जीवन काल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। परमाल कनेरिया( पूर्व प्रधान) ने अपने संबोधन में कहा कि डा. भीम राव अम्बेडकर द्वारा यह नारा दिया गया है कि पहले शिक्षित बने उसके बाद संगठित हो तब अपने हक के लिए संघर्ष करें। लेकिन आज ख़ास तौर पर हम जैसे दबे कुचले लोगों के घर के बच्चे शिक्षा के प्रति बहुत कम जागरूक हो रहे हैं। और जो लोग जागरूक हैं उन्ही को लाभ मिल रहा है। अंतः आज समाज के उस निचली पीढ़ी के लोग शिक्षित नहीं होंगे तब तक समाज का विकाश पूर्ण रूप से नहीं हो पाएगा। अगर अम्बेडकर के बताए हुए मार्ग पर दलित/पिछड़े चले तो आने वाले समय में एक ऐसी क्रांति होगी जिससे पूरे भारत ही नहीं पूरे विश्व में परचम लहराएंगे।कृष्णा प्रसाद दोहरे ने बताया कि आज़ादी के इतने साल बाद भी गरीबों और वंचितों के हालात को देखकर यह साफ़ ज़ाहिर है कि हम लोग बाबा साहेब के विचारों को अभी भी अमल में नही ला पा रहे हैं। बाबा साहेब के विचारों को अमल में लाने और प्रसारित करने की ज़रूरत है। अंत में मिस्ठान वितरण कर कार्यक्रम को समाप्त किया।पूर्व प्रधान परमाल कनेरिया, कृष्णा प्रसाद दोहरे,किशना बाबा,रामबहादुर मास्टर, मातादीन मास्टर,प्रदीप कुमार, केदार नाथ, इंद्रजीत सिंह, सोनू,, रामकुमार, रामस्वरूप, मेबालाला चौधरी, दिनेश चौधरी, कुलदीप कनेरिया, नीलेश कुमार,अंकेश, सतेंद्र कनेरिया, , आर्यन देव अक्षदेव आदि अम्बेडकर मोहल्ला वासी मौजूद रहे।

## जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



तालबेहट। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तरगुवां में भारत भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जन्म जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों एवं अध्यापकों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके कृतित्व के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विचार गोष्ठी में दिनेश कुमार दुबे सहायक अध्यापक एल.टी.ग्रेट ने संविधान के संघात्मक गुणों पर प्रकाश डाला। रामकंकन सैनी सहायक अध्यापक एल.टी.ग्रेट ने अव तक हुये महत्तवपूर्ण संशोधनों पर प्रकाश डाला। रमेश कुमार प्रजापति ने संविधान सभा के निर्माण इतिहास पर प्रकाश डाला। सुनील कुमार प्रवक्ता ने संविधान की प्रमुख समितियों पर प्रकाश डाला। संतोष वर्मा प्रवक्ता ने भारतीय संविधान में वर्णित मूलाधिकारों पर प्रकाश डाला। अवधेश प्रताप श्रीवास्तव प्रवक्ता ने संविधान में वर्णित नीति निर्देशक तत्वों और मूल कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रसन्न कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्सिंग, अम्बिका प्रसाद, महेश आउटसोर्सिंग स्वीपर, चौकीदार आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दीपक कुमार चौबे ने छात्रों को समेधित करते हुये कहा कि ''शिक्षा आपके जीवन में परिवर्तन लाती है सफलता के द्वार खोलती है डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन हमे प्रेरणा देता है कि अपने जीवन से अज्ञान रूपी अन्धकार को ज्ञान के प्रकाश से हम दूर करें'' अन्त में प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गयें। कार्यक्रम के अन्त में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।

## धूमधाम से मनाई गयी संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर कीजयंती

कालपी(जालौन)। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कालपी तथा आसपास के इलाकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


उरई : बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण करते पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ।

सोमवार नगर पालिका सभाकक्ष में अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान पढ़कर अपने कर्तव्यों पर चलने का आव्हान किया पालिकाध्यक्ष ने कहा कि कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर गरीबों, पिछड़ों तथा समाज के दबे-कुचले लोगों के हितों के लिए संघर्ष किया है। डॉ. अम्बेडकर के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बाबा साहब के बताते हुते रास्ते में चलने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके उन्होंने याद किया। इस मौके पर अकाउंटेंट हरभूषण सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान आदि कर्मचारियों के अलावा सभासदगण मौजूद रहे। तहसील सभागार कालपी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सुनाकर संकल्प लिया। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार, सलीम खान, अशोक पांडेय, टीपू हाशमी के अलावा लेखपाल व कानून गो के साथ विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार बसपाइयों ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने उन्हें याद किया। इस मौके पर दीवान अतीक सिद्दीकी, परवेज कुरैशी हाशिम अली, राजेश गौतम के अलावा तमाम कार्यकताओं मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती पर तहसील सभागार में गोष्ठी का हुआ आयोजन

तालबेहट। डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी तहसीलदार रबिन्द्र कुमार की उपस्थिति में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।



गोष्ठी का शुभारम्भ में उप जिलाधिकारी व प्रभारी तहसीलदार ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर तहसील के अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों व कर्मचारियों ने अपनी अपनी सहभागिता दर्ज कर अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायायिक योगदान पर चर्चा कर अपने अपने विचार व्यक्त किये। उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान व्यक्तित्व को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है, भारत रत्न डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नगर के एक दलित परिवार में हुआ, अंबेडकर बचपन से ही सामाजिक भेदभाव और छुआछूत जैसी अमानवीय चीजों को झेलते आए लेकिन कभी हार नहीं मानी, कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की, उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी अमेरिका और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स इंग्लैंड जैसे बड़े संस्थानों से डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं। प्रभारी तहसीलदार रविन्द्र कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कि डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है, उन्होंने भारत के संविधान की रचना करते समय यह सुनिश्चित किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, भाषा या वर्ग से हो उसे समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त हो, उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने दलितों, महिलाओं और वंचितों को आत्मसम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अनेक आंदोलन चलाए, आज भी जब समाज में असमानता, भेदभाव और अन्याय की खबरें आती हैं, तब हमें डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं को याद करने की जरूरत है, गोष्ठी में विचार व्यक्त करने वालों में लेखपाल अंजली श्रीवास्तव, योगेन्द्र पाल आदि रहे। गोष्ठी में रजिस्टार राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र गोस्वामी पेसगार राजुल सक्सेना सदर लेखपाल विनय ताम्रकार, राम रक्षपाल सिंह यादव, लेखपाल दिलीप श्रीवास्तव, चन्द्रपाल सिंह राजपूत, नीरज साहू, मनोज अडजरिया, अनूप गुप्ता, रमेश प्रसाद, राजकुमार यादव एनआईसी कर्मचारी दीपक समेले संग्रह कर्मचारी चिम्मन लाल आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन उपेन्द्र सिंह ने किया।

## बिचौली में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत बिचौली में भारत रत्न से सम्मानित महान समाज सुधारक व भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 137वी जयंती के पावन अवसर पर डॉ महेश कुमार ग्राम प्रधान बिचौली, हदरूख चौकी प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण वर्मा, भारती जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह उर्फ राजा



भैया,ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी,रोजगार सेवक प्रतिनिधि प्रवीण सिंह सोलंकी,पंचायत सहायक बृजेंद्र सिंह व गांव से आए हुए सैकड़ो की संख्या में नागरिकों द्वारा इस जयंती के पावन अवसर पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महापुरुष को शत-शत नमन करते हुए अभिनंदन बंधन किया सभी ने बड़े हर्षो उल्लास के साथ बाबा साहब की जयंती मनाई जिसमे बुजुर्गो ने भी पुष्पमाला पहनाकर चरणों में पुष्प समर्पित करते हुए शत शत नमन किया इस अवसर पर हरिश्चंद्र,मोहन पांडे,हमीर सिंह,संजीव कुमार, सुरेश वाल्मीकि इत्यादि मौके पर मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### चकबंदी के दौरान मौके पर मौजूद रहें काश्तकार-अमिताभ



बांदा : चकबंदी संबंधी निर्देश देते एडीएम ।

**बांदा।** चकबंदी को लेकर वहिंगा गांव में खुली बैठक आयोजित हुई। जहां एडीएम ने काश्तकारों से कहा कि चकबंदी कार्य के दौरान किसान अपने खेतों पर मौजूद रहे। ताकि सही से सीमांकन हो सके।

जनपद के ग्राम वहिंगा, तहसील सदर में चकबंदी के संबंध में बैठक का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें किसानों से संवाद किया गया तथा उनकी समस्याएं सुनी गई। उपस्थित काश्तकारों को बताया गया कि 15 अप्रैल से ग्राम में सीमांकन एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही की प्रारंभ जाएगी। ग्रामवासी एवं काश्तकारों से कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करने की अपील करने के साथ अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव ने कहा है कि सभी काश्तकार अपने खेतों पर रहे, जिससे सीमांकन की कार्रवाई विवाद रहित तरीके से की जा सके। ग्राम में सीमांकन के कार्रवाई पूर्ण होने के पश्चात उपसंचालक चकबंदी/अपर जिलाधिकारी द्वारा निगरानी की सुनवाई ग्राम में की जाएगी। चौपाल के दौरान किसान एवं काश्तकार सहित ग्राम प्रधान दादू राम, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अजय वर्मा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट इरफान उल्लाह खान, तहसीलदार विकास पांडे किसान एवं काश्तकार उपस्थित रहे।

### 16 को महिला जनसुनवाई

**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने की दृष्टि से आगामी 16 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा राजकीय गेस्ट हाउस कर्वी में महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिसमें वह महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। इसके साथ ही वह जनपद के बालिका/महिला केन्द्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण करेंगी।

### सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं अम्बेडकर-अजीत



बांदा : चित्र पर माल्यार्पण करते अधिकारी ।

- कमिश्नर बोले समान अधिकार का हमेशा रहा बाबा साहेब का प्रयास
- अम्बेडकर जयंती पर उनके सिद्धांतों पर चलने का दिलाया संकल्प

**बांदा।** बाबा साहेब समान अधिकार व समान शिक्षा के प्रबल पक्ष धर रहे है। गरीबों तथा वंचितों पर उनका विशेष फोकस रहा है। बाबा साहेब के बताए गए रास्तों पर हमें चलना चाहिए। उपरोक्त उद्गार जयंती के अवसर पर कमिश्नर ने व्यक्त किए। आज हम संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के प्रतीक और समतामूलक समाज के प्रबल पक्षधर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब का सपना था एक ऐसा समाज जहाँ हर व्यक्ति को समान अधिकार, शिक्षा, सम्मान और अवसर प्राप्त हो। इस दिशा में शासन सतत प्रयासरत है और उनके विचारों को मूर्त रूप देने हेतु कई जनकल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। अंबेडकर सामाजिक नवोदय योजना-वंचित वर्गों के युवाओं को उच्च शिक्षा हेतु सहायता।

अस्पृश्यता उन्मूलन कार्यक्रम-सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए। डॉ. अंबेडकर आवास योजना-निर्धन एवं वंचित वर्गों को आवास उपलब्ध कराना। संविधान साक्षरता अभियान-आम जनता को संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी देना। स्टार्टअप और स्वरोजगार योजनाएँ-अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों को प्रोत्साहन। अतः हम सब मिलकर बाबा साहेब के सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं और एक समावेशी, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर अपर आयुक्त द्वितीय भगवान शरण, डिप्टी डायरेक्टर दिव्यांग जन कल्याण राज बहादुर सिंह, डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण स्वप्न कुमारी सहित कमिश्नरी के अन्य स्टाफप्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें युवा- डॉ भूपेश

- धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती





**चित्रकूट ब्यूरो:** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक छोटे परिवार में हुआ था। उस समय शिक्षा का अभाव था, लेकिन उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। जिन लोगों को समाज में अधिकार नहीं मिला था, उन लोगों को उन्होंने संविधान में अधिकार दिलाया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गों पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपजिलाधिकारी राकेश पाठक, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

राजकीय संप्रेषण गृह किशोर कर्वी में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने समस्त संवासियों को डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया और उनके बताए हुए दिशा-निर्देशों एवं मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चौबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए।

इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें साथ ही मार्च 2025 में सेवानिवृत हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प सभी युवाओं को लेना चाहिए।

## डीएम ने दिए क्षति आंकलन करने के निर्देश

**चित्रकूट:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने बताया कि बीती विगत दिनों जनपद में हुई जोरदार आंधी व वर्षा को संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने तहसीलो क्षत्रों में हुई क्षति का आंकलन कराते हुए नियमानुसार राहत की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही जिला कृषि अधिकारी को भी फसल क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कृषि निवेश अनुदान की कार्यवाही ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## फायरिंग करने के मामले में प्रधान गिरफ्तार

- बोलेरो में सवार होकर प्रधान ने फायरिंग कर फैलाई थी दहशत
- अन्य आरोपी की पुलिस कर रही तलाश

**बांदा।** साथियों के साथ बोलेरो में सवार होकर फिल्मी स्टाइल में हवाई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके अन्य साथी की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा बोलेरो में सवार होकर फायरिंग करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल की रात्रि को थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम गुमाई में महेश यादव उर्फझल्लू पुत्र रामसरन व राकेश आरख उर्फदरोगा पुत्र सेवका निवासी गुमाई थाना अतर्रा द्वारा बोलेरो गाड़ी में सवार होकर फायरिंग की गई थी। सूचना पर थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मौके पर जाकर जांच कर तत्काल कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त महेश यादव उर्फझल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा फायरिंग में प्रयोग में लाई गई बोलेरो को बरामद किया गया है। जबकि घटना में शामिल दूसरे अभियुक्त राकेश आरख की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार ने यह भी बताया कि प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर फायरिंग की थी। फायरिंग कर गांव में दहशत भी फैलाई थी। जिसके विरुद्ध थाने में नामजद मुकदमा कायम किया था। प्रधान को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उसके साथियों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी पकड़ा जाएगा।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बदौसा बांदा।** कस्बे में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गाजे बजे के साथ भव्य झांकी निकाली गई। कस्बा जय जय भीम के नारों से गूंज उठा। नगर के युवा और युवतियां बाबा साहब के दिखाए मार्ग चलने का संकल्प भी लिया। थानाध्यक्ष सुभाष वर्मा पुलिस फोर्स के साथ रैली में मुस्तैद रहे।

बदौसा कस्बे में नेशनल हाईवे 35 में तथागत प्रेस के पास शानदार झांकियां निकाली गई। मिली जानकारी के अनुसार संविधान और बाबा साहेबए महात्मा ज्योतिबा फुले की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बाइक रैली भी निकली गई। डी जे में बाबा साहेब के संदेश में थिरकते युवा और युवतियां भीम के रास्ते चलने का संदेश जन जन तक पहुंचने का काम किया।

बरछाए बदौसाए दुबरिया के सैकड़ों की तादाद में लोगों सामिल रहे। हर साल 14 अप्रैल के दिन अंबेडकर जंयती पर भिन्न कार्यक्रम होते है। रात में शांति नगर बरछा और बाबा साहेब के 22 प्रतिज्ञाओं पर बना टीम 22 युवा कमेटी चर्च रोड बदौसा के युवाओं ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर संगीत मय समारोह भी आयोजित किया गया। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। थानाध्यक्ष सुभाष वर्मा पुलिस फोर्स के साथ रैली में मुस्तैद रहे।

## एक लड़की ने रस्सी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बदौसा बांदा।** थाना क्षेत्र के लल्लू का पुरवा अंश दुबरिया में एक 18 वर्षीया बालिका ने रात में नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया।जअ

सूत्रों ने बताया कि शिवानी उम्र 18 वर्ष पुत्री मोतीलाल निवासी ग्राम लल्लू का पुरवा अंश दुबरिया थाना बदौसाए जिला बांदा ने देर रात खेतों में लगे नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटकी मिली। गुड़िया पत्नी मोतीलाल ने थानाध्यक्ष बदौसा को तहरीर दिया कि उसकी बेटे ने नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया था। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की मां की तहरीर पर बदौसा पुलिस ने लाश को कब्जे में ले पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेजा।

# अन्याय का डटकर करना चाहिए मुकाबला



बांदा : रैली को संबोधित करते कमिश्नर तथा डीएम ।

- अंबेडकर जयंती पर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली
- कमिश्नर तथा डीएम ने झण्डी दिखाकर रैली को किया रवाना

बांदा। भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती विकास भवन सभागार में आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार, जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में धूमधाम से मनायी गयी। जयंती के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

आयुक्त ने कहा कि हम लोग महान व्यक्तित्व डा0 अम्बेडकर जी की 135वीं जयन्ती के अवसर पर उपस्थित हुए हैं। डा0 अम्बेडकर संविधान निर्माता थे। उनके द्वारा बनाया गया संविधान सबसे अच्छा रहा जो विविधता में एकता को पिरोये हुए है। उन्होंने कहा कि संविधान बनाने हेतु एक-एक तर्क समझकर निर्णय लिए गए। देश की सुरक्षा में हमें कुछ भी करना पड़े यह सोंच संविधान से मिलती है। हम यह भी सीख लें कि बड़ा कार्य करने के लिए बड़ा होना आवश्यक नही है। अन्याय का सभी को डटकर मुकाबला करना चाहिए, ताकि दुबारा कोई भी अन्याय न कर सके। उन्होंने कहा कि हम लोग देश के लिए एक हैं और हम सभी लोगों को पढ़ने-लिखने की आदत डालनी चाहिए, इससे ज्ञान बढता है और ताकत मिलती है। सभी को अम्बेडकर जी के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने को मिलता है उनके द्वारा बताये गये कार्यो को अपने जीवन में उतारकर अच्छा कार्य करना है। सच्चे भाव से किया गया कार्य कभी असफल नही होता है। कार्यक्रम के उपरांत विकास भवन से आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं की रैली को विकास भवन से कलेक्ट्रेट के लिए रवाना किया गया। रैली का उद्देश्य समाज में सामाजिक समानता, शिक्षा और संविधान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना रहा, जो कि डॉ. अंबेडकर के विचारों और आदर्शों से प्रेरित है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद में हर्षोल्लास के साथ हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के अंतर्गत मनाई गई बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**हमीरपुर।** हमारे भारतीय संविधान के शिल्पकार महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, भारत रत्न बावा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के अन्तर्गत समारोहपूर्वक मनाई गई। इसके मुख्य अतिथि सदस्य राज्यसभा बाबूराम निषाद रहे। कार्यकम में विधायक सदर, डा. मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाठक व सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डा. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सदस्य राज्यसभा बाबूराम निषाद, विधायक सदर डा. मनोज प्रजापति ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वही जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में डा. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षो एवं संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन हमे समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। आज हम सब यहां भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए है। यह दिन न केवल एक महापुरुष के जन्मदिवस का प्रतीक है। बल्कि यह हमें उनके विचारों, संघर्षों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक संदेशों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नीव रखी। बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। उन्होंने शिक्षा को अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में देखा। हमें भी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में सभी से आवाहन किया कि हम मिलकर एक ऐसे समतामूलक, न्यायप्रिय और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोग करे, जैसा डा. अंबेडकर ने सपना देखा था। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह द्वारा भी बाबा साहब के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए उनके द्वारा किये गये महान कार्यो व संविधान निर्माण में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा दी गयी शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए उनके द्वारा देखे गये सपने को साकारित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलायी गयी। इसी अवसर पर विकास भवन, सभी तहसील मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय व अन्य समस्त शासकीय कार्यालयों में भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी। समस्त कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा बाबा साहब के चित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब के योगदान के सम्बन्ध में विचार गोष्ठी, भाषण आदि का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

बांदा। संदिग्ध हालत में युवती ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामे के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

बदौसा थाना क्षेत्र के दुबरिया गांव के मजरा लल्लू पुरवा निवासी शिवानी 18 पुत्री मोती लाल ने रविवार की शाम खेत पर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो घटना की जानकारी परिजनों दी। मौत की खबर मिलते ही घर वालों मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पड़ोसी अवधेश गुप्ता ने बताया कि शिवानी तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। उसका पिता पुनः में मजदूरी करता है। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है

## ट्रेन से गिरकर युवक जखमी

बांदा। अचानक युवक ट्रेन से नीचे आ गिरा, जिससे वह घायल हो गया। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव निवासी पवन 18 पुत्र माता प्रसाद दिल्ली से गोमती एक्सप्रेस में बैठकर कानपुर आ रहा था। वह ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा हुआ था। दो युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। तभी एक युवक ने उसे धक्का दे दिया। वह रूरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूरा कानपुर देहात में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। उसे लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत खतरे से बात बताई गई है।

# रंगदारी के मामले में चार अरेस्ट

- पैसे न देने पर अभियुक्तों ने की थी मारपीट
- फतेहपुर जनपद के रहने वाले है अभियुक्त



बांदा। रंगदारी न देने पर मारपीट करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मरका पुलिस द्वारा जबरन वसूली करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की नियत से हमला करने वाले 04 अभियुक्तों को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को थाना मरका क्षेत्र के ग्राम खेरा के रहने वाले बाबूलाल द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध विगत 29 मार्च की रात्रि को जबरन वसूली करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की नियत से हमला करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना मरका में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम मे थाना मरका पुलिस द्वारा घटना में शामिल 04 अभियुक्तों को मरका पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। जिसके सम्बन्ध में थाना मरका में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश उर्फ फूलबाबू विश्वकर्मा पुत्र जुगराज विश्वकर्मा नि0ग्राम सिघरी किशनपुर जनपद फतेहपुर, जयकरन सोनकर पुत्र रजऊ नि0ग्राम हरदासपुर थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर, सुन्दर निषाद पुत्र रामचरन नि0ग्राम पिपरहा डेरा थाना किसनपुर जनपद फतेहपुर तथा प्रेमचन्द्र पुत्र कैरा निवासी ग्राम सेंधरी थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, उपनिरीक्षक चन्द्रकान्त शुक्ला, मुख्य आरक्षी सचेन्द्र पटेल, आरक्षी पीयूष कटियार, अश्वनी यादव, विनोद कुमार यादव शामिल रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बकेवरए इटावा।** सोशल मीडिया पर फोटो देख परिजनो ने मृतक युवक की पहचान उसके भाई ने की। थाना बैदपुरा के ग्राम सलोखर निवासी सत्यप्रकाश ने बताया कि उनका भाई सर्वेश कुमार पाल पुत्र हंसराम पाल शनिवार को बकेवर थाना क्षेत्र के कस्वा लखना स्थित कालिका देवी मंदिर पर गांव के झण्डे में गया हुआ था शनिवार को जब वह वापस गांव आ रहा था कि उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने उसके बिजौली ओवर ब्रिज के पास टक्कर मार दी थी जिससे 30 बर्षीय सर्वेश कुमार की मौत हो गई थी।

# अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नागरिकों एवं कर्मचारियों ने रैली निकाली




**फर्रुखाबाद ।** डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यात्मक करते जिला अधिकारी साथ में जिला विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी, कलेक्ट्रेट गेट से रैली को रवाना करते जिलाधिकारी।

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद ।** जिले में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती पर राजकीय सम्मान के साथ विभिन्न समारोह आयोजित किए गए । सबसे पहले हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान टैगलाइन के तहत विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र के नेतृत्व में सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं नागरिकों द्वारा एक रैली आयोजित की गई ।

रैली में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान और बाबा साहब अमर रहे के नारे गूंजे ।विकास भवन सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त कियेऔर भारत के संविधान के प्रस्तावना और नागरिकों के मूल कर्तव्यों के बारे में वाचन किया गया ।

मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने अपने विचार रखें वक्ताओं ने बताया कि बाबा साहब युग पुरुष थे युग दृष्टा थे महामानव थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है उन्होंने महिलाओं दलितो शोषितों के लिए काम किया ।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में भी एक विशाल रैली का शुभारंभ किया गया जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर छात्र.छात्राओं स्कूली बच्चों अधिकारियों कर्मचारियों और नागरिकों की रैली को रवाना किया ।

जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी और विभिन्न गण मान्य नागरिकों ने जेएनवी रोड गुरुद्वारे के पास स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पण के साथ दीप प्रज्वलन भी किया ।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनके सिद्धांतों तथा जीवन पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेंद्र सिंह राठौर जिला अध्यक्ष भाजपा फतेहचंद वर्मा जिला महामंत्री कैप्टन डी एस राठौर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी एवं जिला स्तरीय सभी विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे

बैठक में विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि हमारी सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े हुए पांच स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है

विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने बताया कि संविधान निर्माण के 75 वर्ष बीतने के बाद भी अभी समाज को इस दिशा में और चलना है और तमाम विषमताओं को दूर करना है

विकासखंड कमालगंज की ग्राम पंचायत रजीपुर में भी डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## बेरहमी बिशुनगढ़ में बंधक बना पत्नी ने जंजीरों से जकड़ कर पति को पीटा



**छिबरामऊ कन्नौज ।** एक युवक को तालिबानी सजा देने जैसी सर्वनक घटना सामनेआई है। बिशनुगढ़ थाना क्षेत्र के छछौनापुर गांव में दिल्ली से लौटे युवक को उसकी पत्नी सास ब छोटे भाई ने बंधक बना उसकी पिटाई की ।

पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को बंधन मुक्त कराया। पीड़ित की प्रार्थना पत्र पर तीनों पर केस दर्ज किया गया। छछौनापुर गांव निवासी बृजेश कुमार ने बताया वह दिल्ली में नौकरी करता है। उसकी पत्नी पप्पी छोटे भाई संतोष सास राम बेटी ने घर पहुंचते ही गाली गलौज शुरू करदी। उसने मना किया तो तीनों ने लाठी डंडों से उसे मारा पीटा। इसके बाद उसे जंजीर से जंगला में बांध दिया और उसमें ताला जड़ दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बिशुनगढ़ पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जंजीरों से जकड़ युवक को बंधन मुक्त कर उसे अपने साथ थाने ले गए। साथ में उसकी पत्नी सास को भी थाने ले गए जबकि उसका भाई मौके से भाग गया। बृजेश की तहरीर पर पुलिस ने पप्पी राम बेटी और संतोष पर मामला दर्ज करलिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर धूमधाम से मनाई गई



**छिबरामऊ कन्नौज ।** भारत के संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 में जयंती पर खंड विकास कार्यालय से शोभायात्रा बैंड बाजा डीजे की धुन पर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए अंबेडकर पार्क बुद्ध विहार बडेपुर पहुंची शोभायात्रा का आयोजन कमेटी अध्यक्ष संजीव कुमार ट्विंकल महासचिव तीर्थराज बौद्ध उपाध्यक्ष प्रभात गौतम कोषाध्यक्ष कमलकांत उपसचित सत्येंद्र सिंह बौद्ध मनोज कुमार डॉ अशोक तांबे डॉ आलोक प्रजापति बृजेश कुमार कुलदीप पाल शेर सिंह ऋषि जाटव कालीचरण पूर्व सी रामदास पूर्व देसाई आशीष दिवाकर शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल रहे शोभायात्रा में रथ पर बाबा साहब की झांकी सजाई गई थी ट्रैक्टर फोर व्हीलर साइकिल मोटरसाइकिल के काफिले के साथ शोभा यात्रा निकाली गई छिबरामऊ पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर चित्र पर माल्यार्पण कर कहां की कुशल अर्थ शास्त्री सफल राजनेता और समाज सुधारक जिन्होंने आजीवन दलित आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध कई आंदोलन किया स्वतंत्र भारत के पहले कानून व न्याय मंत्री भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को उनके जन्मदिन पर सादर प्रणाम करते हैं उन्होंने हमेशा भेदभाव से हटकर काम किया बौद्ध विहार बडेपुर में उन्होंने यह बात कही इस दौरान तीर्थ राज उमेश पाल रवि यादव सपा कार्यकर्ता मौजूद है

भारतीय संविधान निर्माताएसिंबल आफनालेजएभारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज की तरफसे अहिवरन सिंह कठेरिया जी के गीता नगर स्थित आवास पर केक काट कर मनाई गई राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि बाबा साहेब के तीन वचनों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें शिक्षित बनोए संगठित रहोए संघर्ष करोए बाबा साहेब ने शोषित वंचितोंए तभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं

## अंबेडकर जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन

**इटावा।** सपा कार्यालय पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पदाधिकारियो के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कियाए इसके बाद जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियो के साथ अंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कियाए पार्टी कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गयाए जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता लखन सिंह जाटव ने की।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सुप्रसिद्धए अर्थशास्त्री राजनेता और समाज सुधारक राजनीतिक नेता थेए जिन्हें बाबा साहब के नाम से भी जाना जाता था वह भारतीय संविधान सभा के सदस्य थेए और संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे उनके अथक प्रयासों से भारतीय संविधान का निर्माण हुआ जिसमें सभी नागरिकों को समानता स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित किया गया। विचार गोष्ठी को सांसद जितेंद्र दोहरेए राघवेंद्र गौतम विधायक भरथनाए मनीष यादवए पूर्व प्रत्याशी रहे सर्वेश शाक्यए सपा जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरियाए जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूतए अनवार हुसैनए शिग्रेश यादवए नरेंद्र सिंह कुशवाहाए जिलाकोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादवए विक्की गुप्ता प्रवक्ताए छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवि यादव विधायकए रविंद्र यादवए जयवीर सिंह यादवए किशन यादवए राजपाल यादवए उदयभान सिंह यादवए अमित कठेरियाए नरेंद्र सिंह पालए दीपी सिंहए मालती यादवए सीमा पालए मनोज राणाए प्रदीप सोनीए दीपक पालए राजकुमार यादवए रामबेटी गोयलए चंदू यादवए प्रताप वर्माए रामनाथ सिंह यादवए अनुराग यादवए आरबी सिंहए रेशू चौधरीए डॉक्टर जय सिंह चौहानए अनुरुद्र सिंह यादवए दिनेश कुमार यादवए अभिषेक यादवए प्रशांत यादवए अंकुर यादवए अनुराग यादवए महेश चंद शर्माए पवन यादव बंटीए हुकुम सिंह यादवए रेनू यादवए बीके यादव राजेश यादवए रोहित राजपूतए राजू यादवए अविनाश कुशवाहाए धर्मेंद्र कठेरियाए पूरन सिंह यादवए कन्हैया यादवए जमील अहमदए संजीव कुमार यादवए रमाकांत यादव उपस्थित रहे।

## संस्कार भारती का भू अलंकरण 22 अप्रैल तथा 22 मई से कार्यशाला आरंभ होगी

स्वतंत्र भारत संवाददता

फर्रूखाबाद।संस्कार भारती की साधारण सभा बैठक दुर्गा माता मंदिर नुनहाई मे आयोजित की जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा भरत मुनी जयंती

नव संवत्सर नूतन वर्ष कार्यक्रम की समीक्षा की गई। कार्यशाला के लिए प्रमोद अग्रवाल ने सर्वेश श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव किया। कार्यशाला स्थल मदनमोहन कनोडिया इन्टर कालेज में रखा जाएगा की कार्यशाला 22 मई 2025 से आरंभ किये जाने पर समर्थन किया। हो जो भूअलंकरण 22 अप्रैल2025 के लिए नेहा सक्सेना को संयोजिका बनाया गया है कार्यक्रम स्थल की पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में करने के प्रस्ताव पास हुआ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के लिए कवि विशाल श्रीवास्तव के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

संचालन सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव ने किया। बैठक में अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।बैठक में प्रमोद अग्रवाल अनिल प्रताप सिंह अखिलेश पाण्डेय महेश पाल सिंह उपकारी गौरव मिश्रा अनुभव सारस्वत अरविंद दीक्षित पारुल सैनी नेहा सक्सेना हेमलता श्रीवास्तव सुनीता सक्सेना अर्पण शाक्य रविंद्र भदौरिया रोहित सफ्फड़ निमिष टन्डन टण्डन साधना श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# खंड विकास अधिकारी ने प्रभात फेरी का नेतृत्व किया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** विकासखंड बढपुर के सभागार में खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान तथा ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी की अध्यक्षता में डॉ अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा पूरे ब्लॉक के स्कूलों से रैलियां निकाली गई

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने बाबा साहब के द्वारा दिखाया गया समता मूलक समाज की स्थापना के लक्ष्य को पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया साथी संविधान की प्रस्तावना बाबुल कर्तव्यों का पाठ भी किया गया और महत्वपूर्ण संविधान संशोधन की जानकारी भी दी गई ब्लॉक परिषद में बने शहीद स्तंभ पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर सभी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता गोविंद नारायण यादव प्रदीप यादव अवर अभियंता लघु सिंचाई सहित विकासखंड के स सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत में अंबेडकर प्रतिमा व अमृत सरोवर पर बाबा साहब की मूर्ति व चित्र पर माल्यार्पण के साथ.साथ पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किए गए विद्यालय में शिक्षकों बच्चों की ओर से प्रभाव फेरी भी निकाली गई

बाग लकूला की रैली का खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने स्वयं नेतृत्व किया यहां स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया

# पड़ोसी की दीवाल गिरने से दो राजमिस्त्रियों की मौत डीएम एसपी मौके पर पहुंचे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद ।**निहास खोदने के दौरान अचानक दीवाल गिरने से दो राजमिस्त्रियों की दबने से दर्दनाक मौत हो गई हालांकि पुलिस ने सूचना मिलने के तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों को मलवे से बाहर निकाल कर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया गया यहां इमरजेंसी में ड्यूटी डॉक्टर ने दोनों का परीक्षण कर मृत्यु घोषित कर दिया

थाना कादरीगेट के मोहल्ला अल्लानगर बढ़पुर में राघव दुबे निवासी अड़ियाना के प्लाट में निहैस की खुदाई के बाद राजमिस्त्री रंजीत उम्र 50 वर्ष व इशरत 50 वर्ष निवासी अंडियाना न्यास में कार्य कर रहे थे । उसी दौरान अचानक पड़ोस के पूर्व सैनिक अमरीश तिवारी के प्लाट की निहास की दीवार भरभरा कर कार्य कर रहे लोगों के ऊपर गिर गई। जिसमें कई मजदूर चपेट में आ गए।

2रू20 के बाद घटना की जानकारी मिलते ही कादरी गेट इंस्पेक्टर अमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और उन्होंने तुरंत जेसीबी को बुलवाकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद 50 वर्षीय इशरत पुत्र अशरफ निवासी अड़ियाना व 50 वर्षीय रंजीत पुत्र राजाराम जाटव निवासी बढ़पुर को जेसीबी से रेस्क्यू कर बाहर निकालकर जिला डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। यहां डॉक्टर प्रभात वर्मा ने दोनों राजमिस्त्री रंजीत इशरत को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने दोनों मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी।

घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व एसपी आलोक प्रियदर्शी एसडीएम सदर रजनीकांत ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। अन्य लोगों के दबे होने की आशंका में 5रू00 तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया मलवे को जेसीबी ने हटाया घटना के बाद काम कर रहे मजदूर भयभीत होकर भाग गए हालांकि मालवा पूरी तरह साफ कर दिया गया है उधर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बताया कि दोनों मृतक राजमिस्त्री के आई.श्रम कार्ड हैं लेजा उन्हें?5 लाख की धनराशि श्रम विभाग की ओर से दी जाएगी

नियत प्राधिकारी विनिमय क्षेत्र नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल से संबंध में बात की गई तो बस इस समय छुट्टी पर है आने के बाद इस अवैध कॉलोनी में बना रहे मकान के स्वामी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी क्योंकि मकान बनाने की किसी भी तरीके की नक्शा या परमिशन भवन स्वामी के पास नहीं है

## खबर एक नज़र

### अमृत सरोवर तालाबों पर मनाई गई डॉ अंबेडकर की जयंती



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** खंड विकास अधिकारी नवाबगंज सुनील कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के गांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्कूली बच्चों के साथ रैली निकाली तथा संविधान की मूल प्रस्तावना तथा संविधान के अब तक हुए संशोधन आज के बारे में बताया

विकासखंड की सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इस दौरान नगर पंचायत नवाबगंज अध्यक्ष डायट प्राचार्य राजलमाई ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य मौजूद रहे इसके बाद ग्राम पंचायत कनासी के राजस्व गांव बमरूलिया के अमृत सरोवर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया सिरमौर बांगर भी डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गयाग्राम पंचायत में पंचायत भवन तथा स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए

### भाजपा विधायका सरिता ने अंबेडकर चित्र पर माल्यार्पण किया

**इटावा।** सदर विधायका सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। उन्होंने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भीमराव अंबेडकर का 134वां जन्म दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता का कार्य किया एवं गरीब महिलाए नौजवान किसान भाइयों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि पंच तीर्थ की स्थापना की ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है जो पड़ेगा वह बढ़ेगा एवं उन्होंने ऊचए नीच के भाव से निकाला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल को हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया एवं उनका एक ही मूल मंत्र था की दो रोटी कम खाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलानी है। उन्होंने कहा कि हमें भी सभी के साथ सम्मान व्यवहार रखना चाहिए एवं उनके विचारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं उनके पद चिन्हों पर अवश्य चलना चाहिए यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता सेवा में एक छोटे से पद पर नौकरी करते थेए बाबा साहब बड़े ही तेज दिमाग के थे एवं वह एक समिति के अध्यक्ष भी बनाए गए थे। उन्होंने कहा बाबा साहब बहुत ही ज्ञानी थे एवं वह बहुत ही विद्वान थे। उन्होंने कहा कि उस दिनों में छुआछूत जैसी समस्याएं थीं इस कारण उन्हें शुरुआती शिक्षा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा लेकिन बाबा साहब बचपन से ही बुद्धिमान और पढ़ाई में अच्छे थे इसलिए उन्होंने जात.पात की जंजीरों को तोड़ अपनी शिक्षा पूरी की। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तवए वरिष्ठ पत्रकार स्तंभकार गणेश ज्ञानार्थीए उप जिलाधिकारी देवेन्द्र कुमार पांडेयए उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए सचिन यादवए संजू चौधरी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी सरिता ने नामांकन किया

**इटावा।** नगर पंचायत इकदिल के उप.चुनाव हेतु सरिता कठेरिया पत्नी शीनू कठेरिया को भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित कर चुनावी रण में अपना बिगुल फूंक दिया है। सरिता कठेरिया के निज निवास सरकारी हॉस्पिटल के सामनेए इंधुआँ रोड़ए इकदिल पर एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता व सदर विधायक सरिता भदौरिया के नेतृत्व में 4 दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला नामांकन के लिए इकदिल से इटावा के लिए निकला। सरिता कठेरिया ने तहसीलदार व निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ताए सदर विधायक सरिता भदौरियाए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुबेए पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरियाए निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूतए ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूतए पूर्व विधायक सावित्री कठेरियाए पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरेए मृदुला कठेरियाए पूर्व महामंत्री रामकुमार त्रिपाठीए पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षितए विमल भदौरियाए कमलेश कठेरियाए जिलामहामंत्री प्रशांत राव चौबेए जितेंद्र गौड़ए रजत चौधरीए राहुल राजपूतए विरला शाक्यए आशीष प्रताप सिंह चौहानए संजू चौधरीए विकास भदौरियाए बासु चौधरीए जिला पंचायत सदस्य सचिन यादवए जितेंद्र भदौरियाए जितेंद्र जैनए मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारीए दिनेश राजपूतए उदयवीर दोहरेए शिवेंद्र मिश्राए मनोज राजपूतए सतेंद्र राजपूतए भाजयुमो जिलामंत्री अंकित सैनीए समीर सक्सेनाए प्रीति दुबेए जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# वन रक्षक की तहरीर पर हरे पेड़ काटने वाले ठेकेदार सहित दो पर मुकदमा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में एक व्यक्ति के द्वारा वन विभाग से बिना अनुमति लिए सागौन के हरे पेड़ काटने पर वनरक्षक अरविन्द कुमार की तहरीर पर एक ठेकेदार सहित दो के विरुद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। हलिया वन रेंज में तैनात वनरक्षक अरविंद कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीते 12 अप्रैल 2025 को भटवारी गांव निवासी नंद गोपाल मौर्य तथा लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर गांव निवासी ठेकेदार अवध बहादुर द्वारा वन विभाग से बिना अनुमति लिये सागौन के कुछ हरे पेड़ काट लिये है। पुलिस तहरीर के आधार



पर दोनों लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के सागौन के हरे पेड़ काटने के आरोप में वनरक्षक की तहरीर पर ठेकेदार सहित दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सागौन के मामले में जांच के लिए पहुंचे डीएफओ ने किया जांच

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय वन क्षेत्र के भटवारी गांव में एक ठेकेदार व एक व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के सागौन के हरे पेड कटवाने के मामले में सोमवार की देर शाम डीएफओ कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मीहिर द्वारा भटवारी गांव पहुंचकर काटे गये सागौन के पेडो का जांच पडताल किया है और काटे गये सागौन की गणना कराई है। डीएफओ ने सागौन के पेड के कटान में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दिया है कहा कि अबैध कटान में संलिप्त को चिंहित कर कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में डीएफओ तापस मीहिर ने बताया कि बिना अनुमति के सागौन का कटान के मामले में शिकायत मिलने पर मौके पर पंहुचकर जांच पडताल किया जा रहा है। कटान में संलिप्त लोगो के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

## पति पत्नी पर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी लीलावती ने रविवार शाम को गांव निवासी पति-पत्नी के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में लीलावती ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को शाम चार बजे जमीन के विवाद को लेकर गांव निवासी सभाजीत चौरसिया व उनकी पत्नी उर्मिला देवी मारने पीटने लगे व जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर दंपती के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का दिया संदेश : विजय



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार महान अर्थशास्त्री समाज सुधारक विधिवेदा भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती समारोह व गोष्ठी का आयोजन सोमवार को ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन के विचारों के बारे में उपस्थित कर्मचारियों के बीच उद्योधित किया कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर कठिन परिस्थितियों में अनेक विधाओं में शिक्षा ग्रहण करते हुए डिग्री प्राप्त की उन्होंने इंग्लैंड में जाकर क़ानून कि डिग्री हासिल की। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताये व कुरीतियों के विरुद्ध लड़ते हुए प्रत्येक वर्ग व व्यक्ति को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा बिना किसी भी देश का विकास सम्भव नहीं है। इस दौरान अन्य लोगो द्वारा भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान के तहत उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान एडीओ एसटी मनोहर लाल, एडीओ आईएसवी हरिओम बिंद,जेई विजय कुमार, सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, अलोक भारती,एपीओ ज्ञान सिंह, सुधीर कुमार, ऋषभ तिवारी, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, हथेड़ा काशी प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे। हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायतो में भी ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर कि जयंती मनाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बरी गांव स्थित भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मंडल अध्यक्ष भाजपा दिनेश अग्रहरी ने माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती समारोह मनाया। ग्राम पंचायत सोठिया कला से बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर युवाओं द्वारा डीजे के साथ जुलुस निकाला गया। जुलुस हलिया बाजार से होते हुए हथेड़ा अहुगी कला तक निकालीं गई ग्राम पंचायत हलिया के दिघिया अम्बेडकर नगर में भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। रात्रि में बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में एसआई अच्छे लाल यादव,श्याम लाल, शिवजी यादव लगे रहे।

## युवक और दो बच्चों की मां एक ही रस्सी से फंदा बना पेड़ से झूले

**लालगंज (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की भोर मेंआम के पेड़ से रस्सी के फंद्दे से 22 वर्षीय युवक और दोबच्चों की मां का शव झूलता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस नेदोनों शवों को नीचेउतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला प्रेम प्रपंच से जुड़ा बताया जा रहा है। निवासी 22 वर्षीय युवक और दो बच्चों की मां 30 वर्षीया महिला गांव सेथोड़ी दूर तालाब पर आम के पेड़ मेंबीती रात भोर मेंएक ही रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर झूल गए। दोनों की मौत हो गई। सुबह तालाब की ओर टहलने गए ग्रामीणों नेआम के पेड़ मेंरस्सी के सहारेयुवक, युवती को झूलतेहुए देखा। सूचना युवक के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचकर परिजनों नेदेखा तो वेदोनों एक ही रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आम के पेड़ मे झूले हुए हैं। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने दोनों शवो को नीचे उतरवाकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। ग्रामीणों ने बताया गया कि मृत युवक की मौसी की लड़की मध्य प्रदेश सतना हनुमान नगर सेदो-तीन दिन पहले गांव में आई थी। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना लड़की के ससुराल पक्ष व मायके पक्ष दोनों जगह दे दिया गया है।

## पिलर क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी पर मुकदमा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी देवेश तिवारी ने पिलर क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रविवार शाम को तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में देवेश तिवारी ने आरोप लगाया कि बीते शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे के करीब शैलेन्द्र बहादुर व उनका पुत्र राहुल बहादुर निवासी शिवपुर जिला प्रयागराज व बिरजू बरगाही पता अज्ञात ने मेरे जमीन में गड़े पिलर को जबरदस्ती तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में मेरी बड़ी माता प्रेमा देवी पूछने गई तो तीनों लोग गाली-गलौज देते हुए धक्का-मुक्की करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

## अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट्र कल्याण संभव है : डॉ. मदन मोहन मिश्र



**जफराबाद जौनपुर।** अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट्र का कल्याण सम्भव है। विज्ञान कृति का विश्लेषण करता है अध्यात्म अन्वेषण करता है विज्ञान व्यक्ति को गतिशील बनता है। यह बातें महरुपुर गांव में स्थित हनुमान जी मंदिर प्रांगण में टीडी कालेज के पूर्व प्रबन्धक व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए मानस कोविद डॉ मदनमोहन मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि अध्यात्म संवेदनशील बनाता है। विज्ञान के बल पर हम आकाश में पक्षी की तरह उड़ सकते हैं जल में मछली की तरह तैर सकते हैं। अध्यात्म के अभाव में हम आदमी की तरह नहीं चल सकते हैं। हम चंद्रमा की दूरी नाप रहे हैं किंतु पड़ोसी से दूर होते जा रहे हैं। श्री राम ने दशरथ जी के यहां पुत्र बनकर अपनी शक्ति सीता को जनक के यहां पुत्री बनाकर दोनों को जोड़ दिया। परशुराम को अभिवादन कर केवट से चरण प्रक्षालन करवरकर शबरी का फल खाकर सुग्रीव और विभीषण को मित्र बनकर वशिष्ठ व विश्वामित्र को शास्त्र गुरु अगस्त को मंत्र गुरु बनकर जोड़ दिया। उन्होनें कहा कि स्वर्गीय बाबू अशोक सिंह बड़े ही संवेदनशील समाजसेवी परोपकार भावना रखते थे। प्रकाश चंद पांडे विद्यार्थी ने फुलवारी प्रसंग का रोचक वर्णन किया।कार्यक्रम की शुरूआत में दोनों कथा वाचकों का टीडी कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र सिंह,देवेन्द्र प्रताप सिंह,शिवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंग,धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने माल्यर्पण कर स्वागत किया।उसके बाद सभी लोगो ने अशोक कुमार सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मंत्री गिरीश यादव,भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह,आशुतोष मिश्र,राजबीर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंबिका सिंह, शिवप्रकाश सिंह, कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## क्षेत्र के समसपुर पनियरियां गांव में अंबेडकर प्रतिमा का हुआ अनावरण



**सरायख्वाजा जौनपुर।** थाना क्षेत्र के समसपुर पनियरियां गांव में भारत रत्न अंबेडकर जी की 134वीं जयंति पर 8 फीट के अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया गया। खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरिश चंद्र यादव द्वारा ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सरायख्वाजा के समसपुर पनियरियां गांव में अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया कहा भारत रत्न अंबेडकर जी के योगदान को भूलना असंभव है। कार्यक्रम के अगली गाड़ी में ब्लॉक प्रमुख सुनील यादव मोहम्मद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का योगदान भारत के गरीब असहाय को अधिकार दिलाने का कार्य किया है।भारत रत्न डॉ अंबेडकर ने देश के जनता को शिक्षा का अधिकार दिलाने का कार्य किया है।इस दौरान एडीओ करंजाकला डॉ श्री कृष्ण यादव,मुख्य संरक्षक जियालाल, हलवाई, विजेंदर कुमार,चंचल कुमार,सूरज सीआरपीएफ, राम अवध बाबा जी,सिकंदर आईएएस,राधेश्याम, विनोद कुमार,राहुल विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय में मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**मिर्जापुर।** जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता मेंबाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर स्वाभिमान-स्वमान समारोह एवं गोष्ठी पार्टी के कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सोमवार को आयोजित किया गया। जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी गयी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सभी धर्मो के उत्थान के लिए अपना समस्त जीवन समाज को अर्पण कर दिया। उनकी परिकल्पना एक समुदाय का विकास करने की नहीं बल्कि सभी पिछड़ों को शिक्षित करने की थी। आज हम उनके विचार व उनके आदर्शों के पथ पर चलें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल ने कहा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर बहुमुखी



प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने विषम परिस्थिति में भी संघर्ष कर न केवल उच्च शिक्षा ग्रहण की, बल्कि समाज को भी शिक्षित किया। डॉ0 अम्बेडकर के संविधान की रक्षा के लिये हमे आगे आना पड़ेगा। जयंती व गोष्ठी में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, आशीष यादव, आदर्श यादव, डॉ0 रतन सिंह पटेल, राजेश भारती, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा, मेवालाल प्रजापति, इन्दू कुमारी, राजकुमार यादव, सुभाष पटेल, लाल बहादुर यादव, भोलानाथ यादव, जमुना यादव, मुकुन्द यादव, अरशद अली, विकाश केशरी, आदर्श श्रीवास्तव, गणेश केशरी, जग्गू कोल, दीनानाथ प्रजापति, सुभाष पटेल, रवि सोनकर, अशोक यादव आदि मौजूद रहें।

## दो दिवसीय बैसाखी कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र चाचकपुर स्थित गुरुद्वारा में आयोजित दो दिवसीय वैसाखी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी पर्व किसानों द्वारा गेहूं की फसल तैयार होने की खुशी में मनाई जाती है। आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने पांच प्यारों को चुना था तथा आज सिखों के पंथ की स्थापना दिवस भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा है तथा गुरु तेग बहादुर जी का तपोस्थल भी है। उन्होंने हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन भी किया तथा गुरु तेग बहादुर जी के नवनिर्मित




तपस्थली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर लुधियाना से कीर्तन करने आए सुरेंद्र सिंह और उनके सहयोगी ने गुरुवाणी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, गुरवीर सिंह, सतनाम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक चालक की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास रविवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने सेघायल बाइक चालक की मौत हो गई।प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के सेमरिहा गांव निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फमैनेजर सिंह हाल मुकाम कटरा देवहट थाना ड्रमंडगंज की रविवार की रात लहुरियादह गांव से बाइक से अपने घर जा रहे थे जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन का धक्का लगने से बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज एसआई अखिलेश यादव ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भिजवाया। एंबुलेंस सेवा 108 के पायलट दिलीप यादव ईएमटी मिथिलेश कुमार घायल को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही जितेन्द्र प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक को दो पुत्र है बाइक चालक के मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता का मार्ग दिखाया : कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि, ÷डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। आज का दिन हमें उनके संघर्ष, विचार और योगदान को याद करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देता है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि, ÷बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी। आज हमें उनके सपनों के भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयास करते रहना होगा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। इस आयोजन ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया।

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, उन्नाव
दीवानी वाद संख्या– 532/2022
ता: पेशी 10–05–2025

संतोष कुमार उम्र 55 साल पुत्र राम आसरे उर्फ बिल्ला निवासी ग्राम बक्सर, परगना डौड़ियाखेड़ा पोस्ट बक्सर, तहसील बीघापुर जिला उन्नाव...वादी

बनाम–1. श्रीमती अंजली उम्र 34 साल पत्नी प्रशान्त गुप्ता निवासी ग्राम बक्सर, परगना डौड़ियाखेड़ा पोस्ट बक्सर, तहसील बीघापुर जिला उन्नाव 2. अमित गुप्ता उम्र 45 साल पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम बक्सर, परगना डौड़ियाखेड़ा पोस्ट बक्सर, तहसील बीघापुर जिला उन्नाव ...प्रतिवादिनीगण

दावा हुकुम इम्तनाई दवामी व घोषणात्मक

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10.05.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 10.04.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-85/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय उप जिलाधिकारी/ सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी सिकन्दरा कानपुर देहात।
वाद सं०–टी202103400503245
धारा–116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006

ग्राम– रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात

छन्नूलाल बनाम शिवरतन आदि

गजट–1. शिवरतन पुत्र नन्हा निवासी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 2. परशुराम पुत्र नन्हा निवासी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 3. जयकरन पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 4. सर्वेश नाबालिग उम्र 14 वर्ष पुत्र श्रीराम संरक्षिका मॉ सावित्री देवी निवासिनी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 5. आसकरन नावालिग उम्र 08 वर्ष पुत्र श्रीराम संरक्षिका मॉ सावित्री देवी निवासिनी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 6. सावित्री देवी पत्नी श्रीराम निवासिनी ग्राम रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात 7. गांवसभा रामपुर द्वारा प्रबन्धक भूमि प्रबन्धक समिति गांवसभा रामपुर परगना व तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात

उपरोक्त संदर्भित वाद इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आप सभी पक्षकार है। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.04.2025 को मेरे न्यायालय में स्थान तहसील सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से वाद की पैरवी करना सुनिश्चित करे, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि आप द्वारा वाद की पैरवी न किये जाने पर एकपक्षीय रूप से अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। दिनांक 08.04.2025 आज्ञा से, उप जिलाधिकारी सिकन्दरा कानपुर देहात

सी.आर.-85/K-CN

### अदालती सूचना

श्रीमान प्रथम अपर लघुवाद कानपुर नगर
मु.नं. 2101/12

रामलाल वर्मा बालि. उम्र 65 वर्ष पुत्र स्व. बाबूलाल (मृतक) के वारिसान 1/1. रविवर्मा उम्र लगभग 38 वर्ष आदि एंव नि. 298/1 रेलबाजार हैरिसगंज कैण्ट कानपुर नगर ..वादीगण

बनाम– सुन्दर लाल वर्मा (मृतक) के वारिसान 1/1. मुन्ना वर्मा बालिग उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र स्व. सुंदरलाल 1/2. श्रीमती अंजु वर्मा बालिग उम्र लगभग 51 वर्ष पत्नी राकेश कुमार पुत्र स्व. सुन्दरलाल दोनों नि. 298/1 हैरिसगंज कैन्ट कानपुर नगर 1/3. श्रीमती संजु वर्मा बालिग उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी हरिश्चन्द्र पुत्री सुंदरलाल नि. ग्राम करेता ऐशबाग लखनऊ 1/4. जयनारायन वर्मा बालिग उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व. दुलारे वर्मा 1/5. रिन्कू वर्मा बालिग उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र जयनारायन वर्मा 1/6. रजनी वर्मा बालिग उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्री जयनारायन वर्मा सभी निवासीगण 539/6 भीखमपुर पेपर मिल कालोनी निशातगंज लखनऊ.. प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 01.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-85/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट सं. 2 उन्नाव
वाद सं. 348/2021
संतोष कुमार उर्फ तोता बनाम पिंकी कुशवाहा
धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम (बिदाई)
तारीख पेशी 07.05.2025

संतोष कुमार उर्फ तोता पुत्र स्व. श्री बच्चू लाल निवासी ग्राम वशीरतगंज पोस्ट चमरौली ब्लाक बिछिया तहसील व जिला उन्नाव..वादी

बनाम– श्रीमती पिंकी कुशवाहा पत्नी संतोष कुमार पुत्री जगदीश प्रसाद हाल निवासिनी 63 घड़ीपुरवा, नौबस्ता जनपद कानपुर नगर मो.नं. 9935813402...प्रतिवादिनी

चूकिं ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 07.05.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 11.04.2025 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-85/K-CN

### अदालती सूचना

श्रीमान अपर पारिवारिक न्यायालय माती कानपुर देहात
याचिका सं. 71/2021

मोहम्मद हसनैन (चमन) बालिग पुत्र मो. अली इदरीश उम्र करीब 32 वर्ष नि. मो. अब्दुल कलाम आजाद नगर कस्बा व तहसील व थाना बिल्हौर जिला कानपुर..याची

बनाम– श्रीमती नयाब बेगम बालिग पत्नी स्व. असलम दीवा निवसिनी नगला मस्जिद के पास रेलवे कालोनी टूण्डला फिरोजाबाद...विपक्षिनी

याचिका अन्तर्गत धारा 7 व 10 संरक्षक एंव प्रतिपाल्य अधिनियम 1980

याची ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 16.04. 2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 02.04.2025को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-85/K-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

## टैरिफ वार से पीछे नहीं हटेंगे ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर को लेकर एक बार फिर से अपनी मंशा साफ कर दी है। ट्रंप ने कहा है कि

**कहा किसी भी देश को नहीं देंगे रियायत**

अमेरिका ऐसे किसी भी देश को नहीं छोड़ेगा, जिसने अमेरिका के साथ व्यापारिक घाटे के आधार पर काम किया है। मुख्य तौर पर चीन, जिसने लंबे समय से हमें व्यापारिक रूप से हमारे साथ बुरा व्यवहार किया है। सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम किसी भी देश को टैरिफ में रियायत नहीं देने जा रहे हैं। जो भी वाली श्रेणी में जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उस खबर के संबंध में आया है, जिसमें कहा गया था कि लोग टैरिफ में रियायत की अफवाह फैला रहे हैं वह यह जानते हैं कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। शुक्रवार को भी ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है.. जिन उत्पादों को लेकर यह बात चल रही है। वह फेंटेनाइल से संबंधित है, जो कि 20 प्रतिशत फेंटेनाइट टैरिफ ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक्स को टैरिफ से बाहर कर दिया है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने पूरे सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के वैश्विक सप्लाई चैन की जांच की है। इससे एक बात साफ तौर पर निकल कर सामने आई है कि हमें संयुक्त राज्य अमेरिका में विनिर्माण करने की जरूरत है। हम अन्य देशों विशेष रूप से चीन जैसे दुश्मन देशों के भरोसे नहीं रह सकते.. न ही हम उनके बंधक बनाए जा सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि चीन जैसे देश अमेरिका और अमेरिकी नागरिकों का अपमान करने के लिए अपनी शक्ति के भीतर किसी भी हद तक जा सकते हैं। दशकों से उन्होंने हमारे साथ व्यापारिक दुर्व्यवहार करना जारी रखा है। अब वह दिन गए जब वह हमारे साथ ऐसा करते थे अब हम इसे और आगे जारी रखने की अनुमति नहीं देंगे।

## वक्फ कानून के खिलाफ असम में प्रदर्शन

**कछार।** पश्चिम बंगाल के बाद असम के कछार जिले में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हिंसा भड़क उठी। हालांकि मुस्तैद पुलिस जवानों ने तुरंत हालात पर काबू पाया। कछार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मगर अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक विरोध प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की। जवाब में पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस के अनुसार मुस्लिम समुदाय के लगभग 300-400 लोगों ने कछार जिले के बेरेंगा इलाके में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ रैली निकाली। मगर रैली की अनुमति नहीं ली गई थी।

## ट्रंप खुद आकर देखें यूक्रेन की तबाही : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सार्वजनिक तौर पर आग्रह किया है कि वह यूक्रेन आकर यहां रूसी आक्रमण से हुई तबाही को देखें।

वह यहां आकर समझे कि आखिर रूस ने यूक्रेन के साथ क्या किया है और वह क्या कर रहा है। राष्ट्रपति जेलेंस्की का यह आग्रह व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ हुई उनकी बहस के बाद आया है, जिसमें अमेरिकी ट्रंप टीम और जेलेंस्की के बीच में काफी कहासुनी हुई थी। इसके बाद जेलेंस्की व्हाइट हाउस से बिना कोई डील किए ही निकल गए थे। एक इंटरव्यू में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा, मैं राष्ट्रपति ट्रंप से कहना चाहूंगा कि कृपया इस मुद्दे पर किसी भी तरह के निर्णय, किसी भी तरह की बातचीत से पहले यूक्रेन के लोगों, नागरिकों हमारे योद्धाओं, हमारे अस्पतालों, चर्चों, बच्चों को नष्ट या मरी हुई अवस्था में देखने के लिए यहां आएं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जब यूक्रेन का दौरा करेंगे तब वह समझेंगे कि पुतिन ने क्या किया है।

तब वह समझेंगे कि वह किसके साथ सौदा करने जा रहे हैं। जेलेंस्की का यह निमंत्रण व्हाइट हाउस की उस मीटिंग के बाद आया है जिसमें ट्रंप और जेलेंस्की के बीच में जोरदार बहस हुई थी। उसी मीटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने जेलेंस्की के ऊपर विदेशी नेताओं को यूक्रेन बुलाकर यूक्रेन के पक्ष में प्रोपेगेंडा टूर करवाने का आरोप लगाया था।

## 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता'



**हनोई।** जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**टैरिफ विवाद के बीच वियतनाम पहुंचे जिनपिंग**

ने दक्षिण पूर्व एशिया के दौरे की शुरुआत की। वे सोमवार को वियतनाम पहुंचे। यहां शी ने कहा कि व्यापार युद्ध या टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक, आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले व सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरफ से बढ़ते दबाव को देखते हुए चीन ने समर्थन जुटाने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि विशेषज्ञ बताते हैं कि यह यात्रा पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन टैरिफ युद्ध ने इसे अहम बना दिया है। सिंगापुर के एक विशेषज्ञ ने कहा कि शी की यात्रा से चीन दक्षिण-पूर्व एशिया को दिखा सकता है कि वह एक जिम्मेदार महाशक्ति है, वह डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिका के पूरी दुनिया के सामने पेश होने के तरीके से अलग है।

## हॉस्टल कैंटीन में खाना खाने से कई छात्र बीमार

**भोपाल।** भोपाल स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) के कुछ छात्र छात्रावास के भोजनालय में खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। संस्थान के सूत्रों ने बताया कि शनिवार को खाना खाने के बाद बीमार पड़े दो दर्जन से अधिक छात्रों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। एमएएनआईटी के निदेशक प्रोफेसर के. के. शुक्ला ने कहा, मैंने 'चीफ वार्डन' और चिकित्सक से बात की है। मुझे बताया गया कि कुछ छात्र दस्त से पीड़ित हैं। चिकित्सकों ने उन्हें (संस्थान में) दवा दी और कमजोरी महसूस कर रहे पांच से सात छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे लौट आए हैं।

## अमेरिका ने ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणी में की कटौती, हजारों भारतीयों का सपना धूमिल



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आव्रजन नीतियों के चलते पहले से ही अप्रवासी भारतीयों की चिंता पहले से ही बढ़ी हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब एक मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा। बुलेटिन में कहा गया है कि ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना आवश्यक हो गया है। यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है।

## एक नज़र

### सिंगापुर की सियासत में अब भारतीयों का बजेगा डंका

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने व्यवसाय, उद्योग और लोक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को स्वीकारते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' (पीएपी) निश्चित रूप से आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के लोगों को भी उतारेगी। पीएपी ने 2020 के आम चुनाव में 27 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें एक भी भारतीय मूल का उम्मीदवार नहीं था जिसके बाद संसद में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे थे। भारतीय समुदाय के युवाओं के साथ संवाद के दौरान वोंग ने कहा, आप (भारतीय समुदाय) एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और आपका प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है।

### तेज आवाज के गाने से युवक की मौत!

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक युवक की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। मौत की वजह गाने की तेज आवाज को बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक ट्यूबरक्लोसिस से ग्रसित, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक का नाम नितिन फकीरा रणशिंगे है। बीती रात अचानक से नितिन की तबीयत खराब हुई और उसकी मौत हो गई। दरअसल नासिक के फुले नगर इलाके में अंबेडकर जयंती का पर्व मनाया जा रहा था। इस दौरान तीन मूर्तियों के पास डीजे बज रहा था। गाने की आवाज सुनकर अचानक नितिन असहज महसूस करने लगा और उसकी नाक से खून बहने लगा। डीजे के पास खड़ा नितिन अचानक से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। नितिन को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो डीजे की आवाज सुनकर नितिन की नाक से खून बहने लगा था। मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ और ही निकलकर सामने आया है।

### झारखंड में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव, तनाव

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के एक गांव में रविवार देर शाम एक धार्मिक शोभायात्रा पर कथित तौर पर पथराव किये जाने के बाद से तनाव व्याप्त है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद झुरझुरी गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार बिमल ने बताया कि धार्मिक शोभायात्रा के दौरान उपद्रवियों ने पथराव किया। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल लोगों ने जीटी रोड के एक हिस्से को जाम कर दिया, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। धार्मिक शोभायात्रा का आयोजन करने वाले समूह ने यह भी दावा किया कि पथराव में कई महिलाएं घायल हो गईं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेराजगार बंगाल के शिक्षक दिल्ली गए

**कोलकाता।** बेरोजगार हुए शिक्षकों का एक वर्ग दिल्ली रवाना हुआ। इन टीचरों का कहना है कि हम दिल्ली तक आवाज पहुंचाना चाहते हैं। शिक्षकों की योजना 16 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर धरना देने की है। 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के प्रवक्ता महबूब मंडल ने कहा कि दिल्ली जाने वाले सभी लोग जंतर-मंतर पर तीन घंटे के धरने में भाग लेंगे और कहा कि इसके लिए दिल्ली के अधिकारियों से जरूरी अनुमति ले ली गई है। इस बीच, कोलकाता में एस्प्लेनेड के पास वाई-चैनल पर योग्य शिक्षकों का धरना जारी रहेगा। उच्चतम न्यायालय ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा 2016 में की गई भर्ती में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाए जाने के बाद राज्य प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को तीन अप्रैल को अमान्य करार दिया था।

### यौन उत्पीड़न करने वाला पादरी गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु में पिछले वर्ष दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 37 वर्षीय एक पादरी को केरल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां 'किंग्स जेनरेशन चर्च' के पादरी जॉन जेबराज को केंद्रीय गांधीपुरम महिला पुलिस थाने की विशेष टीम ने केरल के इडुक्की जिले से हिरासत में लिया और उसे कोयंबटूर लाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसे पॉक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) के तहत गिरफ्तार किया गया है। वह केरल में था। पुलिस के अनुसार, पिछले वर्ष अपने आवास पर आयोजित एक समारोह में उसने दो लड़कियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने बताया कि हालांकि यह घटना तब प्रकाश में नहीं आई थी लेकिन पीड़िताओं के परिवार के एक सदस्य को हाल में इसकी जानकारी मिली जिसके बाद उसने पुलिस को इसकी सूचना दी।

## 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार

**नेपीताव।** म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## अफगानिस्तान सीमा पर रूस ने शुरू किया युद्धाभ्यास



**काबुल।** भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान में हलचल मच गई है। अफगानिस्तान की सीमा पर रूस ने अपनी सेना भेज दी है। रूस की सेना

**मैदान में उतारे कई खतरनाक सैन्य उपकरण**

ने तजाकिस्तान के साथ मिलकर अफगानिस्तान की सीमा पर जबरदस्त युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इस युद्धाभ्यास में ड्रोन, टैंक, 24 हेलीकॉप्टर सहित कई खतरनाक सैन्य उपकरण मैदान में उतार दिए गए हैं। लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ है कि अफगानिस्तान के पास रूस को अपनी सेना भेजनी पड़ गई है और क्या भारत अफगानिस्तान में आने वाले तूफान से निपटने के लिए तैयार है? अफगानिस्तान में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए भारत कूदा और उसके बाद भारत और चीन को अफगानिस्तान में रोकने के लिए अमेरिका कूद पड़ा। मगर अब अमेरिका को आने से रोकने के लिए रूस ने भी अपनी सेना अफगानिस्तान की सीमा पर बैठा दी है। दरअसल, ये सारा बवाल दुनिया के सबसे स्ट्रेटजिक एयर बेस में से एक बगराम एयरबेस में कब्जे के लिए हो रहा है। अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस भारत के बेहद नजदीक है। बगराम एयरबेस से भारत, रूस, चीन, ईरान पाकिस्तान, सेंट्रल एशिया और यहां तक कि यूरोप पर भी नजर रखी जा सकती है। रणनीति के हिसाब से ये दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण इलाकों में से एक है।

## पाकिस्तान में छाया बलूच आर्मी का खौफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच विद्रोही संगठन का खौफ ऐसा पसरा है कि ट्रेनों का संचालन ही रात के समय बलूचिस्तान में बंद कर दिया

**अब रात में नहीं गुजरतीं ट्रेनें**

गया है। रविवार की रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस ट्रेन को जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसकी वजह यह थी कि सुरक्षा को लेकर डर था। पिछले दिनों बलूच विद्रोहियों ने करीब 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को ही अगवा कर लिया था। करीब 24 घंटे चले ऑपरेशन के बाद बलूच विद्रोहियों ने इन लोगों को छोड़ा था और उससे पहले करीब 10 पंजाबियों को गोली मार दी थी। अब भी बलूचिस्तान में खौफ की स्थिति है और पाकिस्तान रेलवे यहां रात में ट्रेनें चलाने से बच रहा है। ऐसे ही रविवार रात को जब बोलान एक्सप्रेस जैकबाबाद पहुंची तो उसे रोक लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने सिंध प्रांत में आने वाले जैकबाबाद के स्टेशन मास्टर को आदेश दिया कि ट्रेन को रोक कर रखा जाए। अधिकारियों का कहना था कि ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन को सफर पर ले जाना ठीक नहीं रहेगा।

## कर्नाटक में बच्ची का अपहरण, हत्या

### कुछ ही घंटों में आरोपी ढेर

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में रविवार सुबह पांच साल की एक बच्ची का अपहरण कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपित को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। आरोपित की पहचान बिहार के पटना निवासी 35 वर्षीय रितेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बच्ची का अपहरण कर आरोपित ने अशोक नगर थाना क्षेत्र में उसकी हत्या कर दी। बाद में उसका शव एक खाली पड़े घर में मिला। पुलिस आयुक्त ने कहा कि माना जा रहा है कि वह दो-तीन महीने पहले हुबली आकर तारिहाला अंडरपास के पास एक खाली पड़े घर में रह रहा था। पहचान सत्यापित करने के लिए उसे उसके ठहरने वाले स्थान पर ले जाया गया। इसी दौरान उसने अचानक पुलिस वाहन पर पत्थर फेंका और भागने की कोशिश करने से पहले पुलिस अधिकारियों पर हमला किया। महिला अधिकारी अन्नपूर्णा ने चेतावनी देते हुए हवा में गोली चलाई। जब वह नहीं रुका तो उस पर दो से तीन राउंड फायर किए गए। इससे आरोपित बेहोश हो गया। उसे तुरंत केएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वीडियो जारी कर हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट

**भतीजी ट्यूलिप ने भी खारिज किए भ्रष्टाचार के आरोप**

से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया।

पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है। हमने उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए सभी जिलों में मेमोरियल बनाए थे, लेकिन उन्हें जला दिया जा रहा है। क्या डॉ. यूनुस इसे सही मान रहे हैं? अगर युनुस आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जला देगी। ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्दीकी के प्रवक्ता ने कहा कि सिद्दीकी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और उनके वकीलों ने इस मामले को निपटा दिया है।

## डेनियल नोबोआ बने इक्वाडोर के राष्ट्रपति

**इक्वाडोर।** इक्वाडोर की राष्ट्रीय निर्वाचन परिषद ने रविवार को राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ को देश के राष्ट्रपति पद की दौड़ का विजेता घोषित कर दिया, क्योंकि मतगणना के दौरान उन्होंने वामपंथी लुइसा गोंजालेज पर लगातार और अप्रत्याशित रूप से 12 अंकों की बढ़त बनाए रखी। रूढ़िवादी करोड़पति का अपराध के खिलाफ जंग छेड़ने का रिकॉर्ड बेमिसाल रहा है। कानून व्यवस्था को लेकर उनके बेबाक फैसले की वजह से इक्वाडोर ने उन्हें सर्वोच्च पद के लिए एक बार फिर से चुना है। गोंजालेज ने नारे लगाने वाले समर्थकों से कहा कि वह नतीजों को स्वीकार नहीं करती हैं और पुनर्मतगणना की मांग करेंगी, उन्होंने इसे इक्वाडोर के इतिहास में सबसे खराब और सबसे भयावह चुनावी धोखाधड़ी कहा।

## ऐश्वर्या और मुनीरा का हैरान कर देने वाला रुप!



पॉपुलर प्राइमटाइम शो 'भाग्य लक्ष्मी' की कहानी अब लेने जा रही है एक ज़बर्दस्त मोड़, जिसमें दर्शकों को मिलेगा थ्रिल, सस्पेंस और जबर्दस्त एंटरटेनमेंट का डोज़। आने वाले एपिसोड्स में लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) और शालू (मुनीरा कुदरती) अपना असली चेहरा छुपाकर उतरेंगी एक बेहद ज़रूरी मिशन पर! जी हां, मालिष्का (मेघा प्रसाद) के बच्चे से जुड़ी सच्चाई जानने के लिए ये दोनों बन जाएंगी... मर्द! जहां लक्ष्मी एक पगड़ी और दाढ़ी में पंजाबी युवक के रूप में नज़र आएंगी, वहीं शालू तो पूरे जोश में नकली बाल, दाढ़ी, मूंछें और पेट लगाकर घुस पड़ेंगी बलविंदर (अंकित भाटिया) के घर के पिछवाड़े! खूबसूरत एक्ट्रेसेज़ को रफ्तटफ मर्दों के लुक में बदलना कोई आसान काम नहीं था। मेकअप में घंटों की मेहनत, पसीने में भी टिकने वाली दाढ़ी-मूंछें, भारी-भरकम पगड़ी और पैडिंग लेकर चलना, सबकुछ था बेहद मुश्किल था। लेकिन असली कमाल तब हुआ जब इन सबके बावजूद ऐश्वर्या और मुनीरा ने हर इमोशन को बखूबी निभाया, दाढ़ी-मूंछों के पीछे छिपे चेहरे से भी अपनी भावनाएं दर्शकों तक पहुंचाईं। ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''ये पूरा ट्रैक तो पागलपन था, लेकिन मज़ेदार पागलपन! पहली बार जब हमने एक-दूसरे को इस पूरे गेटअप में देखा तो हंसी ही नहीं रुकी। दाढ़ी चिपकवाना, पगड़ी सेट करना और उसमें 12 घंटे शूट करना, इन सबके लिए बहुत धैर्य चाहिए। लेकिन एक बार किरदार में घुस गए, तो सब आसान लगने लगा। हमने तो मर्दों जैसी चाल और बातचीत तक की प्रैक्टिस की। एक्टिंग में जब आप अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलते हो, तभी असली मज़ा आता है। ये गेटअप हमारे लिए नया और चौलेंजिंग था, लेकिन शायद इसी वजह से हमने इतना एन्जॉय किया। ऐसे शूट्स याद दिलाते हैं कि इस काम से आपको इतना प्यार क्यों है।'' मालूम हो कि 'भाग्य लक्ष्मी' शो रोज़ रात आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

छोटा पर्दा

## "बैसाखी दियां लख-लख वधाइयां!"

बैसाखी, वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक उमंग भरा त्यौहार है, जब नई द्वत्तसल आती है। खास तौर पर सिख समुदाय इसे अपने नए साल की शुरुआत के रूप में मनाता है। इस खास मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी यादों को साझा किया। 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर के रोल में नजर आ रहे आर्य बब्बर ने कहा, ''बैसाखी सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि हर पंजाबी के दिल में बसने वाला एक एहसास है। मेरे लिए यह रंगों, खुशियों और गहरी परंपराओं से भरी बचपन की यादें लेकर आता है।'' 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर ने कहा, ''बैसाखी सिखों के लिए एक नया साल है और हमारे लिए इसका खास धार्मिक महत्व है। मैं खुद एक सिख परिवार से हूं, इसलिए पारंपरिक कपड़ों में सजकर यह त्यौहार मनाने में मुझे बड़ा मजा आता है। बैसाखी दियां लख-लख वधाइयां!''''जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, ''चूंकि यह दिन सिख नववर्ष की शुरुआत है, इसलिए शादी के बाद मेरी पहली बैसाखी इस त्यौहार को और भी खास और यादगार बना रही है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में आयुष का किरदार निभा रहे अमन गांधी ने कहा, ''जब से मैं मुंबई शिफ्ट हुआ हूं, बैसाखी को उस शान से नहीं मना पाता जैसे दिल्ली में मनाते थे। इस बैसाखी को अपनों के साथ पूरे प्यार और उमंग से मनाइए!'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''बैसाखी की बात आते ही बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, खासकर क्योंकि चंडीगढ़ में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।'' 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रही आकांक्षा चमोला ने कहा, ''बैसाखी फसल कटाई के मौसम का प्रतीक है और मैंने इसे शादी के बाद अपने पति गौरव के साथ मनाना शुरू किया।''



## बाजार दर्पण


AWPL

परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें

सुख और समृद्धि दोनो पायें

आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें

जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट

पता- 6/2 कटरा माधोकुँज, प्रयागराज

मो. 9935657889




उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोन:- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089